मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम



#savegajraj#saveelephant

वर्ष : 3 अंक : 189 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

शुक्रवार, 4 मार्च 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित


## यूक्रेन से छात्रों को वापस लाने के मामले में सभी दल सरकार के साथ : विदेश मंत्री

### मंत्रालय की परामर्श समिति की बैठक में 9 दल के सांसद शामिल हुए

नई दिल्ली, एजेंसी। यूक्रेन से भारतीय छात्रों को वापस लाने के मोदी सरकार के प्रयास के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को अपने मंत्रालय की परामर्श समिति की बैठक में विभिन्न दलों के सांसदों के साथ युद्धग्रस्त देश की स्थिति को लेकर चर्चाकर विपक्षी दलों ने वहां से छात्रों के निकासी के प्रयासों को लेकर एकजुटता व्यक्त की। जयशंकर की अध्यक्षता में मंत्रालय की परामर्श समिति की बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सांसद शशि थरूर, राज्यसभा सांसद आनंद शर्मा, शिवसेना की प्रियंका चतुवेर्दी, राजद के प्रेमचंद्र गुप्ता, भाजपा के जी वी एन नरसिंह राव आदि ने हिस्सा लिया। इसमें विदेश मंत्री जयशंकर के अलावा मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने यूक्रेन की स्थिति और वहां से भारतीयों को वापस लाने के सरकार के प्रयासों की जानकारी दी। जयशंकर ने बैठक के बाद ट्वीट कर बताया कि यूक्रेन के घटनाक्रम



पर विदेश मंत्रालय की परामर्श समिति की बैठक अभी समाप्त हुई। इस मुद्दे से जुड़े रणनीतिक और मानवीय आयामों पर अच्छी चर्चा हुई। उन्होंने कहा, यूक्रेन से सभी भारतीयों को वापस लाने के प्रयास के पक्ष में मजबूत एवं सर्वसम्मत संदेश।'

बैठक के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थरूर ने ट्वीट किया, यूक्रेन के मुद्दे पर विदेश मंत्रालय से संबंधित परामर्श समिति की बैठक हुई। समग्र जानकारी और हमारे सवालों एवं चिंताओं का सटीक जवाब देने के लिए विदेशमंत्री जयशंकर और उनके साथियों को धन्यवाद करता हूं। यही भावना है जिस पर विदेश नीति चलनी चाहिए। उन्होंने कहा, छह राजनीतिक दलों के नौ सांसदों ने बैठक में हिस्सा लिया। कांग्रेस से राहुल गांधी, आंनद शर्मा और मैं इसमें शामिल हुए। सौहार्दपूर्ण माहौल में खुलकर चर्चा हुई। थरूर ने कहा, यह इसका स्मरण कराता है, जब राष्ट्रीय हित की बात आती है, तब हम सभी पहले भारतीय हैं। थरुर ने कहा, मैंने मीडिया की ओर से किए गए टिप्पणी के आग्रह को ठुकरा दिया क्योंकि बैठक गोपनीय थी।'

थरूर ने कहा कि उन्होंने विदेश मंत्रालय से आग्रह किया कि मुद्दे पर सामान्य स्थिति के मुकाबले ज्यादा विस्तृत बयान जारी किया जाए। कांग्रेस नेता ने कहा, रचनात्मक भावना के साथ बैठक हुई और सभी दल इस लेकर एकजुट थे कि हमारे नागरिकों को सुरक्षित वापस लाया जाना चाहिए। वहीं, शिवसेना सांसद प्रियंका चतुवेर्दी ने अपने ट्वीट में कहा, 'विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की अध्यक्षता में परामर्श समिति की बैठक में हिस्सा लिया। विदेश सचिव ने यूक्रेन की स्थिति और वहां से भारतीयों को वापस लाने के सरकार के प्रयासों की जानकारी दी।' उन्होंने कहा, ह्यह्यजानकारी देने के लिए उन्हें धन्यवाद तथा हमारे छात्रों को देश वापस लाने के प्रयासों में सभी एकजुट हैं।' इस समिति का मुख्य उद्देश्य सरकार के कार्यक्रमों, नीतियों एवं उनके अनुपालन के बारे में मंत्रियों, सांसदों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के बीच अनौपचारिक चर्चा करने का मंच प्रदान करना है।

## मेक इन इंडिया 21वीं सदी के भारत की जरूरत दुनिया हमें मैन्युफैक्चरिंग पावर के रूप में देख रही: मोदी



नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्योग जगत से आयात पर निर्भरता कम करने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया अभियान 21वीं सदी के भारत की जरूरत है। उन्होंने उद्योग जगत से कहा कि उन वस्तुओं के आयात में कटौती के प्रयास होने चाहिए, जिनका उत्पादन भारत में हो सकता है। मोदी ने उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) की ओर से मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड विषय पर आयोजित वेबिनार को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया भारत को विनिर्माण शक्ति के रूप में देख रही है। उन्होंने कहा कि बजट में आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के लिए की गई घोषणाएं उद्योग जगत व भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। मोदी ने कहा कि मेक इन इंडिया अभियान 21वीं सदी के भारत की जरूरत है और यह हमें हमारी क्षमता दिखाने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि हमें एक मजबूत विनिर्माण आधार बनाने के लिए पूरी शक्ति के साथ काम करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों, विशेष इस्पात और चिकित्सा उपकरणों जैसे क्षेत्रों में ह्यमेक इन इंडियाह्ल समय की जरूरत है और कोयला, खनन व रक्षा क्षेत्रों को खोलने से उद्योगों के लिए अपार अवसरों के मार्ग प्रशस्त हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उद्योगों को अपने उत्पादों के विज्ञापनों में वोकल फॉर लोकल और मेक इन इंडिया के बारे में बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में बड़ी संख्या में युवा प्रतिभाएं और कुशल मानव संसाधन हैं और मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए इनका इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि निर्यात को प्रोत्साहित करने और मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए एसईजेड कानून में सुधार किए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट का महाराष्ट्र पंचायत चुनाव में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण से इनकार

मुंबई,, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र पंचायत चुनाव में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण से मना कर दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार और राज्य चुनाव आयोग से कहा कि वह महाराष्ट्र पिछड़ा वर्ग आयोग की अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर कोई कदम न उठाए. कोर्ट ने कहा कि पिछड़ेपन पर यह रिपोर्ट बिना उचित अध्ययन के तैयार की गई है. दरअसल पिछले दिनों महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग (एसबीसीसी) ने अपनी जो अंतरिम रिपोर्ट सौंपी है, उसमें कहा गया है कि स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत तक आरक्षण दिया जा सकता है. हालांकि इसमें यह शर्त है कि आरक्षण का कुल कोटा 50 प्रतिशत की सीमा से अधिक नहीं होगा. राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर एक आवेदन में कहा था कि अंतरिम रिपोर्ट को देखते हुए भविष्य के चुनाव में ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत करने की अनुमति मिलनी चाहिए. ज्ञात हो कि महाराष्ट्र सरकार ने 23 सितंबर 2021 को ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 27 प्रतिशत तक कोटा सुनिश्चित करने के लिए महाराष्ट्र जिला परिषद और पंचायत समिति अधिनियम, 1961 और जिला परिषदों, पंचायत समिति और ग्राम पंचायतों के लिए महाराष्ट्र ग्राम पंचायत अधिनियम में संशोधन करने के लिए एक अध्यादेश जारी किया था. यह अध्यादेश शीर्ष अदालत द्वारा उस कानूनी प्रावधान को रद्द करने के बाद जारी किया गया था. इसके बाद 1 अक्टूबर 2021 को राज्य ने मुंबई नगर निगम अधिनियम, महाराष्ट्र नगर निगम अधिनियम और महाराष्ट्र नगर परिषदों, नगर पंचायतों और औद्योगिक टाउनशिप अधिनियम में संशोधन करने के लिए दूसरा अध्यादेश जारी किया था. इस मामले में फिर सुप्रीम कोर्ट में अर्जी डाली गई थी, इसके बाद कोर्ट ने सरकार से पूरा प्लान मांगा था.

### बच्चों का आधार कार्ड बनाना हुआ जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी। आधार कार्ड इस समय सबसे अहम दस्तावेज हो गया है। आधार कार्ड केवल एक पहचान पत्र नहीं है, बल्कि इसके जरिए आप कई तरह की सरकारी योजनाओं का भी लाभ उठा सकते हैं। बता दें कि भारत में छोटे बच्चों के लिए भी आधार कार्ड बनवाना जरूरी हो गया है। अगर आपने अब तक आधार कार्ड नहीं बनवाया है तो अब बनवा लें। अगर आपने बच्चे का आधार कार्ड बनवा लिया है तो ये सरकारी संस्थानों में तो आपके काम आएगा ही, निजी संस्थान भी बच्चे की पहचान के मामले में इसे मानने से इनकार नहीं कर सकते। बच्चों के बचत खातों के लिए भी आधार जरूरी है।


## स्लोवाकिया से 370 भारतीय छात्र नई दिल्ली के लिए हुए रवाना: किरेन रिजिजू

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यूक्रेन से स्लोवाकिया पहुंचे कम से कम 370 भारतीय छात्रों को गुरुवार को दो विमानों से स्वदेश लाया जाएगा। यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान के कारण फंस गए भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने में समन्वय के लिए रिजिजू इनदिनों स्लोवाकिया के कोसिसे शहर में हैं। रिजिजू ने कहा, आज हम कोसिसे शहर से दो विमानों को रवाना करने वाले हैं, जिसमें करीब 370 भारतीय छात्र सवार होंगे। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने कोसिसे के होटलों में ठहराए गए भारतीय छात्रों से बातचीत की और उन्हें भोजन और अन्य सुविधाएं प्रदान करने का प्रबंध किया। रिजिजू ने छात्रों से कहा कि कम समय में बड़ी संख्या में छात्रों को स्वदेश वापस ले जाने की प्रक्रिया के दौरान उन्हें थोड़ी परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है। उन्होंने छात्रों से कहा कि प्रक्रिया में कुछ कमियां हो सकती हैं, आपको कुछ कठिनाइयां हो सकती हैं। मुझे यकीन है कि आप इस सहन कर लेगा। क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में छात्रों को जल्द से जल्द निकालने का यह सामान्य समय नहीं है, इसके लिए उच्च स्तर के हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है। रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने फैसला किया है कि वरिष्ठ मंत्रियों को खुद यूक्रेन के पड़ोसी देशों में जाकर छात्रों को सुरक्षित वापस लाने के अभियान का नेतृत्व करना चाहिए।



रिजिजू ने छात्रों से कहा कि मैं आप लोगों को जल्द से जल्द दिल्ली पहुंचाने की कोशिश कर रहा हूं। आज शाम छात्रों का एक समूह दिल्ली जा रहा है। यूक्रेन से और भी बहुत छात्र आ रहे हैं। मैं यहां यह सुनिश्चित करने के लिए हूं कि आपका यहां रहना जितना संभव हो उतना आरामदायक हो। रिजिजू के अलावा, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, हरदीप पुरी और वी के सिंह को भी युद्धग्रस्त देश में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए विशेष दूत के तौर पर यूक्रेन के पड़ोसी देशों में भेजा गया है। उन्हें भारतीयों की निकासी संबंधी मिशन के लिए समन्वय कायम करने और छात्रों की मदद करने के लिए भेजा गया है। इन मंत्रियों को यूक्रेन में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन गंगा' के तहत वहां भेजा गया है।

## पांच साल पहले कहा था, यूपी को माफियाओं और बाहुबलियों से मुक्त कर देंगे : शाह



आजमगढ़, एजेंसी। उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ गया है। इसके बाद तमाम राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। केंद्रीय गृहमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता अमित शाह ने विपक्षियों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि उन्होंने (विपक्ष) पूर्वांचल की उपेक्षा की, हमारी सरकार ने इस शिक्षा केंद्र बनाया। हमारी सरकार ने क्षेत्र में 12 नए मेडिकल कॉलेज बनाने के साथ आजमगढ़, बलिया और गोरखपुर में विश्वविद्यालय बनाए।

गृहमंत्री शाह ने कहा कि मैं एक मार्च 2017 को लालगंज आया था, और आज तीन मार्च फिर ये यहां आया हूं। पांच साल पहले मैंने कहा था, कि एक बार भाजपा की सरकार बना दो, हम उत्तर प्रदेश को माफियाओं से मुक्त कर देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने वादा किया था कि हम उत्तर प्रदेश को माफियाओं और बाहुबलियों से मुक्त करने वाले हैं। आप पांच साल के बाद मैं यहां आया हूं, पांच साल में योगी जी ने यूपी से माफियाओं और बाहुबलियों को चुन-चुनकर समाप्त करने का काम किया है।

सपा पर हमला बोलकर शाह ने कहा कि अखिलेश में आजमगढ़ में खुली जीप में ए-47 लेकर गुंडे, माफिया घूमते थे। आजमगढ़ से जाकर अहमदाबाद में बम धमाके करते थे। आज किसी की हिम्मत नहीं है, दंगे करने की। उन्होंने कहा कि एक जमाने में उत्तर प्रदेश में कट्टे बनते थे, छर्रे बनते थे। पहले कट्टे और छर्रे बनाने वाला यूपी आज मिसाइल और गोल बनाता है, इससे पाकिस्तान भी डरता है।

भाजपा के चाणक्य शाह ने कहा कि हमेशा पहले की सरकारें पूर्वांचल की अनदेखी करते थीं, हमारी सरकार ने पूर्वांचल को शिक्षा का हब बनाने का काम किया है। आजमगढ़, बलिया, गोरखपुर में नई यूनिवर्सिटी बनाई और लगभग 12 नए मेडिकल कॉलेज पूर्वांचल में बनाने का काम योगी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि जब धारा 370 हटाई जा रहा था तब ये अखिलेश बाबू कहते थे कि धारा 370 मत हटाये वर्ना देश में खून की नदियां बहेंगी। अरे ! अखिलेश बाबू खून की नदियां, छोड़ो किसी की कंकड़ मारने की हिम्मत भी नहीं हुई।

## मेरे एक बार वाराणसी आने से भाजपा हार रही हैं, तब में बार-बार वाराणसी आउंगी : ममता

वाराणसी, एजेंसी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा यूक्रेन से छात्रों को वापस लाना जरूरी है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तरप्रदेश में चुनावी सभाओं में व्यस्त हैं। उन्होंने दावा किया कि उप्र विधानसभा चुनाव में भाजपा हार रही है। ममता ने आरोप लगाया कि उप्र चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) के पक्ष में प्रचार करने के लिए वाराणसी पहुंचने पर भाजपा कार्यकताओं ने उन पर हमला किया। ममता ने सपा अध्यक्ष अखिलेश के साथ यहां आयोजित संयुक्त रैली में कहा, मैं कल (बुधवार को) हवाई अड्डे से दश्वमेधघाट जा रही थी। रास्ते में कुछ भाजपा कार्यकताओं ने हिंसा करने की नियत से मेरी गाड़ी रोककर उस नुकसान पहुंचाया। मुझे धक्का देकर कहा कि वापस चले जाओ। टीएमसी प्रमुख ने कहा, ह्लतब मैंने सोचा कि भाजपा सत्ता से जा रही है। वह पूरी तरह से खत्म हो रही है और उसकी हार निश्चित है।'

ममता ने कहा कि एक चुनावी सभा के लिए उत्तर प्रदेश आई हैं और उन्हें आश्चर्य है कि भाजपा को इससे इतनी तकलीफ क्यों है। उन्होंने कहा, मैं कायर नहीं, बल्कि फाइटर हूं। मैं लंबे समय से लड़ाई लड़ रही हूं। पूर्व में, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के लोगों ने मुझ पर हमला किया था, मेरे ऊपर कई बार गोली भी चली, लेकिन मैं कभी उनके आगे झुकी नहीं। ममता ने कहा कि जब भाजपा कार्यकर्ता उन्हें अपशब्द कह रहे थे तब यह देखने के लिए वह अपनी कार से उतर कर कुछ देर के लिए चुपचाप खड़ी हो गई थीं कि हमलावर क्या कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं देखना चाहती थी कि वे क्या कर सकते हैं। उनमें कितनी ताकत है,लेकिन वे कायर हैं। उन्होंने मेरी कार पर हमला किया। मेरे साथ धक्का-मुक्की की। लेकिन मैं जान गई हूं, यह संदेश बहुत साफ है कि भाजपा चुनाव में हार रही है।'

## यूक्रेन से 800 लोगों को लेकर गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पहुंचे वायुसेना के 4 विमान



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय वायु सेना ने कहा कि रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट, हंगरी के बुडापेस्ट और पोलिश शहर रेजजो से 798 भारतीयों के साथ उसकी चार उड़ानें गुरुवार सुबह हिंडन एयरबेस पर उतरीं। बुखारेस्ट से 200 लोगों को लेकर इसकी पहली उड़ान 1.30 बजे उतरी। दूसरी उड़ान गुरुवार सुबह बुडापेस्ट से 210 भारतीयों को वापस लेकर आई। दूसरे के थोड़ी देर बाद, आईएएफ की तीसरी निकासी उड़ान 208 भारतीयों के साथ रेजजो से एयरबेस पर पहुंची। भारतीय वायु सेना ने एक बयान में कहा, ह्लबुखारेस्ट से भारतीय वायु सेना सी-17 की चौथी उड़ान सुबह 8:15 बजे गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर उतरी। इसमें 180 यात्री थे, जिनमें ज्यादातर छात्र थे।' आईएएफ की सभी चार उड़ानें सी-17 सैन्य परिवहन विमान का उपयोग करके संचालित की गईं। बयान में कहा गया है कि रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट निकासी का स्वागत करने के लिए टरमैक पर मौजूद थे। भारत यूक्रेन के पश्चिमी पड़ोसियों जैसे रोमानिया, हंगरी और पोलैंड से विशेष उड़ानों के माध्यम से अपने नागरिकों को निकाल रहा है। भारतीय वायुसेना के सी-17 भारी-भरकम परिवहन विमान का उपयोग हाल के दिनों में अफगानिस्तान में फंसे भारत के नागरिकों को निकालने के लिए बड़े पैमाने पर किया गया था। इन हवाई जहाजों का उपयोग कोविड के दौरान बड़ी मात्रा में ऑक्सीजन कंटेनरों के परिवहन के लिए भी किया गया था। आपको बता दें कि चार केंद्रीय मंत्री भारतीय नागरिकों को निकालने की सुविधा के लिए यूक्रेन के पश्चिमी पड़ोसी देशों में गए हैं। हरदीप सिंह पुरी हंगरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया रोमानिया, किरेन रिजिजू स्लोवाकिया और वीके सिंह पोलैंड में मोर्चा संभाले हुए हैं।

## यूक्रेन-पोलैंड सीमा पर बीएपीएस स्वामिनारायण संस्था के स्वयंसेवकों ने छात्रों की सेवा कर उनकी क्षुधा को शांत किया...

» मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर सहित विश्वभर में अनेक प्रसिद्द मंदिरों की निर्मात्री बीएपीएस स्वामिनारायण संस्था आज उन भारतीय छात्रों की सेवा में है जो रूस के आक्रमण से त्रस्त यूक्रेन में से जान बचाने के लिए पोलैंड आए हैं। यूक्रेन के समीपस्थ सीमान्त देशों में स्वामिनारायण संस्था के स्वयंसेवक दिन-रात जुटे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्रभाई मोदी ने दो दिन पूर्व आधी रात को संस्था के पूज्य ब्रह्मविहारी स्वामी को फोन किया और बीएपीएस से यूक्रेन-पोलैंड सीमा पर फंसे भारतीय छात्रों की देखभाल करने को कहा। स्वामीजी ने बताया, ह्लसंगठन के आध्यात्मिक गुरु एवं प्रमुख परम पूज्य महंत स्वामी महाराज के आशीर्वाद से इस सेवा को तत्काल शुरू किया गया और कल बी.ए.पी.एस. संगठन के यूरोप स्थित स्वयंसेवक



सीमा पर प्रभावित लोगों तक पहुंच गए हैं।ह्व अग्रणी बीएपीएस स्वयंसेवक श्री चिरागभाई गोदीवाला, श्री शैलेशभाई भावसार और अन्य स्वयंसेवक पेरिस और स्विटजरलैंड से लगातार 22 घंटे की ड्राइव के बाद मोबाइल किचन वैन के साथ यूक्रेन-पोलैंड सीमा के पास रेसजो शहर पहुंचे। ये स्वयंसेवक औसतन 800 से 1000 लोगों को शाकाहारी गर्म भोजन देकर अपना कार्य दक्षता से कर रहे हैं। कड़ाके की ठंड में माइनस तीन-चार डिग्री तापमान में कई दिनों से पैदल चल रहे भारतीय छात्रों को यहां गर्मागर्म भारतीय खाना मिलने से राहत मिली है। कुछ छात्र दिन में 40-50 किलोमीटर पैदल चलकर अपना सामान लेकर यहां पहुंचे हैं। उनकी दयनीय स्थिति को देखकर संगठन के स्वयंसेवक भी सहम गए हैं। बीएपीएस के स्वयंसेवक स्नेह एवं आत्मीयतापूर्वक गर्मागर्म खाना और सांत्वना देकर उन्हें नई आशा दे रहे हैं। भारत सरकार की ओर से भारतीय दूतावास ने प्रभावित छात्रों के लिए रेसजो शहर के एक प्रसिद्ध होटल के सम्मेलन कक्ष में ठहरने की व्यवस्था की है। पूरे भारत में सभी समुदायों के छात्रों को समायोजित करने का प्रयास किया जा रहा है। बी.ए.पी.एस. संस्था के स्वयंसेवक



आत्मीयता से उनकी मदद कर रहे हैं। गौरतलब है कि दुनिया में जब भी इस तरह की प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदा आती है तो आपदा राहत में बीएपीएस परिवार सबसे आगे रहता है। स्वामिनारायण संस्था को हमेशा लोगों का आशीर्वाद मिलता रहा है। आज भी, पोलैंड में भारतीय छात्र संस्थान की सेवा से राहत महसूस करते हुए, संस्थान के स्वयंसेवकों की दिल से सराहना कर रहे हैं।

## वायु शक्ति में दम दिखाएंगे 148 लड़ाकू विमान पहली बार राफेल भी लेंगे हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के कुल 148 विमान 7 मार्च को जैसलमेर के पोखरण रेंज में होने वाले अभ्यास वायु शक्ति में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को ये जानकारी दी। राफेल विमान पहली बार इस अभ्यास में भाग लेंगे। आईएएफ अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि होंगे। गौरतलब है कि भारतीय वायुसेना अपनी तैयारियों को प्रदर्शित करने के लिए हर तीन साल में पोकरण रेंज में 'वायुशक्ति' नाम से युद्धाभ्यास करती है। पिछली बार यह युद्धाभ्यास वर्ष 2019 में हुआ था। अधिकारी ने बताया कि इस साल के युद्धाभ्यास में वायुसेना के जो 148 विमान हिस्सा लेंगे उनमें 109 लड़ाकू विमान हैं। उन्होंने बताया कि जगुआर लड़ाकू विमान, सुखोई-30 लड़ाकू विमान, मिग-29 लड़ाकू विमान, तेजस लड़ाकू विमान और अन्य विमान 'वायुशक्ति युद्धाभ्यास-2022' में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। अधिकारी ने कहा कि 24 हेलीकॉप्टर, सात परिवहन विमान और चार दूर से चलने वाले विमान भी 7 मार्च को अभ्यास में हिस्सा लेंगे। आईएएफ के लड़ाकू जेट जैसे जगुआर, सुखोई -30, मिग -29, तेजस, राफेल और मिराज -2000 शामिल होंगे। अधिकारी ने बताया कि युद्धाभ्यास के दौरान आकाश मिसाइल प्रणाली और स्पाइडर मिसाइल प्रणाली की क्षमता का भी प्रदर्शन होगा। उन्होंने बताया कि परिवहन विमान सी-17 और सी-130जे भी इस अभ्यास का हिस्सा होंगे। अधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम की शुरूआत 17 जगुआर विमानों से होगी जो '75 फॉर्मेशन' में उड़ान भरेंगे। यह तीन जेट विमानों - राफेल, तेजस और सुखोई -30 के साथ 'ट्रांसफार्मर एरोबैटिक डिस्प्ले' आयोजित करेगा।





# अंतरराज्यीय सेंधमारी सिंडिकेट का भंडाफोड़ : संजय कुमार सैन आईपीएस उपायुक्त पुलिस

» विजय गौड़ विशेष संवाददाता



ऑपरेशन ह्लअंकुशह्व के तहत सड़क अपराध को रोकने के लिए बनाई गई रणनीति के अनुसरण में, विशेष कर्मचारियों को मोबाइल फोन की स्नैचिंग/डकैती की घटनाओं पर नजर रखने के लिए विशिष्ट कार्य सौंपे गए, इन मामलों में गिरफ्तार व्यक्तियों से लंबी पूछताछ की जा रही है और चोरी/लूट की गई वस्तुओं के रिसीवर के संबंध में उनके द्वारा प्रकट की गई जानकारी को अपराध के कमीशन में स्नैचर्स/लुटेरों/चोरों के ऐसे गिरोहों का समर्थन करने वाले उल्लेखनीय रिसीवर तक पहुंचने के लिए पूरी तरह से सत्यापित किया जाता है।स्थानीय मानव बुद्धि और तकनीकी स्रोतों की सहायता से रणनीति/पैटर्न पर कार्य करना, टीम विशेष। कर्मचारियों ने मोबाइल फोन छीनने/डकैती करने वाले अपराधियों की जानकारी विकसित की और एक सप्ताह के भीतर 163 हाई एंड स्मार्ट मोबाइल फोन की बरामदगी के साथ 3 अलग-अलग मामलों में 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया। 01.03.22 को, चोरी हुए मोबाइल फोन के साथ एक अंतरराज्यीय चोर की आवाजाही के बारे में जानकारी स्पेशल स्टाफ को प्राप्त हुई थी। तदनुसार, सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर विकास कुमार बुलडक, आईसी / विशेष। स्टाफ/एनईडी की देखरेख में एएसआई जयबीर, एएसआई हरेंद्र और एचसी अनिल की एक पुलिस टीम ने एलआईजी फ्लैट्स, लोनी रोड, ज्योति नगर, गुरुद्वारा के पास जाल बिछाया। शाम 04:40 बजे लोनी गोल चक्कर की ओर से एक व्यक्ति हाथ में ग्रे रंग का बैग लिए आते देखा गया। मुखबिर के कहने पर उसे रोका गया और चेक किया गया। सरसरी तलाशी लेने पर 14 नए हाई एंड स्मार्ट, मोबाइल फोन (सीलबंद) बरामद किए गए। मोबाइल फोन के स्वामित्व के संबंध में जांच करने पर वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। आगे की पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने अपने साथियों फारूख और जीशान के साथ 26.02.22 को शाहदरा क्षेत्र में गैस कटर की मदद से एक दुकान का गेट काटकर मोबाइल फोन में सेंधमारी की थी। इस तथ्य को शाहदरा जिले से सत्यापित किया गया था जिसमें यह सामने आया था कि पीएस शाहदरा के अधिकार क्षेत्र से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कुल 102 ब्रांड न्यू मोबाइल फोन चोरी किए गए थे।उक्त मामले में एफआईआर दिनांक 26.02.22 पीएस शाहदरा में दर्ज किया गया है। तदनुसार, उसे गिरफ्तार कर लिया गया और उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। निरंतर पूछताछ पर उसने दिल्ली/यूपी के क्षेत्र में चोरी के अन्य मामलों और हरियाणा में एक हत्या के मामले में अपनी संलिप्तता का खुलासा किया। उसके कहने पर छापेमारी की गई और सुंदर नगरी में उसके किराए के मकान से 88 मोबाइल फोन और अपराध में इस्तेमाल होने वाला गैस कटर बरामद किया गया। उसके साथियों को पकड़ने के लिए गंभीर प्रयास जारी हैं। मामले में आगे की जांच जारी है। संजय कुमार सैन आईपीएस उपायुक्त पुलिस उत्तर-पूर्व जिला, दिल्ली ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति साजिद निवासी सुंदर नगरी, दिल्ली, उम्र- 34 वर्ष के खिलाफ पहले भी 07 मामले (चोरी, दिल्ली और यूपी में और 01 हरियाणा में हत्या का मामला)। दर्ज है उसके साथियों को पकड़ने के लिए प्रयास जारी हैं। मामले में आगे की जांच जारी है। एक सप्ताह के भीतर कुल 163 (उपर्युक्त 102 सहित) लगभग रु. स्पेशल टीम द्वारा 30 लाख की वसूली की गई है।

# युवकों को रोजगार के साथ साथ राष्ट्र हित व समाज हित के कार्य करना चाहिये: राकेश यादव समाज सेवी

» सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता



गुरुग्राम। राकेश यादव भारतीय जनता पार्टी के गुरुग्राम के जिला उपाध्यक्ष है व उनकी धर्मपत्नी परवीन लता वार्ड नम्बर 26 की म्युनिसिपल कॉउंसेलेर भी है। अगर उनके कार्यो का व्याख्यान किया जाये तब कम है फिर भी उन्होंने अपने वार्ड में जो भी सरकारी ग्रांट मिला है उसका सदुपयोग किया है। समाज हित मे सभी कार्य किये है। सबसे बड़ी बात है कि फाजिलपुर झाड़सा में पानी की लाइन बिछाई है। रोड़ भी साफ सुथरे है। इन्होंने अपने वार्डस में पानी ,रोड़ ,बिजली की सुविधा मुहैया कराई है। राकेश यादव का कहना है शिक्षा ,स्वास्थ्य व रोजगार हमारी प्राथमिकता है। कोरोना के समय भी हमने हर प्रकार से लोगो को मद्दद की है। उनका कहना है कि वार्ड 26 की कोई भी समस्या है चाहें वह सामाजिक हो या पर्सनल हो उसका समाधान करना हमारा कर्तव्य है। हम घर घर जाकर व गाँव गाँव जाकर समस्या सुनते है बेटी बचाओ व बेटी को पढ़ाओ का नारा जो प्रधानमंत्री ने दिया है। वह भी सच करने में हम लगे है। उन्होंने आगे बताया कि पर्यावरण को साफ सुथरा रखना भी हम सब का दायित्व है। उनका कहना है यह देश सबका है हमे हमेशा राष्ट्र हित मे काम करना चाहिये। राकेश यादव युवाओं को सार्थक सोच व अधिक मेहनत करने के लीये प्रेरित करते है।। युवाओं का अपने प्रोफेशन के साथ सामाजिक जिम्मेदारियां भी उठानी चाहिये। । हमें अपनी आनेवाली पीढियों के लिए अच्छा माहौल देना है। भारतीय जनता पार्टी ने सिर्फ राजनीतिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक मुद्दों को भी उतनी ही गम्भीरता से लिया है लोगो की समस्याओं का समाधान किया है। भारतीय जनता पार्टी व मोदी जी की नीतियो पर चल कर वह गुरुग्राम व गुरुग्राम वासियो का विकास चाहते है

उनकी धर्मपत्नी परवीन लता जो वार्ड नम्बर 26 की म्युनिसिपल कॉउंसेलेर है।कहना है कि इस बार की होली अदभुत होगी। 11 मार्च को कवि समेलन होगा व होली मिलन सामरोह होगा। जिसमें गुरुग्राम के गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे।।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना से मरने वालों में 92 प्रतिशत बिना वैक्सीनेशन वाले

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने कहा है कि इस साल जनवरी से अब तक कोरोना से मरने वालों में बिना वैक्सीनेशन कराए लोगों की हिस्सेदारी 92 फीसदी है। नीति आयोग के सदस्य डॉक्टर वीके पाल ने गुरुवार को प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा, ह्यस्वाभाविक रूप से वैक्सीन और बड़े स्तर पर वैक्सीनेशन कवरेज ने कोरोनावायरस से लोगों की जान बचाने में अहम योगदान दिया है। वैक्सीन ने देश को कोविड केसों की संख्या बढ़ने और प्रकोप की स्थिति से बचाया है। ह्य इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के महानिदेशक डॉक्टर बलराम भार्गव ने बताया कि वैक्सीन की पहली डोज, कोविड से लड़ने के लिहाज से 98.9% प्रभावी है और यदि दोनों डोज ली जाती हैं तो यह प्रतिशत 99.3 है। स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने बताया कि भारत में कोरोना के मौतों में मामले में काफी गिरावट आई है। दो फरवरी से आठ फरवरी के बीच औसतन 615 मौतें हुई थी, यह संख्या पिछले सप्ताह गिरकर 144 तक आ गई है। उन्होंने कहा कि देश में इस समय कुल जितने केस आ रहे हैं, उनमें केरल, महाराष्ट्र और महाराष्ट्र की हिस्सेदारी 50 फीसदी है। देश के इस समय राज्य में एक्टिव केसों की संख्या 10 हजार से अधिक है जबकि अन्य राज्यों में पांच हजाार से कम एक्टिव केस हैं।

### राष्ट्रीय जनता दल ने गुलाब यादव को छह साल के लिए पार्टी से बर्खास्त किया

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय जनता दल ने गुलाब यादव को छह साल के लिए पार्टी से बर्खास्त कर दिया है। यादव पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। वहीं, यादव ने आगामी राज्य विधान परिषद चुनावों में टिकट न मिलने पर अपनी पत्नी को बागी उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा है। इस सबके आधार पर पार्टी ने फैसला लिया। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव की ओर से जारी किए गए एक पत्र में कहा गया कि गुलाब यादव को प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह और प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी की सिफारिशों के आधर पर छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित किया जा रहा है। कुछ हफ्तों पहले गुलाब यादव ने घोषणा की थी कि उनकी पत्नी अंबिका मधुबनी से एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उत्तराधिकारी तेजस्वी यादव पर विश्वासघात करने का आरोप लगाया था।

### देश में 97 प्रतिशत वयस्कों को लगी कोरोना वैक्सीन की पहली डोज : स्वास्थ्य मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में कोरोना के मामलों में लगातार कमी आ रही है। कोरोना की तीसरी लहर जनवरी-फरवरी में थी। हालांकि अब इसमें काफी कमी आ चुकी है। इस बीच गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से कोरोना की वर्तमान स्थिति को लेकर संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने कहा कि देश में अब सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 77,152 है। पिछले 24 घंटे में 6,561 मामले दर्ज हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्यों में केवल एक ही राज्य हैं जहां कोरोना के 10,000 से अधिक मामले आ रहे हैं। 5,000-10,000 मामलों वाले राज्य की संख्या 2 है और बाकी राज्यों में 5,000 से कम मामले आ रहे हैं।

# कल होने वाले जनमत संग्रह के लिए पार्टी पूरी तरह से तैयार-कुलजीत सिंह चहल



नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा महामंत्री श्री कुलजीत सिंह चहल एवं प्रदेश मीडिया प्रमुख श्री नवीन कुमार जिंदल ने एक संयुक्त बयान में कहा कि केजरीवाल की शराब नीति के खिलाफ जनमत संग्रह के लिए भाजपा की तैयारियां पूरी हो चुकी है। प्रत्येक वार्ड के चार स्थानों पर शराब नीति के विरोध में जनमत पत्रक वितरण कर लोगों की राय ली जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता के नेतृत्व में कल प्रदेश के 1120 विभिन्न स्थानों पर होने वाले जनमत में मुख्य रुप से पार्टी के सांसद, विधायक, प्रदेश के पदाधिकारी एवं मोर्चा एवं जिलों के अध्यक्षों-उपाध्यक्षों के नेतृत्व में लगभग 10 लाख से अधिक लोगों की राय ली जाएगी।

कुलजीत सिंह चहल एवं श्री नवीन कुमार जिंदल ने कहा कि जिस तरह से केजरीवाल की शराब नीति के खिलाफ भाजपा के 50000 से अधिक कार्यकताओं के साथ व्यापारियों के संगठन एवं आरडब्ल्यूए के लोग दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर महिला, युवाओं एवं गणमान्य के बीच जाएंगे। सभी कार्यकर्ता धार्मिक स्थलों, विद्यालयों के पास एवं मुख्य बाजारों में इकट्ठा होकर एक पत्रक जनता के बीच वितरित करेंगे और लोगों का इस शराब नीति पर मत लेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से एक पर एक मुफ्त शराब बांटकर उन्होंने पूरी दिल्ली को शराब पिलाने में लगा दिया। दिहाड़ी मजदूर भी काम करने की जगह शराब के ठेकों पर लंबी पंक्तियों में खड़े होकर शराब की बोतले खरीद घर में पीकर पड़े हुए थे जिससे उनके घर की रोजी-रोटी भी चलना मुश्किल हो गया है।

उन्होंने कहा कि लोगों के बीच जो पत्रक बांटे जाएंगे उसमें शराब नीति के संदर्भ में पूछे गए कुछ सवाल है जैसे कि ड्राइ डे से संबंधित, स्कूल-मंदिर के बगल में खोले गये शराब के ठेकों से संबंधित, शराब पीने की उम्र कम करने के संबंध में इत्यादि। इन सवालों का जवाब लेकर भाजपा अपनी आगे की कार्रवाई को सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जिस तरह से शराब माफियाओं के साथ मिलकर अरविंद केजरीवाल राजधानी को प्रदेश की नगरी बनाने की जो कोशिश कर रहे हैं उसे भाजपा कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

# रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशी डिजाइन और विकास के लिए नौ परियोजनाओं को मंजूरी दी



नई दिल्ली, एजेंसी। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय उद्योगों द्वारा रक्षा उपकरणों की डिजाइन और विकास के लिए नौ परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्रालय ने इस बाबत एक बयान भी जारी किया है। जिसमें बताया गया है कि नौ परियोजनाओं में से चार को प्रथम श्रेणी में रखा गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस कैटेगरी के लिए केंद्र सरकर चरणबद्ध तरीके से 90 प्रतिशत धन उपलब्ध कराता है।

जिन चार परियोजनाओं को इस श्रेणी में रखा गया है, उसमें भारतीय वायु सेना की भारतीय सुरक्षा प्रोटोकॉल के साथ संचार उपकरण (राउटर, स्विच, एन्क्रिप्टर्स, वीओआईपी फोन और उनके सॉफ्टवेयर), भू-आधारित प्रणाली के साथ एयरबोर्न इलेक्ट्रो ऑप्टिकल पॉड, एयरबोर्न स्टैंड-ऑफ जैमर और भारतीय सेना के भारतीय लाइट टैंक शामिल हैं।

डीएपी-2020 के लॉन्च के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि भारतीय उद्योग को भारतीय सुरक्षा प्रोटोकॉल के साथ लाइट टैंक और संचार उपकरण जैसे बड़े टिकट प्लेटफॉर्म के विकास में शामिल किया गया है।

सरकार द्वारा जारी बयान में कहा गया है पांच परियोजनाओं को मेक-2 कटैगिरी में रखने की पेशकश की गई है। जिसके तहत प्रोटोटाइप विकास उद्देश्यों के लिए कोई सरकारी वित्त पोषण प्रदान नहीं किया जाएगा।

इन पांच परियोजनाओं में भारतीय वायुसेना के लिए अपाचे हेलिकॉप्टर के लिए पूर्ण गति सिम्युलेटर, चिनूक हेलिकॉप्टर के लिए पूर्ण गति सिम्युलेटर, विमान के रखरखाव के लिए पहनने योग्य रोबोटिक उपकरण, यंत्रीकृत बलों के लिए एकीकृत निगरानी और लक्ष्यीकरण प्रणाली और भारतीय सेना के लिए स्वायत्त लड़ाकू वाहन शामिल हैं।

# भगौड़े कारोबारी विजय माल्या के खिलाफ अवमानना के मामले की सुनवाई अगले हफ्ते



नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने भगौड़े कारोबारी विजय माल्या के खिलाफ अवमानना के मामले की सुनवाई अगले हफ्ते करेगा। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने विजय माल्या को जवाब देने का आखिरी मौका देते हुए कहा था कि माल्या की अनुपस्थिति में ही सजा के मुद्दे पर आगे बढ़ने का फैसला करेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अगर माल्या अपना पक्ष नहीं रखते हैं तो अदालत इस मामले को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने के लिए आगे बढ़ेगी। इससे पहले 10 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने विजय माल्या को जवाब देने का आखिरी मौका दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि माल्या अदालत के निदेशों का जवाब देने के लिए स्वतंत्र हैं वरना माल्या की अनुपस्थिति में ही सजा के मुद्दे पर आगे बढ़ने का फैसला किया जाएगा। अगर माल्या अपना पक्ष नहीं रखते हैं तो अदालत इस मामले को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने के लिए आगे बढ़ने पर विचार करेगी।

सुनवाई के दौरान जस्टिस ललित ने कहा था कि अब मामला अवमानना को लेकर है। नियम के अनुसार दोषी को भी सुना जाना जरूरी है। हालांकि माल्या कभी भी अदालत में पेश नहीं हुए। अब तक उनके वकील ही कोर्ट में आते रहे हैं। इससे पहले एक मामला जस्टिस करनन का था जो पेश नहीं हुए तो सात जजों के पीठ ने सजा सुना दी थी। ऐसा कर के माल्या अदालत से भाग रहे हैं। जबकि अमिकस क्यूरी जयदीप गुप्ता ने कहा था कि उनको खुद आने की जरूरत नहीं है।

# डब्ल्यू.एस.सी.सी ने दिल्ली में ग्रैंड कॉफी मीट-अप की मेजबानी की



» स्वतंत्र सिंह भुल्लर मदरलैंड संवाददाता

दिल्ली स्थित गैर-लाभकारी संगठन, वर्ल्ड सिख चैंबर ऑफ कॉमर्स (हरउउ) ने गुरु नानक पब्लिक स्कूल, कॉन्फ्रेंस हॉल, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली में एक ग्रैंड कॉफी मीट-अप का आयोजन किया।

डब्ल्यू.एस.सी.सी के अध्यक्ष डॉ परमीत सिंह चड्ढा, ने नेटवर्किंग कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों, कोर टीम के सदस्यों, डब्ल्यू.एस.सी.सी के सदस्यों और अतिथियों का स्वागत किया।

सिख्लेंस के संस्थापक एस. बिकी सिंह, श्री ओजस्वी शर्मा सिखलेंस इंडिया हेड, यूनाइटेड सिख मिशन से एस. रशपाल सिंह, जी.टी.टी.सी.आई के संस्थापक श्री गौरव गुप्ता और गुरु नानक पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष एस. हरमनजीत सिंह ने समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शोभा बधाई।

डॉ. परमीत सिंह चड्ढा कहते हैं की ह्लसंसाधनों तक सीमित पहुंच के साथ, हर कोई अपने सोशल नेटवर्किंग पर काम नहीं कर सकता है। डब्ल्यू.एस.सी.सी. ने अपने साथी सिख भाइयों के सपनों का समर्थन करने के लिए हाथ पकड़ने और समर्थन करने का फैसला किया है ह्व

गैर-लाभकारी संगठन ह्यसरबत दा भलाह्व के मूल्य पर काम करता है, जिसका अर्थ है ह्लहर कोई समृद्ध होह्व या ह्लसभी के लिए आशीर्वादह्व इसलिए वे छोटे व्यवसायों को अपने समुदाय की जीवनदायिनी मानते हैं और उसे सफलता की सीढ़ी पर ले जाने का लक्ष्य रखते हैं। .

समुदाय इस दृष्टिकोण पर खड़ा है कि डब्ल्यू.एस.सी.सी. के युवा सदस्यों को बाहर नौकरियों की तलाश करने की आवशकता नहीं होनी चाहिए क्योंकि उनके पास समुदाय के भीतर ही पर्याप्त अवसर हैं जो उन्हें व्यवसाय के मालिक, खिलाड़ी बनने, अपने रचनात्मक कौशल पर काम करने, या जो कुछ भी वे पसंद करते हैं, समुदाय बनने के लिए प्रेरित करता है एवं उनका समर्थन करेगा।

बिक्की सिंह ने सदस्यों को सिखलेंस के बारे में जानकारी दी और यह भी कहा कि समुदाय के विकास के लिए इस तरह के मंच की जरूरत है। रशपाल सिंह ने अपने द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं के बारे में बताया। हरमनजीत सिंह ने कहा कि स्कूल सुविधाएं सभी सामुदायिक उद्देश्यों के लिए उपलब्ध हैं और डब्ल्यू.एस.सी.सी से स्कूली छात्रों को मेंटरशिप और कौशल वृद्धि के साथ समर्थन करने का आग्रह किया।

सभी सदस्यों ने अपना-अपना परिचय दिया और नेटवर्किंग की जिसके परिणामस्वरूप बहुत बड़ा व्यवसाय हुआ।




# राजुल बेन देसाई एवं नेहा बंसल , डॉ गरिमा तिवारी एवं डॉ सुषमा चावला सहित 11 प्रतिष्ठित महिलाएं होंगी सम्मानित : विजय गौड़ मख्य संयोजक









5 मार्च,2022 को अंतर्राष्ट्रीय महिला वर्ष समारोह भागीदारी जन सहयोग समिति एवं दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में ह्यूमन फाउंडेशन एवं युग संस्कृति न्यास की भागीदारी से राउज एवेन्यू कोर्ट के गोष्ठी हॉल में आयोजित किया जा रहा है समारोह के दूसरे सत्र में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित होंगी देश की 11 प्रतिष्ठित महिलाएं सम्मानित की जाएँगी राजुल बेन देसाई सदस्य राष्ट्रीय महिला आयोग भारत सरकार , नेहा बंसल आयुक्त ( फूड सेफ्टी ) दिल्ली सरकार , डॉ गरिमा तिवारी असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस दिल्ली पुलिस ,डॉ सुषमा चावला होप एक आशा सामाजिक संस्था , अनीता भारद्वाज सुप्रसिद्ध कवियत्री , कुमार पारुल अध्यक्ष प्रभाव फाउंडेशन , कुसुम जुनेजा पंजाब नेशनल बैंक ( महिला विंग ) , लक्ष्मी रानी सामाजिक कार्यकर्ता , पल्लवी जैन सामाजिक कार्यकर्ता , निशि भारद्वाज अध्यक्ष प्रगति पथ फाउंडेशन , गूंजा गुप्ता भागीदारी जन सहयोग समिति कार्यक्रम के मुख्य संयोजक विजय गौड़ ने बताया कि इसी सत्र में प्रथम सत्र में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की वाद विवाद प्रतियोगिता के पुरस्कारों का वितरण एवं मीडिया अवार्ड से मीडिया पार्टनर्स को सम्मानित किया जायेगा जिसमे मदरलैंड वॉइस समाचार पत्र , समाचार वार्ता चैनल , जनमत समाचार , नीव दैनिक समाचार पत्र , पुलिस पत्रिका , लीगल जंक्शन , दृश्यम मीडिया प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड एवं एस बी एम पिक्चर सम्मिलित है

# दिल्ली एयरपोर्ट पर 10 मार्च तक खुलेंगी शराब की दुकानें 24 घंटे होगी बिक्री



नई दिल्ली, एजेंसी। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जल्द ही शराब की बिक्री हो सकेगी। आबकारी विभाग की ओर से एयरपोर्ट पर शराब की दुकान खोलने की दिशा में काम शुरू कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि भौतिक सत्यापन के बाद दो दुकानों को लाइसेंस भी जारी कर दिया गया है। इनका संचालन 10 मार्च तक शुरू हो जाएगा। शेष दुकानों को भी होली से पहले खोलने की दिशा में काम चल रहा है। इसके लिए भी भौतिक सत्यापन का काम चल रहा है, जिसके इसी सप्ताह में पूरा होने की संभावना है। राजधानी में बीते वर्ष 17 नवंबर को नई आबकारी नीति लागू की गई थी। उसके बाद से शराब की बिक्री पूरी तरह से निजी हाथों में चली गई। नई नीति में व्यवस्था दी गई थी कि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 24 घंटे शराब की बिक्री होगी। इसके पीछे मकसद शराब की बिक्री को बढ़ाना था। सरकार का मानना था कि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 24 घंटे यात्रियों का आवागमन होता है, जिसके चलते वहां शराब की बिक्री भी 24 घंटे हो सकती है। इससे राजस्व वसूली को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। लेकिन नई नीति लागू हुई तो कई सारी दिक्कतें सामने आ गईं। जगह मिलने में हुई परेशानी के बीच सरकार ने आबकारी विभाग को निर्देश दिया कि वह दुकानें खोलने की दिशा में स्थानीय जिला प्रशासन की मदद ले और वेंडर के साथ समन्वय बैठाकर काम करे। बताया जा रहा है कि तकनीकी दिक्कतों को दूर करने के बाद शराब की दुकानों को जल्द से जल्द खोलने की कोशिश की जा रही है। पहले चरण में दो दुकानें खुलेंगी। उसके बाद छह नई दुकानें खोली जाएगी, जिनको लेकर काम चल रहा है। नई नीति के तहत दिल्ली के 272 वार्ड को 32 जोन में बांटकर लाइसेंस आवंटित किए गए थे। प्रत्येक वार्ड में अनिवार्य तौर पर तीन शराब की दुकान खोली जानी थी। इसके पीछे उद्देश्य था कि सभी इलाकों में समान रूप से शराब की बिक्री हो, जिससे अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाया जा सके। इस मसौदे के तहत राजधानी में कुल 849 शराब की दुकान खोली जानी थीं, जिनमें से अबतक 580 खुली हैं। ऐसे में कई वार्डों में तीन दुकानों की अनिवार्यता का नियम भी पूरी तरह से लागू नहीं हो पाया। इसलिए अब आबकारी विभाग चाहता है कि चालू वित्तीय वर्ष में कम से कम संचालित दुकानों की संख्या 750 के पास हो जाए। इसलिए अब अन्य जगहों पर भी दुकानों से जुड़े विवाद को सुलझाने की दिशा में काम हो रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## पुरदिलनगर में मूर्ति डकैती कांड की जांच में एक आरोपी फरार, पुलिस ने 82 की कार्रवाई

मदरलैंड संवाददाता, सिकंदराराऊ पुरदिलनगर के ठाकुर मुरली मनोहर महाराज मंदिर से लगभग साढे तीन साल पूर्व रात्रि में पुजारी दंपति को बंधक बनाकर लूटी गई प्राचीन मूर्ति कांड जांच के दौरान सात आरोपियों के नाम प्रकाश में आने पर पुलिस ने छः आरोपियों को जेल भेज दिया था। बता दें कि 27 नवंबर 2019 की रात्रि ठाकुर मुरली मनोहर महाराज मंदिर से अज्ञात बदमाश पुजारी दंपत्ति को बंधक बनाकर मारपीट करने के बाद वहां मौजूद करोडों रुपए की मूर्तियों को लूट कर ले जाने में सफल रहे थे। उक्त डकैती लूटपाट कांड प्रकरण में जांच के दौरान 7 आरोपियों के नाम प्रकाश में आए थे। जिसके चलते कोतवाली पुलिस ने छः आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। फरार आरोपी के खिलाफ पुलिस ने 82 की कार्रवाई करते हुए उसके मकान पर नोटिस चस्पा कर दिए हैं। अगर वह शीघ्र न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ तो 83 की कार्रवाई करते हुए उसकी कुर्की की जायेगी।

## यूक्रेन में फंसे मैनपुरी के 6 छात्रों की सकुशल वापसी

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र ने बताया कि जनपद में अब तक 16 छात्रों को यूक्रेन में फंसे होने की सूचना जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण मैनपुरी को प्राप्त हुयी, जिसमें से 6 छात्र सकुशल अपने घरों को वापस आ चुके हैं, जिसकी सूची आवश्यक कार्यवाही हेतु राहत आयुक्त कार्यालय उ.प्र. शासन लखनऊ, (एकीकृत आपदा नियतंत्रण केन्द्र) को प्रेषित की जा चुकी है, यूक्रेन में फंसे हुए व्यक्तियों, छात्रों की स्वदेश वापसी की व्यवस्था के सम्बन्ध में अपडेट एडवाइजरी भारतीय दूतावास कीव, यूक्रेन द्वारा लगातार उनकी बेवसाइट https://www.eoiukraine.gov.in/index.php पर अपलोड की जा रही है, जनपद के छात्रों के परिजन कृपया अपने फंसे हुये परिजनों से सम्पर्क होने पर भारतीय दूतावास कीव की बेवसाइट में अपलोडेड एडवाइजरी के अनुरूप कार्यवाही करने हेतु अपने पाल्य, परिजन को अवश्य सूचित करें। उन्होंने जनपद के छात्रों के अभिभावकों से कहा है कि भारतीय दूतावास कीव, यूक्रेन की https://www.eoiukraine.gov.in/index.php बेवसाइट पर Registration Form for Indian citizens in Ukraine लिंक पर भारतीय छात्र अपना रजिस्ट्रेशन भी अनिवार्य रूप से करा लें. इसके अतिरिक्त उक्त कार्यवाही हेतु 24x7 राज्य कन्ट्रोल रूम लखनऊ टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 0522-1070 पर कॉल कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## पुत्र से जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई, पुत्र ने घर में लगाई आग

मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। गांव राहडी थाना सदर तावडू निवासी काजी हसन मोहम्मद पुत्र इस्माईल ने अपने अपराधिक प्रवृति के सगे पुत्र अहमद रजा के खिलाफ को खतरा बताते हुए जान माल की सुरक्षा व उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की फरियाद की हैं। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी गई शिकायत में कहा है कि उसका पुत्र गलत रास्ते पर चल पडा और इसके खिलाफ तावडू व अन्य थानों में भी मामलें दर्ज हैं, शिकायकर्ता ने अपनी शिकायत में कहा है कि अब वह जमानत पर है लेकिन उसके रवैये में कोई सुधार नजर नहीं आया है। उन्होंने आरोप लगाकर कहा कि वह नशे की बुरी लत का भी आदी है और 3 मार्च को उसने घर में आग लगा दी जबकि, कडी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। इस बारे में तावडू थाना के मुंशी ने माना कि घटना की शिकायत उन तक पहुंच गई है और जांच की जा रही हैं।

## नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आहवान पर दूसरे दिन भी कर्मचारियों ने भूख हडताल रखी



मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आहवान पर मांगों के समर्थन में नूंह इकाई के 5 कर्मचारियों ने क्रमिक भूख हड़ताल में गुरूवार को दूसरे दिन भाग लिया। कर्मचारी प्रधान सुभाष चंद ने जानकारी दी कि सरकार की वायदा खिलाफी को देखते हुए कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर यह दो दिवसीय हडताल रखी है तथा कर्मचारियों ने 6 मार्च को हिसार रैली में बढ़चढ़ कर भाग लेने का निर्णय लिया है। आज दूसरे दिन क्रमिक भूख हड़ताल इकाई प्रधान सुभाष चंद, मोतीराम, जिला सचिव सुभाष चंद, त्रिलोक चन्द, रवि संगेलिया, सरफराज ने रखी। इस मौके पर देवेंद्र, श्याम, रूपचन्द, नेहा, शाकुन्तला, देवकी, बिमला, संजय, महिपाल, रोशन व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन तावडू ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के खिलाफ कार्रवाई की निंदा की

मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन के प्रदेश सचिव बलवान सिंह ने हरियाणा सरकार द्वारा 3 मार्च को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के चण्डीगढ़ विधानसभा कूच को असफल करने के लिए उनकी बसों व अन्य वाहनों को जब्त करने, उन्हें अनजान जगह ले जाकर दूर दराज जगह छोडने की घोर निंदा की। एआईडीवाईओ के प्रदेश सचिव ने बताया कि रेवाड़ी, पलवल, गुडगांव आदि जिलों की आंगनवाड़ी कर्मियों को रोक लिया गया, उनकी बसों को थानों में ले जाकर बन्द कर दिया गया। संगठन के जिला सचिव बृजमोहन ने बताया कि सरकार से अपने तानाशाही व कायराना हरकत से बाज आने की मांग की। उन्होंने कहा कि विधानसभा आजादी आन्दोलन की महान कुर्बानियों से बनी हैं। इसके भीतर की गई घोषणाएं लागू न कर खट्टर सरकार विधानसभा की तौहीन, अपमान कर रही है और आंगनवाड़ी कर्मियों को विधानसभा सभा पर जाने से रोक कर पूरे जनतंत्र और आंगनवाड़ी कर्मियों के अधिकारों की हत्या कर रही है। युवा संगठन ने रोषस्वरूप इसका कड़ा विरोध किया है। उनका संगठन आंगनवाड़ी कर्मियों के हकों के पक्ष में आवाज बुलंद करेगा।

# ऑल इण्डिया मुस्लिम फेडरेशन ने कि मासिक बैठक का आयोजन





ऑल इण्डिया मुस्लिम फेडरेशन के हेड ऑफिस चाह खजान खान पहाड़ी गेट, रामपुर पर मासिक बैठक 2 मार्च 2022 दिन बुधवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता जनाब बाबर खां राष्ट्रीय अध्यक्ष ने तथा संचालन जनाब हाजी मोहम्मद जमीर रिजवी एडवोकेट ने किया। बैठक के एजेंडा के अनुसार बीते विधानसभा चुनाओ में लोगो की अच्छे तादात में वोटिंग हुई जिसके लिए फेडरेशन के सभी साथियों को मुबारकबाद पेश की गई।एजेंडे की दूसरे बिंदु पर शहर और तहसीलों में फेडरेशन से ज्यादा से ज्यादा लोगो को जोड़ने पर मशवरा हुआ। एजेंडा के तीसरे बिंदु पर गौर करते हुए बताया गया कि यूक्रेन में फसे भारतीय लोगो को भारत में वापिस जल्द से जल्द पहुंचने के लिए सरकार को फेडरेशन की ओर से ज्ञापन दिए जाने पर जोर दिया गया। ज्ञापन देने के लिए 4 मार्च 2022 दिन शुक्रवार समय 11 बजे सुबह निर्धारित हुआ। जनाब बाबर खां ने यूक्रेन में फसे लोगो को भारत वापसी के लिए सरकार का धन्यवाद दिया क्युकी यूक्रेन में फसे भारतीय की तादात काफी अधिक है इसलिए सरकार से तेजी से काम करने की उम्मीद कीऔर बाकी लोगो की जल्द भारत में वापसी की दुआ करते हुए सभी फेडरेशन के लोगो से हर संभव अपनी ओर से भी काम करने और सरकार का सहयोग करने पर जोर दिया।बैठक में अजीम इकबाल खान एडवोकेट प्रदेश अध्यक्ष, खान शोएब यूनुस राष्ट्रीय सचिव, राहत जान खां राष्ट्रीय प्रोपोगेंडा सचिव, असलम खान जिला अध्यक्ष, अर्शी खां शहर अध्यक्ष, फैजान खान शहर महासचिव, आरिश खान शहर यूथ अध्यक्ष, मौजूद रहे।

## रेनू ने महनत कर रोडवेज को अच्छी आय के साथ साथ पाया सम्मान



» अंटू मिश्रा, मदरलैंड संवाददाता

एटा। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम एटा में परिचालक पद पर तैनात रेनू ने विभाग को अच्छी आय दिलाते हुए डिपो को अच्छी पहचान दिलाई जिस पर एटा डिपो ने रेनू को सम्मान का हकदार मानते हुए सम्मान किया। रेनू के पिताजी भी रोडवेज में परिचालक के पद पर कार्यरत थे वो कई विमारी के साथ जूझ ते रहे लेकिन समय के आगे उनकी कुछ नही चली और उनका 1999 में स्वर्गवास हो गया था जब उनके घर मे कोई भी ऐसा व्यक्त नही था जो परिवार का भरण पोषण कर सके तभी उनकी बेटी रेनू को म्रतक आश्रित में उसी पद पर विभाग ने 2005 मे नोकरी दे दी जिससे रेनू पर परिवार की पूर्ण जिम्मेदारी का बोझ पड़ गया और तभी से रेनू ने अपने परिवार के भरण पोषण की पूर्ण जिम्मेदारी अपने कंधो पर ले ली फिर उनकी शादी 2006 में सुनील कुमार गौतम के साथ हुई फिर उन पर डबल जिम्मेदारी का भी वजन पड़ गया इसके साथ साथ उन्होंने दोनों परिवारों की पूर्ण जिम्मेदारी लेते हुए विभाग के प्रति भी पूर्ण निष्ठा और लगन के साथ कार्य किया। जिस पर एआरएम एटा ने परिचालन कर रही रेनू की प्रशंसा करते हुए कहा कि रेनू हमारे डिपो की बहुत ही मेहनती और कर्मठ कर्मचारी है। जिस पर रेनू ने एआरएम का आभार व्यक्त किया।

## टोल प्लाजा से राहत दिलाने के मामलें ने अब तूल पकडना शुरू, 6 मार्च को प्रस्तावित घामडोज टोल पर एक बैठक

» मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। सोहना-तावडू विधानसभा में विभिन्न जगहों पर लगे टोल प्लाजा से राहत दिलाने के मामलें ने अब तूल पकडना शुरू कर दिया है। सामाजिक लोगों ने इस अभियान की कामयाबी को लेकर आगामी 6 मार्च को प्रस्तावित घामडोज टोल पर एक बैठक बुलाई जा रही हैं और साथ ही अभियान की कामयाबी को लेकर गांव दमदमा स्थित ब्लूकेम्प में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस व सामाजिक नेता सतबीर पहलवान ने कहा कि विधानसभा के चौतरफा टोल प्लाजा की भरमार होती जा रही है और लोगों के विरोध व राहत देने के उठाये जा रहे कदम पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि, लोगों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना सरकार का दायित्व है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासी सरकार के अच्छे कामों की सदैव मुहर लगा रहे हैं लेकिन विकास की आड में जगह-जगह टोल प्लाजा लगाकर आर्थिक मंदी, तंगी व कोरोना की मार झेल रहे लोगों पर टोल की अलग से मार पड रही हैं। उन्होंने बैठक में मौजूद लोगों से टोल प्लाजा हटाओ अभियान को लेकर छेडी गई मुहीम को लेकर 6 मार्च रविवार को घामडोज टोल प्लाजा पर बुलाई गई बैठक में कामयाबी के लिए जुटने का आहवान किया।

इस अवसर पर सतबीर सिंह, नेता जी मेहरचंद, बाबू जतिनबीर राघव, मनोज सहजावास, लीलू गुर्जर, पाल खटाना, बॉबी, पप्पू पहलवान, पूर्व पार्षद जगमिन्द्र, पूर्व सरपंच स्वराज, पप्पू, सुन्दर खूंटी, मंदीप खटाना व बबली पहलवान आदि समेत इलाके के गणमान्य लोग भी मौजूद रहें।

## पति व सास-ससुर समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज

» फैजान भारती, मदरलैंड संवाददाता



सिकंदराराऊ कोतवाली के गांव बारमऊ निवासी विवाहिता की मौत के मामले में परिजनों ने उसके पति व सास-ससुर समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

अलीगढ़ के गोंडा थाना क्षेत्र के गांव भैमती निवासी डालचंद्र ने कहा है कि उन्होंने अपनी पुत्री सरिता की शादी 2016 में सिकंदराराऊ के गांव बारमऊ निवासी अमर सिंह के पुत्र राहुल से की थी। शादी में 15 लाख रुपया खर्च किया गया था। लेकिन बेटी के ससुराल वाले दहेज से संतुष्ट नहीं थे।अतिरिक्त दहेज के लिए उन्होंने सरिता का उत्पीड़न शुरू कर दिया। इस पर उन्होंने एक ट्रैक्टर भी दिया था। उसके बाद दहेज में कार मांगने लगे। 25 फरवरी को सरिता का फोन आया कि कार नहीं देने पर उसे ससुराल वालों ने बुरी तरह मारापीटा है। 27 फरवरी को खबर आई कि सरिता की मौत हो गई है। ससुराल वाले उसे इलाज के लिए अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज ले गए थे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सरिता के बेटे ने बताया कि उसकी मां को मारा पीटा गया और गला दबाया गया। पुलिस ने सरिता के पति राहुल, ससुर अमर सिंह, सास मुन्नी देवी, जेठानी प्रेमा देवी, ननद प्रियंका व ननदोई जितेंद्र के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जुए का खेल और फिर विवाद, निशाना बना आठ माह का मासूम, दर्दनाक मौत

» अजय सक्सेना, मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। जुए के खेल को लेकर हुए विवाद में आठ माह के मासूम की जान चली गई। आरोप है कि झगड़े को शांत कराने के दौरान मां की गोद से बच्चे को दूसरे पक्ष की महिला ने छीनकर जमीन पर पटक दिया।

मैनपुरी के थाना बरनाहल क्षेत्र के गांव कनिकपुर सादा में बुधवार देर शाम झगड़े में चार माह के मासूम को विपक्षी महिला ने जमीन पर फेंक दिया। जिससे मासूम की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

**यहां की घटना**

थाना क्षेत्र के गांव कनिकपुर सादा निवासी सत्यवीर के प्लॉट में बुधवार की शाम कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। जब उसने मना किया तो आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया था। इसकी शिकायत पीड़ित ने थाने में की थी। देर शाम उक्त विवाद को लेकर विपक्षी फिर से आ गए और झगड़ा करने लगे। इस दौरान सत्यवीर के भाई धर्मवीर की पत्नी झगड़े में बीच-बचाव करने के लिए आई।

***जमीन पर पटका मासूम***

आरोप है तभी एक विपक्षी महिला ने उसकी गोद से आठ माह के मासूम कार्तिक को छीन लिया और जमीन पर पटक दिया, जिससे मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह पुलिस बल के साथ गांव पहुंच गए और जानकारी जुटाई। पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

***दो के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर***

भारी निरीक्षक नरेंद्र पाल का कहना है कि बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जांच की जा रही है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की हैमैनपुरी 03 मार्च, 2022- अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र ने बताया कि जनपद में अब तक 16 छात्रों को यूक्रेन में फंसे होने की सूचना जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण मैनपुरी को प्राप्त हुयी, जिसमें से 06 छात्र सकुशल अपने घरों को वापस आ चुके हैं, जिसकी सूची आवश्यक कार्यवाही हेतु राहत आयुक्त कार्यालय उ.प्र. शासन लखनऊ, (एकीकृत आपदा नियतंत्रण केन्द्र) को प्रेषित की जा चुकी है, यूक्रेन में फंसे हुए व्यक्तियों, छात्रों की स्वदेश वापसी की व्यवस्था के सम्बन्ध में अपडेट एडवाइजरी भारतीय दूतावास कीव, यूक्रेन द्वारा लगातार उनकी बेवसाइट https://www.eoiukraine.gov.in/index.php पर अपलोड की जा रही है, जनपद के छात्रों के परिजन कृपया अपने फंसे हुये परिजनों से सम्पर्क होने पर भारतीय दूतावास कीव की बेवसाइट में अपलोडेड एडवाइजरी के अनुरूप कार्यवाही करने हेतु अपने पाल्य, परिजन को अवश्य सूचित करें। उन्होंने जनपद के छात्रों के अभिभावकों से कहा है कि भारतीय दूतावास कीव, यूक्रेन की https://www.eoiukraine.gov.in/index.php बेवसाइट पर Registration Form for Indian citizens in Ukraine लिंक पर भारतीय छात्र अपना रजिस्ट्रेशन भी अनिवार्य रूप से करा लें. इसके अतिरिक्त उक्त कार्यवाही हेतु 24x7 राज्य कन्ट्रोल रूम लखनऊ टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 0522-1070 पर कॉल कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## गांव चाहलका के सरकारी स्कूल में स्टाफ की कमी के चलते मुख्य गेट पर ताला जडा

» मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात। जिला के ऐतिहासिक महत्व के चाहलिया गोत्र के अहम गांव चाहलका के 12वीं के सरकारी विद्यालय में शिक्षकों की कमी को पूरा न करने के विरोध में गुरूवार को ग्रामीणों में उबाल आ गया और विद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड दिया। स्कूल गेट पर ताला लगने से अध्ययनरत विद्यार्थी, पीठ पर पीठू बेग लादकर काफी समय तक खडे रहे, जिला शिक्षा अधिकारी के संज्ञान में मामला पहुंचने के बाद तावडू के खण्ड शिक्षा अधिकारी ने मौका पर पहुंचकर अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावकों व ग्रामीणों को समझाकर मुख्य गेट को खुलवाया।

नम्बरदार इकबाल नम्बरदार, आबिद, सलमुदीन, खालीद हुसैन, आबिद हुसैन, हसन मो, सरफराज, ताहिर, फौजी खलील, फौजी सरूण, इलियास सरपंच, हकमूदीन, एजाज, निसार, आजम, चौधरी अख्तर आदि ने जानकारी दी कि उनके गांव के 12वीं के सरकारी विद्यालय में शिक्षकों भारी कमी है, जबकि मार्च के अंत में बोर्ड की परीक्षाएं होनी है, इससे बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जायेगा। उन्होंने इसके चलते स्कूल के मुख्य गेट पर ताला जडने पर बीईओ तावडू के आश्वासन के बाद ताला खोल दिया गया है। इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारी डा0 अब्दुल रहमान ने गुरूवार सांय माना कि गांव चाहलका के 12वीं के विद्यालय में शिक्षकों की कमी के चलते अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावकों व ग्रामीणों ने विरोध में विद्यालय के गेट पर ताला जड दिया और साथ ही दावा कर कहा कि तावडू के खण्ड शिक्षा अधिकारी के समझाने के बाद गेट खुलवा दिया गया।




# मॉडिफाइड साइलेंसर कराने वालों के विरुद्ध की जाएगी कार्रवाई

## मोडिफाइड साइलेंसर होने पर पंजीयन निरस्त किए जा सकते हैं

» मदरलैंड संवाददाता

एटा। दोपहिया वाहनों के चालक विशेष कर रॉयल एनफील्ड, बुलेट मोटरसाइकिल के स्वामियों के द्वारा वाहन निमार्ता द्वारा केन्द्रीय मोटरयान नियमावली के नियम-120 के मानकों के अनुरूप लगाये गये साईलेंसर को निकलवाकर अथवा उसमें परिवर्तन कराया जा रहा है, जो न केवल मोटरयान अधिनियम-1988 की धारा-52 वाहन में अनधिकृत परिवर्तन का उल्लंघन है, अपितु धारा 190(2) निर्धारित मानक से अधिक ध्वनि प्रदूषण का भी उल्लंघन है। जहाँ धारा-52 के उल्लंघन में 5 हजार रुपये के जुमार्ने का प्रावधान है, वहीं धारा-190(2) के उल्लंघन में 10 हजार रुपये जुमार्ने का मोटरयान अधिनियम के अन्तर्गत प्राविधानित किया गया है। इस प्रकार मोटरसाइकिल के साइलेंसर को निकलवाकर अथवा उसको मोडिफाई करने पर उल्लघंनकर्ता पर 15 हजार रुपये जुमार्ना आरोपित हो सकता है। इसी के साथ ही पी.आई.एल. संख्या-15385/2021 न्वायज पाल्यूशन थ्रू मोडिफाईड साइसेंलर पी०आई०एल बनाम राज्य व अन्य के केस में उच्च न्यायालय खण्डपीठ लखनऊ द्वारा इस प्रवृत्ति का स्वतः संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित विभागों द्वारा कार्यवाही किये जाने के आदेश दिये गये हैं।

इसी क्रम में जनपद के समस्त दो पहिया वाहनों विशेष कर रॉयल एनफील्ड बुलेट के स्वामियों व चालकों को निर्देशित किया जाता है कि यदि उनके दोपहिया वाहन में निमार्ता द्वारा लगाये साइलेंसर को निकाल लिया गया है अथवा उसमें परिवर्तन किया गया है तो उसे तत्काल सुधार कराकर वाहन निमार्ता द्वारा वाहन विक्रय के समय लगाये गये मानक के अनुरूप ओरिजिनल साइलेंसर पुनः लगवा लें। अन्यथा की स्थिति में विशेष अभियान चलाकर ऐसे वाहन स्वामियो व चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए जुमार्ना आरोपित किया जायेगा। इसी के साथ ही समस्त स्पेयर पार्ट्स विक्रेता एवं मैकेनिक की दुकानें तथा गैराज एवं वर्कशॉप भी मॉडिफाइड साइलेंसर का विक्रय एवं फिटिंग तत्काल प्रभाव से न करें, अन्यथा इनके विरूद्ध भी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। साथ ही ऐसे व्यक्ति उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना के भी उत्तरदायी होंगे। मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर संचालित पाये जाने की स्थिति में मोटर वाहन अधिनियम-1988 की धारा-53 के अन्तर्गत वाहन का पंजीयन निलम्बित करने की कार्यवाही भी की जायेगी। यदि वाहन स्वामी के द्वारा मोटरसाइकिल मॉडिफाइड साइलेन्सर को हटाकर मानकयुक्त साइलेंसर नहीं लगाया जाता है तो पंजीयन निलम्बित रहने के 6 माह के उपरान्त धारा-54 के अन्तर्गत पंजीयन निरस्त करने की कार्यवाही भी की जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध कब्जों के खिलाफ भाजपाईयों का नगर आयुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन, ज्ञापन

देहरादून, एजेंसी। नगर निगम की भूमि पर लगातार हो रहे भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जों के खिलाफ भाजपा पार्षद लगातार मुखर हो रहे हैं। भाजपा पार्षदों ने आक्रामक रूख अपनाते हुए नगर निगम के नगर आयुक्त के कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा और लगातार नगर निगम की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों को मुक्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जल्द ही कार्यवाही न करने पर धरने पर बैठने की चेतावनी दी। यहां भाजपा पार्षद भूपेन्द्र कठैत के नेतृत्व में भाजपा पार्षद नगर निगम में इकटठा हुए और वहां पर नगर निगम की भूमि पर लगातार हो रहे अवैध कब्जों के खिलाफ भाजपा पार्षदों ने प्रदर्शन कर नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। वहीं कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि जल्द ही भूमि को मुक्त नहीं किया गया तो कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ जायेंगे। इस दौरान नगर आयुक्त ने जल्द ही कार्यवाही करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर ज्ञापन में कहा गया है कि बोर्ड में जमीनों के मामलां में निगम बार बार पीछे होता जा रहा है बोर्ड में जमीनें सबसे ज्यादा खुर्दबुर्द हो रही हैं। नगर निगम की जमीनों पर एसआईटी जांच की जाये। उन्होंने कहा कि डालनवाला थाने के साथ माधव राम क्वार्टर के समीप पूर्व में जिलाधिकारी, नगर आयुक्त, मेयर और पार्षदों व कर्मचारियों के द्वारा उस जमीन को बचाई गई थी उस पर गेट लगवाकर चाहरदीवारी और कमरा बनाया गया था। ज्ञापन में कहा गया कि परन्तु दुर्भाग्य है कि उसमें जो जमीन बचाई थी आजकल उन जमीनों पर चोरी चोरी टैक्स लगवाया जा रहा है ताकि माफियाओं को कोर्ट जाने का बहाना मिल जाये। ज्ञापन में कहा गया है कि जिस किसी ने भी यह टैक्स जगवाया है उनके खिलाफ मुकदमा कायम कराया जाये और इसकी एसआई जांच की जाये। इस अवसर पर ज्ञापन में चेतावनी दी है कि यदि तीन दिन के अंदर कार्यवाही नहीं होती है तो मजबूरन होकर कार्यालय के बाहर धरने पर बैठेंगे। इस अवसर पर नगर आयुक्त ने उचित कार्यवाही करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में अनेक पार्षद शामिल रहे।

### पिछले पांच वर्षों में प्रदेश का विकास हुआ प्रभावितः महेश जोशी

देहरादून, एजेंसी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव महेश जोशी ने कहा कि नतीजे प्रदेश का भविष्य तय करेगा। उन्होंने कहा कि 10 मार्च को प्रदेश की तस्वीर एवं तकदीर का फैसला होगा। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि जहां पिछले पांच वर्षों में प्रदेश का विकास प्रभावित हुआ है वहीं सरकार अपने ही फैसले पलटने में लगी रही। उन्होंने कहा कि जिससे प्रदेश का विकास बुरी तरह प्रभावित हुआ है जिससे प्रदेश पिछड़ा है। ऐसे में प्रदेश को प्रदेश के प्रति सोच विकासपरक योजनाओं को धरातल पर उतारे जाने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उत्साहपूर्ण ढंग से लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़ कर भाग लिया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने घर से बाहर निकल कर लंबी-लंबी लाइनों में खड़ी थी, जो इस ओर इशारा है कि वो महंगाई के खिलाफ वोट दिया है। उन्होंने कहा कि महंगाई से जनता पूरी तरह से तब भी और अब भी त्रस्त है। केन्द्र सरकार महंगाई को नियंत्रित नहीं कर पा रही है एक बार फिर से सिलेंडर के दाम में बढ़ोत्तरी कर दी है जो चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि युवाओं का सरकार के प्रति आक्रोश दिखा। उन्होंने कहा कि कर्मचारी वर्ग सरकार से खफा थे। उन्होंने कहा कि हर वर्ग का सरकार के खिलाफ विरोध एंटीइंकम्बेसी साफ दिखाई दी। उन्होंने कहा कि जो इस ओर इशारा कर रही है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पक्ष में नतीजे आयेंगे और 10 मार्च का दिन प्रदेश की तस्वीर एवं तकदीर बदलेगा। उन्होंने कांग्रेस कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया जिन्होंने जी जान से कड़ी मेहनत की है।

### झील से अज्ञात शव बरामद

देहरादून, एजेंसी। चैकी कोटी कॉलोनी से एसडीआरएफ टीम को सूचना प्राप्त हुई कि पुलिस चैकी कोटी कॉलोनी से नीचे वाटर फिल्टर के पास झील में एक शव दिखाई दे रहा है, जिसे बाहर निकालने हेतु एसडीआरएफ टीम की आवश्यकता है। इस अवसर पर उपरोक्त सूचना प्राप्त होने पर एसडीआरएफ पोस्ट कोटी कॉलोनी से मुख्य आरक्षी सुरेश तोमर के नेतृत्व में टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई। इस अवसर पर एसडीआरएफ टीम को घटनास्थल पर पहुंचने के उपरांत ज्ञात हुआ कि उक्त शव लगभग दो से तीन दिन पुराना है, जिसकी पहचान अभी तक नही हो पाई है। इस अवसर पर एसडीआरएफ टीम द्वारा मोटर बोट की सहायता से उक्त अज्ञात शव को झील से बरामद कर मुख्य मार्ग तक पहुंचाकर बॉडी बैग के माध्यम से जिला पुलिस के सुपुर्द किया गया।

### विधायक ने किया बिंदाल नदी किनारे लग रहे 700 मीटर लंबे पुश्ते का निरीक्षण

देहरादून, एजेंसी। ब्रह्मपुरी और लोहियानगर में बिंदाल नदी से सटे तमाम मकानों की सुरक्षा को लेकर पुश्ता बनाने का काम अंतिम चरण में है। ऐसे में आगामी बरसात में लोगों को नदी में आये पानी की समस्या से निजात मिल जाएगी। यहां धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद चमोली की ओर से ब्रह्मपुरी और लोहिया नगर वार्ड में बिंदाल नदी किनारे लग रहे 700 मीटर लंबे पुश्ते का निरीक्षण किया। इस अवसर पर इसके साथ ही जगह-जगह छूटे एवं छतिग्रस्त पुश्ते को भी जल्द ठीक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। विधायक विनोद चमोली ने बताया कि ब्रह्मपुरी और लोहियानगर वार्ड में बिंदाल नदी से सटे तमाम मकान हैं। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान यहां पर पानी आने से लोगों के मकानों खतरा होता है। उन्होंने कहा कि इसके चलते यहां पर काफी लंबा पुश्ता बनने का काम अंतिम चरण में है। इसके बाद आगामी बरसात में लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिल जाएगी। वहीं बहुप्रतीक्षित राजीव जलमार्ग का निर्माण शुरू होने पर उसका भी निरीक्षण विधायक विनोद चमोली ने किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष धर्मपाल सिंह रावत, पार्षद सतीश कश्यप, नीरज सेठी, महामंत्री कौशलेंद्र सिंह, गौरव बूढ़ाकोटि, नाथीराम धीमान, जसवीर सिंह, निधि राणा, विद्यापीठ, विजय कुमार, अंकित सक्सेना, संजीत कुमार, हरी किशोर, पानो देवी, सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### भाजपा की मतगणना को लेकर तैयारी शुरू

देहरादून, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी ने आगामी 10 मार्च की चुनाव मतगणना को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। इसे लेकर सात मार्च को पार्टी की बैठक आयोजित की गई है जिसमें प्रदेश चुनाव प्रभारी केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी शिरकत करेंगे। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि 07 मार्च को 11 बजे होटल पैसिफिक में 10 मार्च को होने वाली मतगणना को लेकर तैयारी बैठक सुनिश्चित की गई है।

## शंतरज के खिलाडी डॉ. गुप्ता का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन



- दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में होने वाली प्रतियोगिता में लेंगे हिस्सा
- 10 से 17 मार्च तक होने वाली प्रतियोगिता में देशभर के खिलाड़ी होंगे शामिल

हरिद्वार, एजेंसी। उत्तराखण्ड से शंतरज के खिलाड़ी डॉ. राजेश गुप्ता का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। जिन्होंने जनपद से लेकर प्रदेश स्तर तक अपने प्रतिद्वदीयों को पछाड़ कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई है। जोकि दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में देशभर के विभिन्न प्रांतों से आने वाले शंतरज के खिलाड़ियों के आमने-सामने होंगे। उत्तराखण्ड के शंतरज खिलाडी का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन होने पर उत्तराखण्ड स्वास्थ्य निदेशक, प्रदेश स्वास्थ्य की संगठन समेत जिला के चिकित्सकों और जन प्रतिनिधियां ने बधाई देते हुए उनको राष्ट्रीय प्रतियोगिता के अग्रिम शुभकानाएं भी दी हैं। बताते चले कि डॉ. राजेश गुप्ता मेला अस्पताल के सीएमएस पद पर तैनात है। जिन्होंने कोविड काल के विषम परिस्थितियों में अपनी स्वास्थ्य टीम के साथ कोरोना संक्रमितों के उपचार करते हुए आलाधिकारियों समेत जनपद प्रतिनिधियों और जनता का विश्वास जीत कर प्रशांसा के पात्र बने रहे। डॉ. राजेश गुप्ता शंतरज खेलने के शौकीन हैं, जिन्होंने अपनी सेवाओं से कुछ समय निकाल कर शंतरज खेलते रहे। जिसका नतीजा यह रहा कि उन्होंने हाल ही में जनपद से लेकर प्रदेश स्तर की शंतरज प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए अव्वल रहे। मेला अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश गुप्ता शंतरज के मंझे खिलाडियों को मात देकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी जगह बनायी है। जोकि दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में 10 से 17 मार्च तक होने वाली शंतरज की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड की ओर से हिस्सा लेगें। जहां पर देशभर से अपने वाले शंतरज खिलाड़ियों के आमने-सामने होंगे। डॉ. राजेश गुप्ता को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पहुंचने पर चिकित्सकों, जनता और जनप्रतिनिधियों की शुभकानाए मिलने का तांता लगा हुआ है।

## सातवीं 'कोरिया-इण्डिया फ्रेंडशिप क्विज कांटेस्ट' शुरू

देहरादून, एजेंसी। भारतीय कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र ने सातवीं ह्यकोरिया-इंडिया फ्रेंडशिप क्विज कांटेस्टह्व के लिए पंजीकरण शुरू किया है, जिसमे पूरे भारत से छात्र भाग ले सकते है। इस कांटेस्ट के आयोजन का उद्देश्य स्कूली छात्रों के बीच कोरिया और इसके विविध पहलुओं के बारे में जागरूकता फैलाना है, जिससे देश, उसके लोगों और वर्षों से भारत के साथ उनकी बातचीत को बेहतर ढंग से समझा जा सके। कांटेस्ट में भाग लेने के लिए छात्रों को सबसे पहले कोरियाइंडियाफ्रेंडशिपक्विज2022.इन पर ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा, जिसकी अंतिम तिथि 15 अप्रैल है। प्रथम विजेता को 200000 रुपये का नकद पुरस्कार, उपविजेता को 150000 रुपये, द्वितीय उपविजेता (तीसरी रैंक) को 100000 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके ऊपर सभी 10 जोनल चैंपियन 2 साल के लिए सम्मान प्रमाण पत्र और केसीसीआई सदस्यता के साथ 10,000 रुपये प्रत्येक जीतेंगे। प्रतियोगिता कोरिया के समाज और संस्कृति, परंपराओं, इतिहास, कला, प्रकृति, भूगोल, पर्यटन आदि संबंधित सभी प्रकार के ज्ञान पर केंद्रित होगी। आयोजन को तीन भागों में बांटा गया है। पहला ऑनलाइन राउंड वेब लिंक के माध्यम से पंजीकरण के बाद 15 अप्रैल तक होगा, छात्र अपने सुविधाजनक समय के अनुसार प्रश्नोत्तरी ले सकते हैं, अंत में छात्र को एक इलेक्ट्रॉनिक भागीदारी प्रमाण पत्र मिलेगा। दूसरा दौर पांच क्षेत्रों में विभाजित है - उत्तर, दक्षिण, पश्चिम, पूर्व और मध्य भारत। यह प्रतियोगिता 27 अप्रैल से 29 अप्रैल तक प्रत्येक क्षेत्र के लिए अलग-अलग निर्धारित तिथियों पर आयोजित की जाएगी। इसमें से चुने गए प्रत्येक क्षेत्र के विजेताओं की अंतिम आमने-सामने की प्रतियोगिता 12 मई (गुरुवार) को दिल्ली के आयोजन स्थल पर ग्रैंड फिनाले में होगी। कोरियन कल्चरल सेंटर इंडिया के निदेशक ह्वांग इल-योंग ने कहा, ह्लमहामारी की कठिन स्थिति के बावजूद, कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र भारत ने लगातार विभिन्न रूपों में भारतीय छात्रों के लिए युवा सांस्कृतिक आदान-प्रदान परियोजनाओं और कार्यक्रमों को बनाए रखा है और आगे भी ऐसा करना जारी रखेगा। हमें उम्मीद है कि भारतीय छात्र वास्तविक अनुभव और ज्ञान के माध्यम से कोरिया और कोरियाई संस्कृति के बारे में अधिक जानने में सक्षम होंगे।

## यूक्रेन में फंसे छात्रों के परिजनों से की जिलाधिकारी ने मुलाकात

देहरादून, एजेंसी। जिलाधिकारी डॉ. आर राजेश कुमार ने आज यूक्रेन से बार्डर में पहुंचे मेडिकल के विद्यार्थियों विनायक थपलियाल एवं अस्मिता थपलियाल के परिजनों से उनके आवास समृद्धि एनक्लेव कारगी चैक पर मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि जिला प्रशासन एवं पीएमओ कार्यालय जनपद एवं राज्य के विद्यार्थी एवं लोगों को घर वापसी के लिए निरन्तर भारतीय दूतावास से समन्वय बनाये हुए है तथा निरन्तर भारतीय विद्यार्थी एवं लोगों को सकुशल घर वापसी के लिए कार्य में जुटी है। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर दोनों विद्यार्थी की वर्तमान लोकेशन के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिस पर परिजनों ने सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि बच्चों ने बताया है कि भारतीय दूतावास भी बच्चों से नियमित सम्पर्क बनाये हुए है। उन्होंने परिजनों को छात्रों की वापसी के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। जिला प्रशासन द्वारा यूक्रेन में फंसे जनपद एवं राज्य के लोगों व छात्रों की सुरक्षित घर वापसी के लिए शासन एवं केन्द्र सरकार से नियमित सम्पर्क बनाते हुए सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने ऐसे सभी परिजनों से जिनके बच्चे एवं रिश्तेदार वर्तमान मे यूक्रेन में फंसे है को जिला आपदा परिचालन केन्द्र के दूरभाष नम्बर 0135-2726066, 1077 (टोल-फ्री), 07534826066 व ई-मेल आईडी डीईओसी.पीजीआरसी.डीडीएन एटदरेट जीमेल.कॉम पर सूचना आदान प्रदान करने का अनुरोध किया ताकि यूक्रेन में फंसे लोगों को देश वापस लाने में जल्द से जल्द कार्यवाही की जा सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के 65 लोगों एवं छात्रों के यूक्रेन में फंसे होने की सूचना के क्रम में 24 लोगों को देश वापस लाया जा चुका है जबकि 41 लोगों को वापस लाया जाना शेष है जिसके लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास जारी हैं। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, तहसीलदार सदर उपस्थित रहे।

## सिडकुल से चोरी की बाइकों के साथ दो गिरफ्तार



हरिद्वार, एजेंसी। सिडकुल पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों से चोरी हुई बाइकों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। सिड़कुल प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार उनियाल ने बताया कि अलग-अलग क्षेत्रें से दो बाइक चोरी की वारदात को अज्ञात द्वारा अंजाम दिया गया था। जिसके सम्बंध में 26 फरवरी को विनित कुमार पुत्र सतपाल निवासी रावली महदूद सिड़कुल हरिद्वार और 01 मार्च को हरपाल सिंह पुत्र लक्खीराम निवासी अन्नेकी हेतमपुर रोशनाबाद सिडकुल ने बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालते हुए चोरों की शिनाख्त करते हुए तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान बुधवार की शाम को मुखबिर से सूचना मिली कि क्षेत्र से चोरी हुई दो बाइकों के साथ दो युवकों को सिडकुल क्षेत्र में देखा गया है। सूचना पर पुलिस ने बिना वक्त गंवाये बताये गये आईएमसी चैक पर चैकिंग अभियान शुरू कर दिया। इसी दौरान दो बाइकों पर दो युवक आते नजर आये। जोकि पुलिस की चैकिंग अभियान को देखते ही बाइक मोड़ कर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस को उन पर शक होने पर उनका पीछा कर घेर घोट कर दबोच लिया। पुलिस ने बाइक सवारों से उनको देखते ही भागने का कारण जाना, जिस पर उन्होंने बाइक चोरी की होने की जानकारी दी। पुलिस दोनों को पकड कर थाने लेकर पहुंची। जहां पर पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना नाम सौरभ पुत्र राम बहादुर निवासी बिराहमपुर स्यौहारा बिजनौर हाल हेतमपुर रोशनाबाद सिडकुल और ओमप्रकाश ऊर्फ इलू पुत्र राजकुमार ऊर्फ छोटाराम निवासी ग्राम हेतमपुर रोशनाबाद सिडकुल बताते हुए बाइकों को क्षेत्र से चोरी करने की बात को कबूला है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिनको मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

## वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2022-23 के लिए विभिन्न कार्यक्रम सम्बंधित मीटिंग का आयोजन

देहरादून, एजेंसी। राज्य परियोजना कार्यालय सभागार में राज्य परियोजना निदेशक बंशीधर तिवारी, अपर राज्य परियोजना निदेशक, डॉक्टर मुकुल कुमार सती की उपस्थिति में समग्र शिक्षा के अन्तर्गत वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2022-23 के लिए विभिन्न कार्यक्रमों, हस्तक्षेपों यथा बालिका शिक्षा, समावेशित शिक्षा, कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास, आवासीय एवं विद्यालय से बाहर रह गये बच्चों हेतु आवासीय-अनावासीय विशिष्ट प्रशिक्षण, शिक्षा का अधिकार, सामुदायिक सहभागिता आदि कार्यक्रमों को लेकर मीटिंग की गई। इस मौके पर पांच जनपदों क्रमशः अल्मोड़ा, हरिद्वार, टिहरी एवं ऊधमसिंह नगर के अपर जिला परियोजना अधिकारी, माध्यमिक एवं बेसिक जिला समन्वयक को प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने हेतु विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। राज्य परियोजना निदेशक, बंशीधर तिवारी द्वारा समस्त प्रतिभागियों को समस्त गतिविधियों के धरातलीय आधार पर सूक्ष्म नियोजन करते हुए कार्य योजना तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अपर राज्य परियोजना निदेशक, डॉक्टर मुकुल कुमार सती द्वारा वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2022-23 के लिए समस्त गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के योजना प्रारूप एव नियोजन सारणियों को विधिवत तैयार कर अपलोड किये जाने के साथ ही समयान्तर्गत भौतिक रूप से प्रस्ताव/योजना राज्य परियोजना कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उप राज्य परियोजना निदेशक पल्लवी नैन द्वारा प्रतिभागियों से वर्ष 2021-22 में सम्पन्न हुई गतिविधियों एवं नवाचारी प्रयासों के फोटोग्राफ, उत्कृष्ट वीडियों केस स्टडी, आदि को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया ताकि सम्बन्धित सामाग्री शगुन पोर्टल पर यथासमय अपलोड की जा सके। समावेशित शिक्षा एवं विद्यालय से बाहर रह गये बच्चों हेतु आवासीय, अनावासीय विशिष्ट प्रशिक्षण के अन्तर्गत उप राज्य परियोजना निदेशक आकाश सारस्वत एवं राज्य समन्वयक अंजुम फातिमा द्वारा विद्यालय से बाहर रह गये बच्चों हेतु नवीन नेताजी सुभाष चन्द बोस आवासीय विद्यालय एवं उनके उच्चीकरण तथा केजीबीवी उच्चीकरण सम्बन्धी प्रस्ताव तैयार किये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

## बेरोजगारी से परेशान नर्स के छोटे भाई ने लगाई फांसी

- मृतक डी फार्मा होने के बावजूद था बेरोजगार, डिप्रेशन में उठा कदम
- महिला व मेला अस्पताल के चिकित्सकों व स्टॉफ में शोक की लहर

हरिद्वार, एजेंसी। बेरोजगारी से परेशान मेला अस्पताल की नर्स के छोटे भाई ने दोपहर को घर में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना की जानकारी लगते ही घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा हैं कि मृतक ने डी फार्मा किया हुआ था, लेकिन बेरोजगार होने के कारण मानसिक रूप से परेशान था। जिसकी सूचना मिलते ही मेला व महिला अस्पताल के चिकित्सकों समेत स्टॉफ में शोक की लहर दौड गयी। कनखल एसएसआई डीएस रावत ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे सूचना मिली कि सती कुण्ड कॉलोनी कनखल में एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन परिजनों ने पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही शव को नीचे उतार चुके थे। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की पहचान विष्णु दत्त पुत्र राम दत्त (22) के रूप में हुई है। परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ के दौरान पता चला कि मृतक युवक ने डी फार्मा किया हुआ था, लेकिन बेरोजगार था। जिसकारण वह मानसिक रूप से परेशान देखा जा रहा था। बताया जा रहा हैं कि युवक बेरोजगार होने के कारण अक्सर सुबह देर से उठता था। लेकिन आज जब विष्णु दत्त नहीं उठा तो परिजनों ने उसके कमरे के दरवाजे पर काफी दस्तक दी। लेकिन कमरे के भीतर से कोई जबाब न मिलने पर परिजनों को शक हुआ और उन्होंने खिड़की से झांक कर देखा तो पंखे से चुन्नी के सहारे विष्णु दत्त लटका हुआ था। जिसके बाद घर में कोहराम मच गया। बताया जा रहा हैं कि परिजनों ने दरवाजे की किसी तरह कुण्डी तोड कर जिंदा होने की उम्मीद में फांदे से युवक को नीचे उतारा गया। लेकिन उसकी जान जा चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृतक की बहन महिला अस्पताल में नर्स है, लेकिन मेला अस्पताल में अटैच है। जैसे ही नर्स के छोटे भाई के सुसाइड की खबर महिला व मेला अस्पताल में पहुंची तो चिकित्सकों व स्टॉफ में शौक की लहर दौड़ गयी।

## हर बात पर सवाल खड़े करने वाली कांग्रेस व अन्य दल अब देश के लिए खुद सवाल बन गए हैं: डा. भसीन



देहरादून, एजेंसी। कांग्रेस व विपक्ष के प्रादेशिक व राष्ट्रीय नेताओं द्वारा यूक्रेन से छात्रों की वापसी पर जो सवाल खड़े किए जा रहे हैं उन पर तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र भसीन ने कहा कि हर बात पर सवाल खड़े करने वाली कांग्रेस व दूसरे दल अब देश के लिए खुद सवाल बन गए हैं। यहां जारी एक बयान में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डा. देवेंद्र भसीन ने कहा कि यूक्रेन से भारतीय छात्रों को वापस लाने का जो कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर जिस सफल तरीके से संचालित किया जा रहा है, वह ऐतिहासिक है यह प्रधानमंत्री की नेतृत्व कुशलता और कूटनीतिक सफलता का एक बड़ा प्रमाण भी है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के गंभीर संकट में जिस प्रकार भारत अपने छात्रों को अन्य देशों की सीमाओं से वापिस ला रहा है उनकी वापसी के लिए जिस प्रकार के प्रबंध किए गए हैं उसकी दुनिया में तारीफ की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार हुआ है कि केंद्र सरकार के चार मंत्री अलग-अलग स्थानों पर तैनात किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जो छात्रों को वहां से निकालने के लिए चल रहे कार्य का नेतृत्व कर रहे हैं वहीं छात्रों को भावनात्मक व नैतिक सहारा भी दे रहे हैं। भारत सरकार ने अपनी पूरी ताकत इस काम में लगा दी है। वायु सेना भी इस कार्य में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि लेकिन अफसोस की बात यह है कि इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय संकट के दौर में कांग्रेस व अन्य विपक्षी नेता जिस तरह की अनर्गल बयानबाजी व व्यवहार कर रहे हैं वह काम में बाधा डालने वाला और विश्व में देश की प्रतिष्ठा के प्रतिकूल है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के छात्रों के लिए भारत दूतावास द्वारा युद्ध शुरू होने से बहुत पहले से ही एडवाइजरी जारी की जा रही थी और अब भी परिस्थितियों के अनुसार लगातार जारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर छात्रों को भारत लाने का कार्य स्वयं में कितना चुनौतीपूर्ण है कि इसकी कल्पना करना भी मुश्किल है। लेकिन सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि संकट शुरू होते ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिस गति से कार्यवाही प्रारंभ की, दो नोडल अधिकारी नियुक्त किए, दिल्ली में स्थानिक आयुक्त कार्यालय में व्यवस्थाएं की वह काबिलेतारीफ है। उन्होंने कहा कि लेकिन कांग्रेस जिसे दृष्टि दोष भी है और जो मानसिक विकृति से भी ग्रस्त है यह सब ना दिखाई देता है और ना अनुभव होता है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, शिवसेना आदि विपक्षी दल इतने अधिक संकुचित दृष्टि के हो गए हैं कि उन्हें यह भी पता नहीं चल रहा कि वह जो बयान दे रहे हैं उनका अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर भारत पर क्या असर पड़ सकता है और स्थिति यह भी है कि शिवसेना की एक सांसद एक विदेशी राजदूत से ही लड़ बैंठी। उन्होंने कहा कि यह सब बातें बताती हैं कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल हताशा के गहरे कुएं में फंसे हुए हैं और उनके लिए राष्ट्रहित भी कोई मायने नहीं रखता।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडो वेस्टर्न थीम मे किट्टी पार्टी का आयोजन



हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता, लुधियानाः पम्मी दुआ की ओर से लेडीज किट्टी पार्टी का आयोजन किया गया जिसमे इंडो वेस्टर्न थीम रखी गई सभी ने मिलकर खूब फोटो शूट किया और बॉलीवुड गानों में डांस किया इस अवसर पर अमृता, दीप्ति, मोना, ज्योतिका, स्वीटी, सविता ने बताया कि हर महीने एक किट्टी पार्टी रखी जाती है और हर बार अलग अलग थीम होती हैं घर पर बैठे बोर हो जाते हैं इस लिए किट्टी पार्टी के बहाने से सभी दोस्त इक्कठे होकर खूब एंजॉय किया करते हैं पम्मी दुआ ने कहा कि वो एक फैशन डिजाइनर भी है इस किट्टी पार्टी में सभी डिजाइनर ड्रेस पहन कर आती है जिससे मौसम के हिसाब से जो मार्किट में नई ड्रेस स्टाइल चल रहा है पता चल जाता है

### 16 मार्च 2022 को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशनः एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत



मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवाददाता, हांसी। एसडीएम एवं नगर परिषद की रिवाइजिंग अथॉरिटी डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने कहा की आगामी 16 मार्च 2021 को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। श्री जितेंद्र सिंह अहलावत ने उक्त जानकारी नगर परिषद कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि हांसी नगर परिषद के मतदाताओं की मतदाता सूची से संबंधित कोई भी आपत्ति है तो संबंधित व्यक्ति 4 मार्च 2022 तक अपने दावे एवं आपत्तियों को निपटारे के लिए रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस निर्धारित तिथि के बाद दावे एवं आपत्तियों का निपटारा करवाने के लिए अपील जिला उपायुक्त के सम्मुख रखनी होंगी। दावे एवं आपत्तियों का निपटारा करवाने के लिए जिला उपायुक्त के सम्मुख 8 मार्च तक ही अपील दायर की जा सकेगी। इसके बाद 16 मार्च 2022 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

### मोटरसाइकिल टकराई डंपर से घायल, अस्पताल में हुई मौत

मदरलैंड संवाददाता, कनीना। जिला रेवाड़ी के लूखी निवासी जसवंत सिंह की बाइक डंपर से टकरा जाने पर घायल हो गया। अस्पताल भर्ती करवाया डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजन आशीष कुमार ने मामला दर्ज कराया है। मिली जानकारी अनुसार जसवंत सिंह हरियाणा राज्य परिवहन नारनौल डिपो में कार्यरत था। वह अपनी मोटरसाइकिल परे सवार होकर लूखी जा रहा था। उनके पीछे आशीष कुमार अपने मोटरसाइकिल पर जा रहे थे। ज्यों ही वे स्वामी राधा स्वामी सत्संग व्यास के पास पहुंचे तो एक डंपर ने अचानक ब्रेक लगा दिए जिससे जसवंत की बाइक डंपर से जा टकराई और उनका सिर डंपर से टकरा जाने से वो घायल हो गया। डंपर चालक डंपर को छोड़कर फरार हो गया। घायल जसवंत को कनीना अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उनका पोस्टमार्टम महेंद्रगढ़ से करवा शव परिजनों को सौंप दिया जहां उनका अंतिम संस्कार भी कर दिया गया।

### अवैध खनन कर रोड़ी ढोने के के जुर्म में जुमार्ना राशि न भरने पर मामला हुआ दर्ज

मदरलैंड संवाददाता, कनीना। अवैध खनन कर रोड़ी ढोने के के जुर्म में जुमार्ना राशि न भरने पर दो वाहन चालकों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी अनुसार 28 फरवरी को अवैध खनन कर रोड़ी की ढुलाई करने के मामले में एक ट्रक कोका गांव के नजदीक से खनन रक्षक पंकज कुमार द्वारा चेक करने पर अवैध रूप से 78 मिट्रिक टन रोड़ी भरी पाई गई जिसके चलते खान एवं खनिज अधिनियम के तहत वाहन सील कर दिया गया था तथा 4.40 लाख रुपये जुमार्ना भरने का आदेश दिया था किंतु अब ट्रक चालक एवं मालिक ने जुमार्ना देने से इनकार कर दिया है जिसके चलते मालिक व चालक सुमित व नरेश के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# डीसी ने किया छिलरो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

## लेखाकार व लैब टेक्नीशियन मिले गैर हाजिर

» संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता



नारनौल। उपायुक्त श्याम लाल पुनिया ने आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिलरो (निजामपुर) का औचक निरीक्षण किया। यहां पर दो कर्मचारी गैरहाजिर मिले। इस पर उपायुक्त ने उन दोनों का स्पष्टीकरण लेने के बाद सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

डीसी निजामपुर में विभिन्न दौरा कार्यक्रम के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचे। वहां पर उन्होंने मरीजों से बातचीत की। मरीजों ने स्वास्थ्य केंद्र की ओर से दी जा रही सुविधाओं पर संतोष जताया। इसके बाद उन्होंने मेडिकल अधिकारी के बारे में जानकारी ली। स्टाफ ने बताया कि मेडिकल अधिकारी डॉ अमित आज नारनौल में प्रशिक्षण पर गए हुए हैं। इस पर उन्होंने प्रशिक्षण से संबंधित पत्र देखने के बाद अन्य स्टाफ के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान लेखाकार सतवीर तथा लैब टेक्नीशियन विजेंद्र पाल की हाजिरी रजिस्टर में गैर हाजिरी दर्ज करके इन दोनों कर्मचारियों से स्पष्टीकरण के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि आसपास की ढाणियों समेत 17 गांव के नागरिकों के लिए यह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहुत ही महत्वपूर्ण है। ऐसे में अधिकारी यहां पर पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपनी सेवाएं दे। वे खुद समय-समय पर औचक निरीक्षण करेंगे। अगर भविष्य में भी किसी प्रकार की लापरवाही मिलती है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जन्म मृत्यु प्रमाण-पत्र की प्रक्रिया की जानकारी लेने के दौरान पिछले साल के बर्थ रजिस्टर पर ही दो पेज छोड़कर नया साल का रजिस्टर शुरू किया हुआ था। इस पर डीसी ने निर्देश दिए कि नए साल का अलग रजिस्टर तुरंत प्रभाव से लगाया जाए। कर्मचारियों ने बताया कि हरियाणा सरकार ने जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र की ऑनलाइन सुविधा दी हुई है। नागरिक किसी भी सीएससी सेंटर या अपने मोबाइल से सरल हरियाणा के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करते हैं तथा तय समय में यहां से कागजी कार्रवाई पूरी कर दी जाती है।

# यूक्रेन से लौटे छात्र से घर जाकर मिले एसडीएम

## सरकार के प्रयासों को छात्र ने सराहा



» जयप्रकाश भारद्वाज, मदरलैंड संवाददाता

महेंद्रगढ़। एसडीएम दिनेश ने रूसी सेना के आक्रमण के कारण यूक्रेन में फंसे महेंद्रगढ़ के दीपक के घर जाकर उनसे मुलाकात की। उन्होंने अन्य छात्रों के संबंध में भी जानकारी हासिल की।

गौरतलब है कि रूसी सेना द्वारा यूक्रेन पर हुए आक्रमण के कारण भारत से पढ़ाई करने गए छात्र वहां पर फंस गए थे। यूक्रेन में सभी एयरपोर्ट बंद होने के कारण छात्रों को अन्य देशों के माध्यम से भारत लाया जा रहा है। इस कार्य के लिए भारत सरकार ने कई मंत्रियों की जिम्मेदारी यूक्रेन के आसपास के देशों में लगाई हुई है। शहर महेंद्रगढ़ का दीपक पुत्र राजेश मंगलवार को सरकार के प्रयासों से अपने घर सकुशल पहुंच गया। उनके सकुशल पहुंचने की सूचना पर एसडीएम दिनेश ने आज सुबह उनके घर जाकर उनका हालचाल पूछा। दीपक ने हरियाणा सरकार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बताया कि यूक्रेन में हालत बहुत खराब है। विभिन्न देशों के छात्र वहां फंसे हुए हैं। आसपास के देशों में अपने मंत्रियों की जिम्मेदारी लगाकर भारतीय छात्रों को वहां से निकालने में भारत सरकार ने काफी बड़े कदम उठाए हैं।

# पांच दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम का हुआ समापन



» मदरलैंड संवाददाता

कनीना। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनोंदा में 5 दिनों से चला आ रहा कौशल विकास कार्यक्रम का समापन हो गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि राजेंद्र शर्मा उप प्राचार्य मॉडर्न स्कूल महेंद्रगढ़ तथा दिनेश कुमार पीआरओ मॉडर्न स्कूल महेंद्रगढ़ रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों की जानकारी दी तथा कहा कि आज का युग स्पर्धा का युग है। विद्यार्थियों को स्पर्धा के साथ जीना चाहिए तभी वे आगे बढ़ सकते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी सतन कुमार प्राध्यापक ने बताया कि 5 दिनों में 14 मोटीवेटर समय-समय पर आए जिन्होंने 50 छात्राओं को विभिन्न विषयों की जानकारी दी। इस अवसर पर एक हस्त कला की प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी में अपने हाथों से बनाई हुई सैकड़ों वस्तुएं रखी थी जिनमें वेस्ट पदार्थों से उपयोगी पदार्थ बनाना, चित्रकला, हस्तकला के अलावा आंवले का मुरब्बा आदि बनाया हुआ था जिनमें से सुमित्रा ग्रुप प्रथम, हिमांशी ग्रुप द्वितीय तथा निकिता एवं सुरेखा ग्रुप को तृतीय स्थान दिया गया। इनको इस अवसर पर प्राचार्य कृष्ण सिंह, मुख्याध्यापक महिपाल सिंह, प्राध्यापक हंसराज ,प्राध्यापक रविंद्र सिंह सूबे सिंह, डा होशियार सिंहतथा समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# एडीआर सेंटर में लगा टीकाकरण, मेडिकल हेल्थ चेकअप तथा ब्लड डोनेशन कैंप

## 50 नागरिकों ने किया रक्तदान, 47 नागरिकों ने कराई स्वास्थ्य जांच



» अशोक सैनी, मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। न्यायिक परिसर नारनौल के एडीआर सेंटर में वीरवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से टीकाकरण, मेडिकल हेल्थ चेकअप तथा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीश बंसल के मार्गदर्शन में तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक प्राधिकरण की सचिव अंजलि जैन की देखरेख में हुआ। इस कैंप में 50 नागरिकों ने रक्तदान किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीश बंसल ने रक्त दाताओं को बैज लगाकर कैंप का शुभारंभ किया। रक्तदान करने वालों में मुख्य रूप से एडीजे वीरेंद्र मलिक, जिला बार एसोसिएशन के प्रधान जसवंत सिंह, साथी ग्रुप हरियाणा के प्रधान टिंकू के अलावा आईटीआई के छात्र बार के सदस्य प्राधिकरण के कर्मचारी तथा पुलिस कर्मचारी शामिल हैं।

इस मौके पर कोरोना के बचाव के लिए भी कैंप का आयोजन किया जिसमें 20 नागरिकों को टीका लगाया गया। इस मौके पर जिला विधिक प्राधिकरण की सचिव अंजलि जैन ने सभी से आह्वान किया कि वे टीका लगने के बाद भी कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करें। इसी प्रकार यहां पर आयोजित मेडिकल चेकअप कैंप में 47 नागरिकों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई।

# तीन दिनों तक चलता है बाबा मोलडयाथ मेला

» होशियार सिंह, मदरलैंड संवाददाता

कनीना। 14 मार्च को कनीना का प्रदेश भर में विख्यात संत शिरोमणि बाबा मोलडाथ का मेला भरने जा रहा है। संत शिरोमणि बाबा मोलडाथ को बालक नाथ, ओघड़ बाबा नाम से जाना जाता है वही कनीनावासी खेड़ा वाला नाम से भी जानते हैं। बस स्टैंड के पास भरने वाले मेले की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। रंग रोगन किया जा चुका है। 13 मार्च से शुरू होने वाला मेला 15 मार्च को संपन्न होगा। इस मेले में पूरे ही कस्बा के लोग शक्कर का प्रसाद अर्पित करते हैं ऊंट और घोडियों की दौड़ पूरे प्रदेश में विख्यात है। विक्रमी संवत 2006 में संत शिरोमणि बाबा मोलडयाथ ने सिरसवाला जोहड़ में समाधि लगाई थी और वे अस्वस्थ होकर समाधिस्थ तो गए थे। उनकी याद में हर वर्ष यहां भारी भीड़ जुटती है और मेला लगता है। अब तो कनीना का बाबा मोलडाथ आश्रम श्रद्धा एवं भक्ति का आश्रम बन गया है। इसके आसपास कम से कम एक दर्जन अन्य मंदिर स्थापित हो गए हैं जिसके चलते यह दर्शनीय स्थल भी बन गया है। इसी स्थान पर 25 मार्च को शक्कर मेला लगने जा रहा है। बालीबाल,कबड्डी तथा ऊंट घोड़ों की दौड़ के अलावा यहां दंगल भी आयोजित होते हैं। यह मेला कनीना के पूर्वजों ने चलाया था जो आज भी चला आ रहा है। समस्त वृतांत कनीना के लेखक डा एचएस यादव की पुस्तक में वर्णित है।

**होशियार सिंह का योगदान–**

यूं तो बााबा मोलडयाथ की संपूर्ण जीवनी कनीना के लेखक डा होशियार सिंह का नाम प्रसिद्ध है वहीं उन्होंने कनीना के भीम सिंह को प्रेरित कर बाबा की प्रतिमा लगवाई। डा होशियार सिंह ने बाबा मोलडयाथ पर दो पुस्तकें जिनमें से एक आइएसबीएन नंबर की निकाली वहीं बाबा चालीसा, बाबा कैलेंडर, बाबा करी आरती आदि भी निकाली हैं तथा बााब के लिए आज भी समर्पित हैं।

बाबा मोलडयाथ बाल साधु एवं तपस्वी थे। बाबा को अपनी आंखों से देखने वाले अनेकों व्यक्ति जीवित हैं। प्रत्यक्षदर्शियों अनुसार जहां आज मन्दिर है वहां कभी विशालकाय जाल का वृक्ष था और पास में विशाल जंगल था। तपस्वी ने विशाल जाल के नीचे ही अपना निवास एवं तप स्थल बनाया। जब से उन्होंने यहां पदार्पण किया तभी से किसी प्रकार के रोग तथा आपदायें नहीं आई।

बताया जाता है कि हैजे के रोग तथा ओलावृष्टि को भगाने की शक्ति थी। यही कारण है कि आज की भी ये रोग फैलने की आशंका होती है तो उन्हीं का नाम श्रद्धा से लिया जाता है। बाबा उस वक्त विचरने वाले गीदड़ों तथा मोरों को चुग्गा देते थे। फाल्गुन एकादशी को उन्होंने चोला त्याग दिया। चोला त्यागने से पूर्व उन्होंने इच्छा जाहिर की थी कि जिस भी अवस्था में प्राण त्यागे जाये उसी अवस्था में समाधि दी जाए। पूरे कस्बा में बाबा की झांकियां निकाली और मन्दिर स्थल पर समाधि दी जाये। तभी से उन्हीं की याद में प्रत्येक वर्ष फाल्गुन एकादशी को विशाल मेला लगाता है। बाबा मोलडयाथ जिन्हें बालकनाथ नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने मांदी, कांवी भोजावास, रोड़वाल, मानसरोवर, नीमराणा आदि स्थानों पर भी तप किया किंतु उनका प्रमुख स्थल कनीना में ही है।

# साध्वी कंचन कुमारी अन्तिम यात्रा में सैकड़ों लोग हांसी में पहुँचे

» मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

हांसी। श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा के प्रैस प्रवक्ता बजरंग जैन ने प्रैस को जारी ब्यान में बताया कि तेरापंथ समाज, हांसी में विराजित शासन श्री साध्वी कंचन कुमारी जी का कल में देवलोक गमन हो गया था। साध्वी श्री की अन्तिम यात्रा आज को प्रातः 9.15 बजे श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा स्थानक, पुराना सिनेमा वाली गली, से प्रारम्भ होकर स्वर्गवास आश्रम, हुड्डा, में शहर के विभिन्न बाजारों से होते हुए जैन विधि विधान से सम्पन्न हुए। साध्वी श्री जी की अन्तिम यात्रा में दर्शनार्थ हेतु पूरे भारत वर्ष से श्रद्धालु, राजनेता, समाजसेवी, शहर के सभी महिला व पुरूष दर्शनों के लिए स्थानक में पहुंचे और अन्तिम यात्रा में शामिल हुए। इस मौके पर अशोक जैन ,प्रीतम जैन ,शीतल जैन समाजसेवी मदन मोहन सेठी ,सुमन शर्मा ,अनिल बंसल ,प्रवीण एलावादी ,धर्मवीर रेतरिया ,विनय जैन , सचिन जैन व प्रवीण बंसल आदि गणमान्य लोग मौजूद थें उल्लेखनीय है कि साध्वी कंचन कुमारी जी का जन्म लाड़नू (जिला नागौर, राजस्थान) में वि.सं. 1991 पौष शुक्ला 11 को हुआ था इनके पिता का नाम महालचंद जी खटेड और इनकी माता का नाम गणेशी देवी खटेड था। साध्वी श्री जी अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी।

# अवैध खनन करने वालों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, बजरी से भरे 10 ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े

» मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। सदर थाना नारनौल और सीआईए नारनौल की पुलिस टीम ने अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। छापामारी के दौरान महरमपुर नदी से अवैध खनन कर बजरी ले जाते हुए दस ट्रैक्टरझ्ट्रॉली पकड़े गए हैं।

पुलिस टीम ने इनमें भरी रेत-बजरी के दस्तावेज चालकों से मांगे लेकिन खनन सामग्री से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं दिखाने पर ट्रैक्टरझ्ट्रॉली को जब्त कर खनन विभाग को सूचना दी गई। खनन विभाग द्वारा खनन अधिनियमों के तहत कार्रवाई की गई। सभी ट्रैक्टर संचालकों का करीब 22 लाख 50 हजार का जुमार्ना किया गया।

नारनौल पुलिस ने सदर थाना नारनौल प्रबंधक के नेतृत्व में आज वीरवार को खनन माफिया के विरुद्ध कार्रवाई कर दस बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं। बजरी माफिया नारनौल के महरमपुर नदी से अवैध बजरी खनन कर ट्रैक्टर टॉली में परिवहन कर रहे थे। सदर थाना नारनौल प्रबंधक ने बताया कि नारनौल क्षेत्र में महरमपुर नदी में बजरी खनन कर ले जाते हुए 9 ट्रैक्टरझ्ट्रॉली और 1 ट्रॉली को मौके से जब्त किया है। पुलिस ने गांव धरसू के नजदीक से खनन माफिया को बजरी से भरे ट्रैक्टरझ्ट्रॉली सहित पकड़ा है। पुलिस ने पता लगाया कि ट्रैक्टर के मालिकों को पहले भी अवैध खनन के मामले में पकड़ा जा चुका है।



सदर थाना नारनौल और सीआईए नारनौल की पुलिस टीम द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर महरमपुर नदी से अवैध रूप से बजरी का दोहन कर परिवहन करते दस ट्रैक्टरझ्ट्रॉली पकड़े गए हैं। थाना प्रबंधक निरीक्षक मुनीश कुमार ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन आईपीएस के निर्देश में अवैध बजरी के कारोबार की रोकथाम के लिए पुलिस टीम द्वारा आज सुबह अभियान चलाकर महरमपुर नदी से अवैध रूप से बजरी का खनन करके ले जाते हुए दस ट्रैक्टरझ्ट्रॉली को गांव धरसु के नजदीक से पकड़ा है। पुलिस की टीम को देखकर बजरी खनन करने वाले वाहनों को लेकर भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन इस दौरान सदर थाना नारनौल और सीआईए नारनौल की पुलिस टीम के जवानों ने घेरा डालकर 9 ट्रैक्टरों को रुकवा लिया और 1 ट्रैक्टर चालक ट्रॉली को छोड़कर भाग गया। पुलिस ने मामले की जांच की तो बजरी का अवैध परिहवन होना पाया गया। जिसपर पुलिस ने मौके से बजरी से भरे ट्रैक्टर- ट्रॉली जप्त कर लिए। जिनमें अवैध बजरी होने और वैध कागज नहीं होने पर वाहनों को पुलिस द्वारा बाड़े में रखवाकर खनन विभाग को सूचना दी गई। अवैध खनन के खिलाफ पुलिस की मुहिम जारी रहेगी।

# डीसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

» मदरलैंड संवाददाता



महेंद्रगढ़। उपायुक्त श्याम लाल पुनिया ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आम जनता को सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले। डीसी आज महेंद्रगढ़ के प्रशासनिक भवन में लगाए अपने कैंप कार्यालय में लोगों की शिकायत सुन रहे थे। उपायुक्त के समक्ष रखी गई शिकायतों में से ज्यादातर शिकायतों का मौके पर ही निपटाया गया। यह कैंप प्रत्येक मंगलवार को महेंद्रगढ़ के प्रशासनिक भवन में लगाया जाता है। मंगलवार को छुट्टी होने के कारण यह कैंप अगले दिन लगाया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि आज के आधुनिक युग में किसी भी योजना का लाभ लेने के लिए सीएससी सेंटर पर ऑनलाइन फॉर्म अप्लाई करें। कैंप कार्यालय में जिला अधिकारियों के उपस्थित होने पर क्षेत्र के लोगों को नारनौल के चक्कर लगाने से निजात मिलेगी। शिकायत सुनने उपरांत उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों से अपने-अपने कार्य के बारे में जानकारी ली वह अधिकारियों को कैंप के उपरांत अपने-अपने कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उपायुक्त के समक्ष आज मुख्य रूप से कब्जे से संबंधित समस्याएं रखी गई। इसके अलावा डीसी के सामने पानी, बुढ़ापा पेंशन, गलियों व नालियों से संबंधित समस्याएं रखी गई। इन सभी शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए जल्द से समस्या दूर करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आम जन की शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर करें जिससे आमजन सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर नायब तहसीलदार नरेश कुमार, बीडीपीओ सतनाली नरेंद्र ढुल, बीडीपीओ महेंद्रगढ़ निशा तंवर, सीडीपीओ सरला यादव, एग्रीकल्चर विभाग से एसडीओ कुलदीप कुमार, सुप्रीडेंट सुदेश पुनिया, सदर कानूनगो राजपाल, अल्प बचत विभाग से बिजेंद्र, समाज कल्याण विभाग से सहायक कृष्ण सिंह, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से सुधा, परिवाद लिपिक रामपाल के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# वैज्ञानिक कुशलता का परिचायक है एकीकृत दृष्टिकोण



डॉ. शंकर सुवन सिंह

वास्तविक ज्ञान ही विज्ञान है। प्राकृतिक विज्ञान प्रकृति और भौतिक दुनिया का व्यवस्थित ज्ञान होता है, या फि र इसका अध्ययन करने वाली इसकी कोई शाखा। असल में विज्ञान शब्द का उपयोग लगभग हमेशा प्राकृतिक विज्ञानों के लिये ही किया जाता है। इसकी तीन मुख्य शाखाएँ हैं : भौतिकी, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान। रसायन का वास्तविक ज्ञान, रसायन विज्ञान है। भौतिकी का वास्तविक ज्ञान, भौतिक विज्ञान है। जीव का वास्तविक ज्ञान, जीव विज्ञान है। कृषि का वास्तविक ज्ञान, कृषि विज्ञान है। खाद्य का वास्तविक ज्ञान, खाद्य विज्ञान है। दुग्ध का वास्तविक ज्ञान दुग्ध विज्ञान है। आदि ऐसे अनेक क्षेत्रों में विज्ञान है। रसायन, भौतिकी, जीव-जंतु, कृषि, खाद्य, दुग्ध, आदि अनेक क्षेत्रों के वास्तविक ज्ञान से राष्ट्रहित संभव है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी का एक दूसरे से घनिष्ठ सम्बन्ध है। विज्ञान का सम्बन्ध ज्ञान से है अर्थात नए ज्ञान की खोज (डिस्कवर)। प्रौद्योगिकी का सम्बन्ध अविष्कार (इन्वेंशन) से है। बिना ज्ञान के अविष्कार संभव नहीं है। मकान रूपी अविष्कार, स्तम्भ रूपी ज्ञान पर टिका हुआ है। बिना नीव या स्तम्भ के मकान का खड़ा हो पाना असंभव है। उसी प्रकार विज्ञान के बिना, प्रौद्योगिकी का होना असंभव है। एक पुरानी कहावत है - आवश्यकता अविष्कार की जननी है। जब मानव को जीवित रहने के लिए कुछ जरूरी हो जाता है तो वह किसी भी तरह से उसे प्राप्त करने के लिए जुट जाता है। इसका अर्थ यह है कि आवश्यकता हर नए आविष्कार का मुख्य आधार है। यह मानवीय आवश्यकता ही थी जिसने पहले व्यक्ति को खाने के लिए भोजन खोजने, रहने के लिए घर का निर्माण करने और जंगली जानवरों से बचने के लिए हथियार बनाने का कार्य किया। यदि इन सभी चीजों की मनुष्य अस्तित्व के लिए जरूरत नहीं होती तो वह इन सभी का आविष्कार नहीं करता। मानव जीवन की जरूरतें ही अविष्कार का कारण बनी। कहने का तात्पर्य यह है कि प्रौद्योगिकी मानव जीवन की जरूरतों को पूरा करती है। विज्ञान का लक्ष्य ज्ञान प्राप्त करना है जबकि प्रौद्योगिकी का लक्ष्य वैज्ञानिक सिद्धांतों को लागू करने वाले उत्पादों का निर्माण करना है। आधुनिक विज्ञान की त्वरित खोजों ने प्रौद्योगिकी को तेजी से विस्तार करने में सक्षम बनाया। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बीच का यह सम्बन्ध तकनीकी परिवर्तन की गति को संभव बनाया है। विज्ञान नए ज्ञान को, अवलोकन और प्रयोग के माध्यम से व्यवस्थित रूप से खोजता है। प्रौद्योगिकी विभिन्न उद्देश्यों के लिए वैज्ञानिक ज्ञान का अनुप्रयोग है। विज्ञान हमेशा उपयोगी होता है। प्रौद्योगिकी, मानव जीवन के लिए उपयोगी हो सकता है या हानिकारक हो सकता है। उदाहरण के लिए, एक कंप्यूटर उपयोगी हो सकता है पर बम हानिकारक होगा। विज्ञान का उपयोग भविष्यवाणियां करने के लिए किया जाता है जबकि प्रौद्योगिकी, मानव जीवन को सरल बनाता है और लोगों की आवश्यकता को पूरा करता है। अतएव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का उच्चारण एक साथ किया जाता है। टिकाऊ भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण का होना आवश्यक है। मानव जीवन के भविष्य को शानदार और टिकाऊ बनाने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी दोनों को एक साथ लेकर चलना होगा। भारत में राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में सन् 1986 से प्रति वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (नेशनल साइंस डे) मनाया जाता है। प्रोफेसर सी वी रमन (चंद्रशेखर वेंकटरमन) ने सन् 1928 में कोलकाता में इस दिन एक उत्कृष्ट वैज्ञानिक खोज की थी, जो ह्यरमन प्रभावह्न के रूप में प्रसिद्ध है। रमन की यह खोज 28 फरवरी 1930 को प्रकाश में आई थी। इस कारण 28 फरवरी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस कार्य के लिए उनको 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित करना, प्रेरित करना तथा विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस देश में विज्ञान के निरंतर उन्नति का आह्वान करता है तथा इसके विकास के द्वारा ही हम समाज के लोगों का जीवन स्तर अधिक से अधिक खुशहाल बना सकते हैं। रमन प्रभाव में एकल तरंग- धैर्य प्रकाश (मोनोक्रोमेटिक) किरणें जब किसी पारदर्शक माध्यम ठोस, द्रव या गैस से गुजरती है तब इसकी छितराई किरणों का अध्ययन करने पर पता चला कि मूल प्रकाश की किरणों के अलावा स्थिर अंतर पर बहुत कमजोर तीव्रता की किरणें भी उपस्थित होती हैं। इन्हीं किरणों को रमन-किरण भी कहते हैं। भौतिक शास्त्री सर सी वी रमन एक ऐसे महान आविष्कारक थे, जो न सिर्फ लाखों भारतीयों के लिए बल्कि दुनिया भर के लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। यह किरणें माध्यम के कणों के कम्पन्न एवं घूर्णन की वजह से मूल प्रकाश की किरणों में ऊर्जा में लाभ या हानि के होने से उत्पन्न होती हैं। रमन किरणों का अनुसंधान की अन्य शाखाओं जैसे औषधि विज्ञान, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, खगोल विज्ञान तथा दूरसंचार के क्षेत्र में भी बहुत महत्व है। मुंशी प्रेमचंद ने क्या खूब कहा है -ह्लविज्ञान में इतनी विभूति है कि वह काल के चिह्नों को भी मिटा दे। विज्ञान में ढेर सारी खूबियां होती है जो राष्ट्र को प्रगति के पथ पर अग्रसर करता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (नेशनल साइंस डे) सत्र 2022 ई. का प्रसंग (थीम) है झ सतत भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण। इस थीम से स्पष्ट होता है कि ह्लआत्मनिर्भर भारतह्व के निर्माण में भारत के वैज्ञानिक कौशल की प्रमुख भूमिका होगी। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग से जुड़े वैज्ञानिक संस्थानों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं और स्वायत्त वैज्ञानिक संस्थानों में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उत्सव कार्यक्रमों में सहयोग, उत्प्रेरण और समन्वयन के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है। डीएसटी ने 1987 में विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों की स्थापना की। ये पुरस्कार हर साल राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रदान किए जाते हैं। इसी के साथ-साथ, विज्ञान दिवस पर विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी) द्वारा एसईआरबी महिला वैज्ञानिकों को उत्कृष्टता पुरस्कार और लोकप्रिय विज्ञान लेखन के लिए पीएचडी एवं पोस्ट डॉक्टोरल शोधार्थियों को ह्यअवसरह्न (एडब्ल्यूएसएआर) पुरस्कार भी प्रदान किए जाते हैं। कोई भी राष्ट्र बिना मानव के संभव नहीं है। राष्ट्र मानव श्रृंखला से ही निर्मित होता है। विज्ञान सत्य को उजागर करता है। विज्ञान असत्य पर सत्य की जीत का परिचायक है। विज्ञान अंधविश्वास को खत्म करता है। विज्ञान जीवन को विश्वास से परिपूर्ण करता है। सर आर्थर इग्नाशियस कॉनन डॉयल ने कहा था कि ह्लविज्ञान व्यग्रता और अन्धविश्वास रूपी जहर की अचूक दवा है ह्व सर आर्थर इग्नाशियस कॉनन डॉयल, (22 मई 1859 - 7 जुलाई 1930) एक स्कॉटिश चिकित्सक और लेखक थे। देश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहित करने के लिए वर्ष 2022 के बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मिनिस्ट्री ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी) को केंद्रीय बजट (बजट) 2022-23 में 14,217 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मंत्रालय में तीन विभाग विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), जैव प्रौद्योगिकी विभाग और वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग को 6,000 करोड़ रुपये, जैव प्रौद्योगिकी विभाग को 2,581 करोड़ रुपये और वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग को 5,636 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इन सभी विभागों ने देश में कोविड-19 महामारी से निपटने में अहम भूमिका निभाई है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं को 2,894 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। वहीं, जैव प्रौद्योगिकी विभाग के तहत केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के लिए 1,680 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग के तहत केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के लिए 39 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो 2021-22 में 35 करोड़ रुपये से अधिक है। वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद को 5,562 करोड़ रुपये दिए गए हैं। विज्ञान व तकनीक के क्षेत्र में आज भारत दुनिया के शीर्ष देशों में से एक है। विश्व में भारत तीसरी सबसे बड़ी वैज्ञानिक और तकनीकी जनशक्ति है, जिसमें 634 विश्वविद्यालय सालाना 16,000 से अधिक डॉक्टरेट की डिग्री प्रदान करते हैं।

## संपादकीय

### लड़ाई का मुकाम




यूक्रेन के खिलाफ रूसी हमला जारी है। खारकीव समेत कई प्रमुख शहरों लगातार हमले हो रहे हैं। यहां 24 घंटे में हुए हमलों में कम से कम 21 लोग मारे गए हैं और 112 घायल हो गए हैं। आज सुबह रूसी पैराट्रूपर्स ने खारकीव में एक अस्पताल पर हमला किया। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने दावा किया है कि जंग में अब तक लगभग 6000 रूसी सैनिक मारे गए हैं। 15,000 रूसी सैनिकों का 64 किमी लंबा काफिला यूक्रेन की राजधानी कीव के करीब पहुंच रहा है। रूसी हमले की तबाही झेल रहे राजधानी से निकलने के लिए स्टेशन पर हजारों लोग संघर्ष कर रहे हैं। वहीं, यूक्रेन की सेना ने पुष्टि की है कि रूसी पैराट्रूपर्स खारकीव शहर में उतरे हैं। इस शहर को पहले ही रूसी सेना ने घेर रखा है। यूक्रेन में हालात बिगड़ते जा रहे हैं, लोगों के पास खाने का सामना खत्म हो रहा है। कई नागरिक इस उम्मीद में हैं कि स्थिति सामान्य होगी। वहीं दुनियाभर में लोग रूस के इस हमले की निंदा कर रहे हैं। पहले रूस के दो दिनों के भीतर यूक्रेन पर कब्जा कर लिए जाने की संभावना थी, लेकिन छह दिन के बाद भी यूक्रेन और रूस की लड़ाई किसी मुकाम पर नहीं पहुंची है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि रूसी सेना अब कीव के चारों तरफ पहुंच चुकी है। इसलिए संभावना है कि कीव पर कब्जा करने में अब ज्यादा समय नहीं लगेगा। लेकिन यदि रूस कीव कर कब्जा नहीं कर पाता है तो फिर युद्ध कई दिनों तक और लंबा खिंच सकता है। हालांकि रूस से जुड़े सूत्रों का दावा है कि सात मार्च तक रूस, यूक्रेन को पूरी तरह से कब्जे में ले लेगा। यूक्रेन पर कब्जे को लेकर रूस का आकलन सही नहीं निकला। इसके अलावा कुछ और कारण भी इस बीच उत्पन्न हो गए। जैसे यूक्रेन की नागरिक भी युद्ध में कूद पड़े, यूक्रेन को कई देशों से मदद भी मिलने लगी। तीसरे, रूस पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का दबाव भी है, इसलिए उसकी कोशिश है कि युद्ध में नागरिकों को नुकसान न्यूनतम हो। इसलिए रूस उस आक्रामकता के साथ युद्ध नहीं कर रहा है। इन सब कारणों के चलते युद्ध लंबा खिंच रहा है। इसके किसी मुकाम तक पहुंचने में एक सप्ताह का समय और लग सकता है। यह स्पष्ट है कि रूस अब किसी भी सूरत में पीछे हटने वाला नहीं है। युद्ध खत्म होने की दो ही स्थितियां हैं, एक यूक्रेन समर्पण कर दे और दूसरा रूस उस पर काबिज हो जाए। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ समय और लग सकता है, लेकिन यह समय बहुत ज्यादा नहीं होगा क्योंकि यूक्रेन के लिए लंबे समय तक मुकाबला करते रहना आसान नहीं होगा। युद्ध का बड़ा आकार लेने या विश्व युद्ध जैसे खतरे की आशंका नहीं के बराबर है क्योंकि नाटो सेनाएं अपने रुख को पहले ही स्पष्ट कर चुकी हैं। लेकिन इस युद्ध से नुकसान पूरी दुनिया को होगा। युद्ध जितना लंबा खिंचेगा नुकसान उतना बढ़ता जाएगा। इस जंग के बाद अगर रूस अपनी सेना को यूक्रेन में छोड़ता है तो वहां राष्ट्रवाद और उग्र रूप धारण कर सकता है। यूक्रेनी जनता रूसी सैनिकों को अपने देश में कतई नहीं बर्दाश्त कर सकती हैं। यूक्रेन की राजनीति में रूसी दखल किसी भी सूरत में पुतिन के लिए शुभ नहीं होगा।

# कोयला गैसीकरण: भारत के ऊर्जा क्षेत्र में स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता से जुड़े लक्ष्यों को हासिल करने का प्लेटफार्म

» देव गावस्करी

वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में भारत का विजन; आत्मनिर्भरता (आत्मनिर्भर अभियान), घरेलू भंडार के मुद्रीकरण, परिवर्तनकारी नवाचार (मेक इन इंडिया विजन), आयात में कमी और नौकरियों के सृजन, जैसी चुनौतियों के समाधान पर निर्भर है। इसके साथ ही आने वाले दशकों के लिए कार्बन मुक्त और सतत अर्थव्यवस्था का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भारत में सौर ऊर्जा, जैविक ईंधन भंडार और कोयले के रूप में तीन प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध हैं, जो उपयोग के लायक हैं और प्रचुर मात्रा में हैं। भारत, सौर ऊर्जा क्षेत्र की तेज प्रगति को लेकर आशावादी है और जैविक ईंधन-आधारित प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में निरंतर अनुसंधान और विकास कार्य किए जा रहे हैं; लेकिन वर्तमान में, इन संसाधनों को इनकी कमियों द्वारा चुनौती दी जा रही है, जैसे सौर उत्पादित बिजली का उपयोग करने के लिए डाउनस्ट्रीम प्रौद्योगिकी और जैविक ईंधन के लिए आवश्यक कच्चे माल की आपूर्ति से जुड़े मुद्दे। हालांकि, भारत के पास 307 अरब टन कोयले का भंडार है; जिसका 80 प्रतिशत हिस्सा ऐतिहासिक रूप से ताप विद्युत संयंत्रों द्वारा प्रयुक्त किया गया है और यह लिग्नाइट के साथ भारत में बिजली के लिए कुल ईंधन स्रोत के 55 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। हालांकि, भारत ने पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं, इसलिए ऊर्जा के स्वच्छ रूपों की ओर बढ़ना एक तात्कालिक आवश्यकता है। ह्लप्रदूषितह्व वर्तमान के बदले एक स्वच्छ, हरित और निरंतर बढ़ती अर्थव्यवस्था की मांगों से समझौता किए बिना सतत भविष्य के लिए संतुलन के रूप में एक वैकल्पिक रास्ते की तलाश जरूरी है। इस सामाजिक-आर्थिक स्तर पर, भारत में सबसे प्रचुर मात्रा में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधन-कोयले के विविधीकरण की तत्काल आवश्यकता है। इस संभावना के लिए, भारत एक व्यावसायिक रूप से साबित किये हुए प्लेटफार्म का उपयोग कर सकता है, जो कोयले को जलाने की बजाय कोयले में संग्रहित रासायनिक ऊर्जा को निकालता है। कोयला गैसीकरण, सिनगैस के उत्पादन की प्रक्रिया है, जो कार्बन मोनोऑक्साइड (सीओ), हाइड्रोजन (एच2) और कार्बन डाइऑक्साइड ((सीओ2) से मिलकर बना मिश्रण होता है। इस प्रक्रिया में कोयले के साथ एक निश्चित अनुपात में वाष्प और ऑक्सीजन (या वायु) की रासायनिक प्रतिक्रिया होती है, जिसके परिणामस्वरूप कोयले के तत्वों का गैसीकरण होता है। इस प्रक्रिया में कोयले को जलाया नहीं जाता है। इस सिनगैस का उपयोग सिंथेटिक प्राकृतिक गैस (एसएनजी), ऊर्जा ईंधन (मेथनॉल और इथेनॉल), उर्वरकों और रसायनों के लिए अमोनिया एवं अन्य रसायनों; यहां तक कि प्लास्टिक के उत्पादन के लिए भी किया जा सकता है। दुनिया भर में कोयला गैसीकरण संयंत्रों को व्यापक रूप से स्थापित किया जा रहा है और देश ईंधन एवं रसायनों के उत्पादन के लिए इस प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे हैं। कोयले के दहन के विपरीत, कोयला गैसीकरण संयंत्र से कार्बन डाइऑक्साइड का प्रवाह अत्यधिक केंद्रित होता है, जिससे कार्बन संग्रह और इसका उपयोग अधिक व्यावहारिक और किफायती हो जाता है, खासकर जब हरित हाइड्रोजन या सीओ2 अनुक्रम के अन्य साधन के स्रोत इसके साथ होते हैं। ऊपर उल्लिखित उद्देश्यों और विजन के अनुरूप, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कोयला मंत्रालय ने कोयला गैसीकरण के माध्यम से कोयले का उपयोग करने की पहल की है और इस दशक के अंत तक 100 मिलियन टन कोयले को गैसीकृत करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस मिशन के प्रति सरकार की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, कोयला मंत्रालय ने ह्यगैर-विनियमित क्षेत्रों के लिंकेज की नीलामी के अंतर्गत उप-क्षेत्रोंह्न में कोयला गैसीकरण परियोजनाओं के लिए एक नई कोयला-लिंकेज नीति भी बनाई है।




भारत का एक अन्य प्रमुख लक्ष्य ऊर्जा के क्षेत्र में स्वतंत्र राष्ट्र बनकर आत्मनिर्भरता प्राप्त करने का है। 75वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषण में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया था कि अगले 25 वर्षों में भारत ने ऊर्जा में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह स्पष्ट है कि आत्मनिर्भरता और ऊर्जा स्वतंत्रता प्राप्त करने की दिशा में पहला कदम, मुख्य रूप से पेट्रोलियम के आयात में कमी लाने से जुड़ा होगा। परिप्रेक्ष्य समझने के लिए, भारत का पेट्रोलियम का वार्षिक शुद्ध आयात (मुख्य रूप से परिवहन क्षेत्र में उपयोग किया जाता है) करीब 185 मिलियन मीट्रिक टन है, जिसकी लागत लगभग 55 बिलियन डॉलर है। इन आयातों को कम करने और इस प्रकार विदेशी मुद्रा बचाने के लिए, 2018 में जैव ईंधन पर राष्ट्रीय नीति की शुरूआत हुई। पहले चरण में, भारत सरकार ने पहली पीढ़ी के इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) के तहत 5 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की आपूर्ति करने का संकल्प लिया था। इसके साथ ही, सरकार ने 2025 से 2030 तक पेट्रोल (जिसे ई20 का भी नाम दिया गया है) में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित किया है।


यह सर्वविदित है कि इथेनॉल बनाने के पारंपरिक तरीके चीनी और जैव ईंधन-आधारित रहे हैं, जिनका उपयोग; लागत, पैमाने और भूमि आवश्यकता जैसी बाधाओं और/या खाद्य श्रृंखला में बदलाव जैसे मुद्दों सहित विभिन्न कारणों से सीमित स्तर पर होता है और ये लाभप्रद भी नहीं हैं। दूसरी पीढ़ी के इथेनॉल के लिए कच्चे माल की आपूर्ति भी ऊर्जा फसलों, नगरपालिका अपशिष्ट, वन और कृषि अवशेषों और बेकार खाद्यान्न के उपयोग से उभरी हैं, जो मुख्य रूप से कम दक्षता और रूपांतरण की कमी से ग्रस्त हैं। इसके अतिरिक्त, कच्चे माल की उपयोगिता चुनौतियों के कारण 2जी-इथेनॉल संयंत्रों के पैमाने पर एक ऊपरी सीमा भी निर्धारित की गयी है, जिसके तहत एक संयंत्र से सालाना 3 करोड़ लीटर तक इथेनॉल के उत्पादन की उम्मीद है। हालांकि इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत ने इथेनॉल मिश्रण के क्षेत्र में तेजी से प्रगति की है और इन तरीकों से मिश्रण का लक्ष्य, लगभग 8-9 प्रतिशत तक हासिल किया जा चुका है। लेकिन ई20 लक्ष्यों को पूरा करने के क्रम में मांग-आपूर्ति के महत्वपूर्ण अंतर के लिए समाधान पेश किये जाने चाहिए, क्योंकि इसे पारंपरिक तरीकों से प्राप्त नहीं किया जा सकता। यह समाधान कार्यकुशल व उपयोग के लायक होना चाहिए और इसकी पूरी अर्थव्यवस्था अपनाने लायक होनी चाहिए। यही वह जरूरत है, जिससे कोयले के जरिये-गैसीकरण और सिनगैस के इथेनॉल में रूपांतरण के माध्यम से झ इस अंतर को समाप्त करने में मदद मिल सकती है।

ऐतिहासिक रूप से सिनगैस के इथेनॉल में रूपांतरण को, खराब रूपांतरण और चयन संबंधी मुद्दों और बहु-चरण प्रतिक्रिया आदि कारणों से चुनौती दी गई है, जिसके परिणामस्वरूप इसके आय-व्यय की अवधारणा अस्वीकार्य हो गयी। हालांकि, इथेनॉल में सिनगैस के अत्यधिक कुशल और चयनात्मक रूपांतरण के लिए अभिनव और परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकियां विकसित की गई हैं, जो आय-व्यय की आकर्षक अवधारणा के साथ व्यावसायीकरण के लिए तैयार हैं। इसके अलावा, इन प्रौद्योगिकियों को कोयला-गैसीकरण के साथ मिलाने से ऐसे संयंत्र बनाने में मदद मिल सकती है, जो अत्यधिक व्यावहारिक होंगे। कोयले-से-इथेनॉल का एक संयंत्र सालाना 40 करोड़ लीटर से अधिक इथेनॉल का उत्पादन करने में सक्षम है और इसमें पूंजी भी काफी कम लगती है। कंपनियां पहले से ही संभावित हितधारकों और अन्य पक्षों के साथ वाणिज्यिक स्तर पर मॉडल संयंत्रों के निर्माण के लिए चर्चा कर रही हैं। उदाहरण के लिए, सिनाटा बायो प्रौद्योगिकी प्रदाता कंपनी; एक उद्देश्य-अनुरूप, सिनगैस-से-इथेनॉल प्रौद्योगिकी तथा एक मॉडल, ह्यकोयला-से-इथेनॉलह्न परियोजना का व्यावसायीकरण कर रही है, जो कोयले से उत्पादित सिनगैस से सालाना लगभग 2.5 करोड़ लीटर इथेनॉल का उत्पादन करेगी। इसे सिनाटा बायो और थर्मेक्स के बीच साझेदारी के माध्यम से सोनपुर-बाजरी कोल काम्प्लेक्स में विकसित किया जा रहा है। इस परियोजना में लगभग 100 मिलियन डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश होगा। इस प्रकार कोयले से इथेनॉल प्रौद्योगिकियां न केवल ईंधन-इथेनॉल के लिए मांग-आपूर्ति के अंतर को हल करने (और ई20 लक्ष्य को पूरा करने) का एक प्रभावी उपाय पेश करती हैं, बल्कि भारत में कोयला गैसीकरण परियोजनाओं और सिनगैस बुनियादी ढांचे के विकास एवं प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की संभावनाओं को भी गति प्रदान करती हैं।

हालांकि, ऐसे कई कदम हैं, जो अभी भी ऐसी परियोजनाओं और संबद्ध निवेशों को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय पहले से ही जैव ईंधन 2018 पर राष्ट्रीय नीति को संशोधित करने की प्रक्रिया में है, ताकि इसमें कोयला-गैसीकरण आधारित इथेनॉल को शामिल किया जा सके। इनमें तेजी आने से संभावित निवेशकों में इन परियोजनाओं में निवेश करने का विश्वास पैदा होगा। इसके अलावा, इस तरह के ह्यसिंथेटिकह्न इथेनॉल के लिए बाजार मूल्य निर्धारण में स्पष्टता की आवश्यकता है। हालांकि इन प्रौद्योगिकियों पर आधारित बाद की परियोजनाओं में निस्संदेह उत्पादन की लागत में कमी आएगी। (पेट्रोलियम गैसोलीन के साथ प्रतिस्पर्धा कर पाने की उम्मीद)। पहला संयंत्र कीमत निर्धारण के प्रोत्साहन पर निर्भर करेगा, जो संयंत्र के आकार (परियोजना पूंजी निवेश को कम करने के लिए इष्टतम से काफी छोटा होना अपेक्षित) एवं निवेशकों के लिए परियोजना से होने वाली आय को संतुलित करने के लिए आवश्यक है।

संक्षेप में, कोयले से एथेनॉल का विकल्प, भारत की आत्मनिर्भरता और ऊर्जा क्षेत्र में स्वतंत्रता के विजन के दोहरे उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक आशाजनक तथा आर्थिक रूप से आकर्षक उपाय पेश करता है। इससे ई20 लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी। इसके अलावा, जैसे-जैसे परिवहन क्षेत्र के विद्युतीकरण में तेजी आयेगी, ये प्रौद्योगिकियां, ह्यकार्बन संग्रह और उपयोगह्न आधारित अनूठे समाधान भी प्रस्तुत करेंगी। इस प्रौद्योगिकी में हरित हाइड्रोजन के साथ वर्तमान में प्रतिशोधित सीओ2 प्रवाह के साथ प्रतिक्रिया होती है, जिससे एथिलीन और अन्य ओलेफिन सहित प्रमुख रासायनिक उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का उत्पादन होता है। यह समग्र दृष्टिकोण; न केवल भारत की आत्मनिर्भरता और ऊर्जा क्षेत्र में स्वतंत्रता के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा, बल्कि कार्बन-उत्सर्जन में कमी लाने के भविष्य के अपरिहार्य लक्ष्य के लिए एक उपयुक्त समाधान भी पेश करेगा। आशा है कि भारत पेरिस समझौते के जलवायु परिवर्तन लक्ष्यों को तय समयसीमा से पहले ही हासिल कर लेगा।

# अहिंसात्मक युध्य क्या संभव हैं !



विद्यावाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

(रूस और उक्रेन युध्य के सम्बन्ध)

युध्य हिंसाजन्य होता हैं और इसका मुख्य कारण अभिमान ,हठवादिता होता हैं .इसमें कोई भी पक्ष लाभ को प्राप्त नहीं करता हैं .युध्य विनाश का कारण हैं और उसकी विभीषिका में दुःख ही होता हैं .वर्तमान में रूस और यूक्रेन का युध्य का मुख्य कारण महत्वाकांक्षा के साथ अहम की लड़ाई हैं .इस समय जो समाचार आ रहे हैं वे अत्यंत भयावह हैं .

बिना कारण के कोई कार्य नहीं होता और कारण कोई भी बहुत बड़ा नहीं होता हैं .मात्र गलतफहमी या संवादहीनता के कारण यह स्थिति निर्मित होती हैं .इस समय हठवादिता की जगह अनेकांतवाद की जरुरत हैं .यदि इस समय ह्लहीह्व की जगह ह्लभी ह्लका उपयोग करेंगे तो शांति ,अमन स्थापित किया जा सकता हैं .

इसी भारत भूमि में एक युध्य अहिंसात्मक भी हुआ हैं .भगवान् ऋषभ देव के पुत्र भरत जिनके नाम से भारत देश का नाम पड़ा हैं वे चक्रवर्ती थे और वे अयोध्या के राजा थे और उनके भाई राजा बाहुबली जो पोदन पुर के राजा थे .उन्होंने भरत की अधीनता नहीं स्वीकारी इस कारण युध्य की घोषणा हुई .दोनों तरफ से सैन्य तैयारी हुई .उसी समय सम्राट भरत और सम्राट बाहुबली के सेनापतियों ने आपस में मंत्रणा कर यह निश्चय किया की यह युध्य दोनों भाइयों के बीच की हैं और



इनके कारण लाखों सेना का मरण होगा इससे अच्छा हैं दोनों बलवान हैं इसीलिए दोनों आपस में युध्य करे.

इस प्रस्ताव से दोनों सम्राट के बीच दृष्टि युध्य ,जल युध्य और मल्ल युध्य हुआ और बाहुबली विजयी हुए और उन्हें जीतने के बाद आत्म ग्लानि हुई कि ह्लइस भूमि और राज्य प्रासाद के पीछे मैं अपने भाई की मौत का भूखा हुआ .धिक्कार हैं धिक्कार हैं ह्लऔर उन्होंने ने राज्य त्याग,आत्म धर्म को अंगीकार किया . जिसकी जीती जागती तस्वीर गोम्मटेश्वर बाहुबली में हैं .

आज विश्व में भुखमरी ,अशांति ,असंतुलन के साथ बेरोजगारी ,शिक्षा ,स्वास्थ्य आदि कितनी समस्याओं से मानव जूझ रहा हैं और विश्व के शक्तिशाली देश अपना प्रभुत्व जमाने कुछ भी करने को तैयार हैं .शक्तिशाली कोई कितना भी हो उसे अंत में दुनिया छोड़ कर जाना होगा। यमराज के पाश से कोई नहीं बचा हैं और न बच सकता हैं। विश्व व्यापी संक्रमण से अभी उबर नहीं पा रहे हैं और इस युध्य जो दो महाशक्तियों का टकराव हैं ,एक दूसरे को नीचे दिखाने का उपक्रम हैं और इससे तबाही के अलावा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष में होने वाला नुक्सान कि भरपाई की जाना असंभव होती हैं। इस जमी पर बड़ी से बड़ी हस्ती समां गयी .देश तो रहेंगे पर शासक बेमौत मारे जायेंगे .कोई भी अमर नहीं हैं .अमरता शांति ,दया प्रेम में होती हैं .

विश्व को आज अहिंसा की जरुरत हैं और वह आएँगी सद्भावना ,भाई चारे से .पूर्व में इतिहास साक्षी हैं .धरम और राजनीती के नाम पर हजारो युध्य हुए और अंत में बैठकर ही समाधान निकालना पड़ा और पड़ता हैं .भाई जैसा दोस्त नहीं और भाई जैसा दुश्मन नहीं .अभी भी कुछ नहीं हुआ वार्ता द्वारा समस्या का समाधान संभव हैं .

राजा राणा छत्रपति हाथिन के अवतार ,
मरना सबको एक दिन अपनी अपनी बार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

संक्षिप्त समाचार

## बुद्धा एकेडमी तारा बरियारपुर में दिवंगत शिक्षाविद के सम्मान में शोकसभा आयोजित



मदरलैंण्ड संवाददाता, बेगूसराय। फफौत पंचायत के तारा गांव निवासी शिक्षाविद् रामकृष्ण महतो उर्फ सीताराम महतो के निधन पर उनके सम्मान में गुरुवार को महावीर एडुमेड ट्रस्ट द्वारा संचालित बुद्धा एकेडमी तारा बरियारपुर में शोकसभा का आयोजन किया गया. आयोजित सभा की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अजीत कुमार ने किया.इस मौके पर उप प्राचार्य मनोज कुमार, शिक्षक कुंदन कुमार, संजय कुमार, अभिषेक कुमार, अक्षय आनंद, कुमारी श्वेतम, काजल कुमारी समेत विद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों ने श्री महतो के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया.इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि रामकृष्ण महतो एक सुयोग्य और कर्तव्यनिष्ठ शिक्षाविद थे. जब तक वो जीवित रहे, तब तक अभिभावक के तौर पर ही उनसे बुद्धा एकेडमी परिवार को मार्गदर्शन मिलता रहा. विद्यालय आज जहां तक पहुंची है, उसमें श्री महतो का बहुत बड़ा योगदान है.विद्यालय परिसर में दिवंगत शिक्षाविद के सम्मान में शोकसभा का आयोजन किया गया. जिसमें शिक्षकों व छात्र छात्राओं ने मृत आत्मा के प्रति शोक संवेदना जतायी. बताते चलें कि फफौत पंचायत के तारा गांव निवासी सीताराम महतो का निधन 90 वर्ष की आयु में बुधवार को हो गया.

## मालती गांव में ग्रामसभा लगाकर हुआ भू संबंधी विशेष सर्वेक्षण!




मदरलैंण्ड संवाददाता, बांका। गुरुवार को रजौन प्रखंड के ओडहरा पंचायत के मालती गांव में मुखिया प्रवीण कुमार सिंह की अध्यक्षता में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के आदेशानुसार ग्राम सभा का आयोजन कर भूमि संबंधी विशेष सर्वेक्षण कार्य किया गया। जहां जिला से पहुंचे सहायक बंदोबस्त अधिकारी भी मौजूद रहे जिन्होंने वहां पहुंचे सैकड़ों किसानों को रैयत की जानकारी दी तो कई किसानों ने खाता खसरा रकबा मौजा का भी जिक्र किया। जबकि इस ग्राम सभा में पहुंचे सैकड़ों किसानों ने बताया कि उनके यहां कई वर्षों से भू लगान रसीद नहीं काटा जा रहा है। जिससे यहां मौजूद दर्जनों किसानों को केंद्र सरकार और बिहार सरकार से मिलने वाली सभी योजनाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। हालांकि किसान यह भी बताते हैं कि इस संबंध में कई बार गांव के दर्जनों किसान प्रखंड से लेकर बांका जिला तक दस्तक दे चुके हैं। लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हो पाई है। वहीं कई किसानों ने बताया कि उन्होंने जमीन खरीद कर सारी प्रक्रिया पूर्ण कर लिया है। फिर भी आज तक भू लगान नहीं काटे गए हैं। जबकि आज के ग्राम सभा में किसानों ने अधिकारियों पर सवालों की बौछार कर दिया और कुछ ऐसे सवाल किसानों ने किया जिसका जवाब खुद अधिकारियों के पास नहीं था।

## विश्व वन्यजीव दिवस पर वन विभाग में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन!




मदरलैंण्ड संवाददाता, भागलपुर। भागलपुर प्रत्येक वर्ष 3 मार्च को विश्व वन्य जीवन दिवस मनाया जाता है, इसे मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में तेजी से विलुप्त हो रही वनस्पति और जीव जंतुओं की प्रजातियों की सुरक्षा के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करना है। इसी उपलक्ष्य पर गुरुवार को विश्व वाइल्डलाइफ डे पर वन विभाग में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें सात जगह से आए प्रशिक्षक,वन्य प्रेमी व अधिकारी ने भाग लिया। मीडिया से बात करते हुए डॉ संजीत ने बताया कि इसमें मछुआरा व अधिकारियों के बीच लोगों को जागरूकता प्रेरित करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि सुल्तानगंज से कहलगांव तक डॉल्फिन सेंचुरी मानी जाती है जिस का संरक्षण करना अति आवश्यक है। इसको लेकर लोगों के बीच जागरूकता पैदा करना है ताकि जो भी मछुआरे जाल लगाते हैं उसमें फंस कर डॉल्फिन की मृत्यु ना हो।

## आग से बचाव को लेकर मॉक ड्रील



मदरलैंण्ड संवाददाता, अररिया। 56वी वाहिनी एसएसबी मुख्यालय में गुरुवार को आग बुझाने से संबंधित कार्मिकों को ट्रेनिंग दी गई। बिहार फायर सर्विस के निशांत के नेतृत्व में मॉक ड्रील कर आग से बचाव के तरीके बताए गए। उन्होंने बताया कि जब भी गैस सिलेंडर से आग लगती है तो आप लोग घबराने की वजह से गलत तरीके से आग पर काबु पाने की कोशिश करते हैं। बताया कि जब भी आग लगे तो सबसे पहले घर के सभी खिड़की व दरवाजा को खोल कर छोड़ दें। जिससे नहीं के बराबर नुकसान होगा। वहीं सरून ने आंग को बुझाने के लिए मॉक ड्रील कर बताया। एस एस बी के कर्मचारियों ने भी प्रेक्टिकल कर गैस सिलेंडर में आग लगा कर गीला कपड़ा से बुझाया।

# प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में फीस कम करना चाहते हैं नीतीश कुमार, विधानसभा में उठा मामला

» मदरलैंण्ड संवाददाता



पटना। बिहार में मेडिकल की पढ़ाई करने वाले छात्रों से वसूली जा रही महंगी फीस का मामला आज विधानसभा में उठा. सदस्यों का कहना था कि प्राइवेट कॉलेजों में मोटी फीस के कारण ही बिहार के छात्र यूक्रेन जैसे देशों में पढ़ने जाते हैं. देनी पड़ती है.जदयू विधायक डॉ संजीव कुमार समेत अन्य सदस्यों की तरफ से सदन में ध्यानाकर्षण के तहत इस मुद्दे को उठाया गया. इस पर सरकार की तरफ से जवाब भी दिया गया. जदयू विधायक ने कहा कि प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों को होने वाले खर्च का मूल्यांकन कर फीस का निर्धारण किया जाता है.बहस में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी अपनी बात रखी. नीतीश कुमार ने कहा कि यूक्रेन में इतनी तादाद में भारत के छात्र मेडिकल पढ़ने जा रहे हैं, इस बात की जानकारी अब सामने आयी है. हमें तो आज पता चल रहा है बिहार के छोटे छोटे जिलों से इतने बच्चे यूक्रेन में हैं, लेकिन यह भी सच है कि मेडिकल और इस तरह की पढ़ाई को लेकर जो भी स्ट्रक्चर तय होता है, वह केंद्र सरकार की तरफ से तय किया जाता है.

नीतीश कुमार ने कहा कि यह बात भी सामने आयी है कि यूक्रेन में देश से सस्ती मेडिकल की पढ़ाई होती है. अगर ऐसा है तो केंद्र सरकार को इसे देखना चाहिए. नीतीश कुमार ने कहा कि पहले जो लेफ्ट विचारधारा के लोग होते थे, वहीं पढ़ाई के लिए सोवियत संघ या रूस जाते थे, लेकिन अब इतनी बड़ी तादाद में अगर बिहार से छात्र जा रहे हैं, तो इसे देखना होगा.

सरकार की तरफ से मिले जवाब पर सभी दलों के विधायकों ने असंतोष जताया. सबने कहा कि सरकार को इस मामले में कोई ठोस पहल करनी चाहिए. इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कहा कि इस मामले में जो सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जजों की कमेटी बनायी गयी है, उसके सामने राज्य सरकार की तरफ से प्रस्ताव भेजा जाएगा. इस कमेटी को अवगत कराया जाएगा कि प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों की फीस कम की जाए.

जदयू विधायक के डॉ संजीव कुमार समेत अन्य विधायकों ने इस मसले पर अपनी राय रखें इसके बाद बिहार विधानसभा के अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि यह मामला बेहद गंभीर है, क्योंकि यूक्रेन में बिहार के कई छात्र मेडिकल की पढ़ाई करने गये और वहां फंसे हुए हैं. इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री मंडल पांडे ने सदन में कहा कि इन सभी छात्रों को राज्य सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर स्वदेश लाया जा रहा है.

# बिहार MLC चुनाव में बागी तेवर अपनाने वाले पूर्व विधायक गुलाब यादव RJD से 6 साल के लिए निष्कासित


» मदरलैंण्ड संवाददाता



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है. चुनाव आयोग ने तारीखों का एलान कर दिया है. इससे पहले राजद ने सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार भी तय कर दिये लेकिन प्रत्याशी का नाम बाहर आते ही पार्टी में बगावत के सुर उठने लगे. जिसके बाद कार्रवाई करते हुए पूर्व विधायक गुलाब यादव को पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया. बिहार एमएलसी चुनाव में राजद प्रत्याशी के खिलाफ मोर्चा खोलने के आरोप में ये निष्कासन किया गया.आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने पूर्व विधायक गुलाब यादव को पार्टी से छह साल के लिए बाहर का रास्ता दिखा दिया है. राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने इस संबंध में गुरुवार को पत्र जारी किया. गुलाब यादव पर पार्टी विरोधी गतिविधि में शामिल रहने का आरोप लगा है. बताया जा रहा है कि गुलाब यादव एमएलसी चुनाव में मधुबनी से टिकट नहीं मिलने से नाराज है,गुलाब यादव को टिकट नहीं मिला और राजद ने मेराज आलम को राजद ने मधुबनी से प्रत्याशी बनाया. इसके बाद ही गुलाब यादव ने बगावती तेवर अपना लिये. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गुलाब यादव ने अपनी पत्नी को मैदान में उतार दिया और राजद उम्मीदवार को पटखनी देने प्रत्याशी बना दिया.बताया जा रहा है कि गुलाब यादव का आरोप है कि टिकट का कमिटमेंट उनसे हुआ लेकिन दिया गया मेराज आलम को. इसी से नाराज गुलाब यादव ने राजद पर ही सवाल खड़ा करते हुए अपनी पत्नी को चुनावी मैदान में उतार दिया.

# त्रिपुरारी शरण बने बिहार के राज्य सूचना आयुक्त,रह चुके हैं मुख्य सचिव

» मदरलैंण्ड संवाददाता



पटना। राज्य सरकार ने दो नये राज्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति कर दी है. इनमें रिटायर्ड जज फूल चंद्र चौधरी और हाल में मुख्य सचिव के पद से रिटायर हुए आइएएस अधिकारी त्रिपुरारि शरण शामिल हैं. सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी की है. त्रिपुरारी शरण को सूचना आयुक्त बनाए जाने की अटकलें पहले से ही लग रही थी और अब आखिरकार इस पर मुहर लग गयी है.राज्यपाल के आदेश के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने इससे जुड़ी अधिसूचना जारी कर दी है. त्रिपुरारी शरण आईएएस अधिकारी रहे हैं और बिहार में मुख्य सचिव के तौर पर उन्होंने काम किया है. पिछले दिनों सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें विस्तार भी दिया गया था, लेकिन कार्यकाल खत्म होने के बाद वह सेवानिवृत्त हो गए.त्रिपुरारी शरण 1985 बैच के आइएएस अफसर हैं. वे बिहार के मुजफ्फरपुर के रहने वाले हैं. सैनिक स्कूल तिलैया से पढ़ाई की है. वे भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे में डायरेक्टर रह चुके हैं. वहां उनके द्वारा किए गए कार्य को लोग आज भी याद करते हैं.

बंद पड़े एक्टिंग कोर्स को फिर से इन्होंने शुरू करवाया था. वे दूरदर्शन के महानिदेशक भी रह चुके हैं. दूरदर्शन से इन्होंने 'दृश्यांतर' पत्रिका निकलवाई थी, जिसके संपादक अजीत राय थे. इस पत्रिका की चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर होती रही है.

इनकी गहरी रुचि और समझदारी शास्त्रीय संगीत में है. फिल्म समीक्षक विनोद अनुपम कहते हैं कि फिल्म, गायन, अभिनय की इतनी अच्छी समझ रखने वाले अफसर बिहार में कोई और नहीं दिखते. बिहार सरकार के पूर्व मुख्य सचिव त्रिपुरारी शरण को अब राज्य का नया सूचना आयुक्त बनाया गया है.

# कलश विसर्जन को लेकर निकाली गयी भव्य शोभायात्रा,अष्टयाम यज्ञ संपन्न

» मदरलैंण्ड संवाददाता



बेगूसराय। फफौत गांव में कलश विसर्जन को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली गयी. शोभायात्रा गाजेबाजे के साथ यज्ञ स्थल से फफौत, सिनरपुरा, चकयद्दू सीमान होते हुए महना बांध से बूढ़ीगंडक नदी के नरहन पुल घाट में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश का विसर्जन करवाया गया.इस शोभायात्रा को देखने के लिये सैकड़ों लोगों का तांता लग गया.विसर्जन शोभायात्रा में 108 श्रद्धालुओं ने भाग लिया.इसकी जानकारी देते हुए पुजारी गणदेव प्रसाद यादव ने बताया कि महाशिवरात्रि के मौके पर एक मार्च की देर शाम सीताराम राधेश्याम गौड़ी शंकर जय हनुमान की जयघोष से अष्टयाम यज्ञ का शुभारंभ किया गया था. जो दो फरवरी की देर शाम कलश विसर्जन के साथ यज्ञ संपन्न हो गया. उन्होंने बताया कि यज्ञ परिसर में प्रसिद्ध कालाकारों के द्वारा भव्य रासलीला कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था, जिसमें दूर दराज के सैकड़ों लोगों ने रासलीला का जमकर आनंद उठाया. पुजारी ने कहा कि रासलीला कार्यक्रम में राम, लक्ष्मण, सीता, भोले शंकर, हनुमान का दृश्य बनाकर लोगों को दिखाया गया. यज्ञ को सफल बनाने में पूर्व मुखिया अनिल कुमार, ग्रामीण रामाश्रय राय, नरेश गुप्ता, राजेश कुमार, अटेरन पासवान, राम नारायण अवस्थी, राम प्रकाश राय, राम सगुन महतो, राजेन्द्र दास, अरुण गुप्ता, प्रमोद कुमार, मंगल दास, गोविंद कुमार, सुनील कुमार समेत अनेक लोगों का अहम योगदान रहा. इस अष्टयाम यज्ञ को लेकर पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है।

# मंत्री मुकेश सहनी के सदन में गैरहाजिर रहने से कॉम्फेड बहाली पर घिर गयी सरकार

» मदरलैंण्ड संवाददाता



पटना। बिहार विधानसभा में विभागीय मंत्री की गैर मौजूदगी का मामला आज हंगामे का कारण बना. सरकार के मंत्री और वीआईपी अध्यक्ष मुकेश सहनी सदन में मौजूद नहीं थे और प्रश्नकाल के दौरान उनके विभाग से संबंधित सवाल थे, जिनका उत्तर सदस्य विभागीय मंत्री से चाहते थे. दरअसल मुकेश सहनी इन दिनों यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर व्यस्त हैं. सहनी यूपी में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार में जुटे हुए हैं और विधानसभा के बजट सत्र में शामिल नहीं हो पा रहे हैं.संजय सरावगी ने जब इस मामले को विधानसभा के प्रश्नोत्तर काल में उठाया, तो सरकार की तरफ से जवाब देने के लिए मंत्री मुकेश साहनी की जगह प्रभारी मंत्री के तौर पर संतोष सुमन खड़े हुए. मंत्री मुकेश सहनी की गैरमौजूदगी में सरकार ने इस मामले से अपना पीछा छुड़ाना ही बेहतर समझा, लिहाजा प्रभारी मंत्री ने सदन में ऐलान कर दिया की बहाली प्रक्रिया बिल्कुल पारदर्शी है और इस मामले में जल्द ही नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी. इसपर हंगामा शुरू हो गया.

दरअसल भाजपा विधायक ने जो सवाल किया था, उसमें यह पूछा गया था कि कॉम्फेड में बहाली प्रक्रिया को क्यों रोक दिया गया? मंत्री ने इसमें गड़बड़ी की आशंका जतायी थी और पित पत्र जारी करते हुए 7 महीने पहले बहाली प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी, लेकिन अब तक इस बहाली प्रक्रिया को पूरा नहीं किया जा सका. भाजपा विधायक ने पूछा कि आखिर बहाली प्रक्रिया में किस तरह की गड़बड़ी पायी गयी?

राजद के विधायक आलोक मेहता ने भी कॉम्फेड में बहाली के अंदर गड़बड़ी का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि पहले भी इस तरह की गड़बड़ियां कॉम्फेड में होती रही हैं. सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए एक तरफ जहां सहनी यूपी चुनाव में व्यस्त हैं, तो वहीं दूसरी तरफ सत्तापक्ष के ही विधायकों ने मंत्री को घेर लिया.

# विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रहे सीडी फोर्ट पब्लिक स्कूल के बच्चे: निदेशक



» मदरलैंण्ड संवाददाता

बेगूसराय। विज्ञान के क्षेत्र में सीडी फोर्ट पब्लिक स्कूल नारायणपुर के बच्चे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं.यहां के बच्चों ने अपनी कला कौशल से शिक्षकों, अभिभावकों को चकित कर दिया है. उम्मीद है आगे भी यह प्रदर्शन जारी रहेगा. यह बातें सीडी फोर्ट पब्लिक स्कूल नारायणपुर के निदेशक एस के सिंह ने कहीं.विज्ञान दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रदर्श की गयी बिना बिजली का जलने वाला लाइट, बिना तार का डाटा ट्रांसफर डिवाइस, टेलीस्कोप, कैलिडोस्कोप, सेसंर, मानव हर्ट, डायमंड एक्सट्रैक्टर को देख स्कूल के शिक्षक ही नहीं बल्कि अभिभावक भी दंग रह गये. निदेशक ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना ही इस विद्यालय के संचालन का मुख्य उद्देश्य है.इस विद्यालय में बच्चों को स्कूली शिक्षा नैतिक शिक्षा के साथ-साथ विज्ञान के नवीनतम तकनीकों की जानकारी भी दी जा रही है.मौके पर विद्यालय के चेयरमैन मंजू सनगही ने कहा कि सुदूर देहात क्षेत्र में इस विद्यालय की एक अलग पहचान है.इसका कारण बच्चों को समय पालन, अनुशासन और समुचित शिक्षा का ज्ञान दिया जा रहा है.आगे भी यह कार्यक्रम जारी रहेगा.मौके पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राओं के अलावे अनेक अभिभावक मौजूद थे.

# मध्यान भोजन नहीं मिलने से आक्रोशित बच्चों ने विद्यालय में किया हंगामा

» मदरलैंण्ड संवाददाता



बेगूसराय। मध्यान भोजन नहीं मिलने से सागी पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नारायणपुर के वर्ग सात एवं आठ के दर्जनों बच्चों ने विद्यालय परिसर में हंगामा किया.बच्चों ने आरोप लगाया कि गुरुवार को विद्यालय में बच्चों की नामांकित संख्या के अनुरूप मध्यान भोजन नहीं बनाया गया.मध्यान भोजन इतना ही बना कि वर्ग 1 से 6 तक के ही बच्चे भोजन कर पायें.वर्ग 7 एवं 8 के बच्चे मध्यान भोजन से वंचित रह गए. इस मामले में विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका नीलम देवी ने बताया कि विद्यालय में कार्यरत तीन रसोइया द्वारा गुरुवार को मध्यान्ह भोजन बनाया गया.पहले छोटे बच्चों को भोजन करवाया गया.वर्ग 1 से 6 तक के बच्चों ने भोजन कर लिया.बाद में उन्हें जानकारी मिली कि भोजन खत्म हो गया है. उन्होंने तुरंत रसोईया को फिर से वर्ग सात एवं आठ के बच्चों के लिए भोजन बनाने का निर्देश दिया, परंतु तीनों रसोइयों ने यह कह कर भोजन बनाने से इंकार कर गया कि वह आज भोजन नहीं बनाएंगे. हम लोग घर जा रहे हैं.प्रधानाध्यापिका ने बताया कि विद्यालय में मध्यान भोजन संचालन के लिए विभाग ने जो नया निर्देश जारी किया है.उस के आलोक में मध्यान भोजन का संचालन कर पाना कठिन कार्य है.दुकानदार समान नहीं देना चाहता है. दुकानदार का कहना है कि पहले पैसा दीजिए, तब सामान देगें, परंतु विभाग का कहना है कि इस मद की राशि दुकानदार के बैंक खाता में जाएगा. विद्यालय की रसोईया राम ज्योति देवी, लालमुनी देवी व गायत्री देवी ने बताया कि वेलोग सुबह 9 बजे ही विद्यालय आ गए थे. उन लोगों को भोजन सामग्री के लिए 2 घंटे तक इंतजार करना पड़ा. ग्यारह बजे उन्हें विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने भोजन बनाने के लिए चावल, दाल और आलू दिया. रसोइया ने बताया कि प्रधानाध्यापिका ने मात्र डेढ़ किलो दाल एवं ढाई किलो आलू और उसी के हिसाब से चावल दिया. इसी सामग्री से भोजन बनाया गया.जिससे वर्ग प्रथम से 6 तक के बच्चे ही भोजन कर पाये.वर्ग सात एवं आठ के बच्चों के लिए भोजन नहीं बच सका. रसोईया का कहना है कि अब आज दोबारा भोजन बनाना संभव नहीं है, क्योंकि विद्यालय में रसोई गैस की व्यवस्था नहीं है. किसी तरह लकड़ी पर ही उन लोगों ने भोजन तैयार किया है.दोबारा भोजन बनाने में काफी समय लगेगा और स्कूल का कार्यकाल भी समाप्त हो जाएगा.विद्यालय परिसर में मौके पर मौजूद महिला अभिभावकों ने आरोप लगाया कि विद्यालय के शिक्षकों द्वारा बच्चों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. एस एच 55 के बगल में यह विद्यालय अवस्थित है. जिसमें चारदीवारी नहीं है. विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चे मुख्य सड़क स्वयं पारकर घर आते जाते हैं. कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है. विद्यालय के शिक्षक छोटे बच्चों को सड़क पार नहीं कर पाते हैं. महिला अभिभावकों ने बताया कि अपने छोटे बच्चों की सुरक्षा का ख्याल कर उन्हें विद्यालय पहुंचाने और वहां से घर लाने का वे लोग प्रतिदिन कार्य करते हैं. वे लोग जब अपने बच्चों को पहुंचाने के लिए विद्यालय जाते हैं, तो प्रधानाध्यापिका उन लोगों को विद्यालय आने से मना करती है. प्रधानाध्यापिका के इस व्यवहार से सभी अभिभावक नाखुश हैं.

**कहते हैं अधिकारी-**

इस संदर्भ में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी दानी राय ने बताया कि विभाग ने बच्चों को स्कूल में मध्यान भोजन करवाने का कड़ा निर्देशदियाहै.इससंदर्भमेंसभीप्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया गया है कि सभी बच्चों के लिए विद्यालय में मध्यान भोजन की व्यवस्था करें. अगर कोई बच्चा मध्यान्ह भोजन करने से वंचित रह जाता हैं तो यह गंभीर मामला है. ऐसे प्रधानाध्यापकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.बीईओ ने बताया कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय नारायणपुर में गुरुवार को इस घटना की सूचना उन्हें भी मिली है.मामले की जांच पड़ताल कर दोषी प्रधानाध्यापिका के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.बीईओ ने बताया कि स्कूल के छोटे बच्चों के सुरक्षा की जिम्मेवारी विद्यालय की प्रधानाध्यापिका एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की है. मुख्य सड़क पार करवाने के लिए एक शिक्षक नियमित रूप से सड़क पर खड़े होकर छोटे बच्चों को सड़क पार करावें, ऐसा कड़ा निर्देश है. अगर इस नियम का पालन नहीं किया जाता है तो इस संदर्भ में भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी.

## संक्षिप्त समाचार

### अगलगी से पीड़ित परिवार के बीच अंचल प्रशासन की ओर से प्लास्टिक का वितरण



मदरलैंण्ड संवाददाता, कटिहार। मनसाही प्रखंड क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के पचवर्गा गांव के भीषण अगलगी पीड़ित परिवार के मनसाही अंचल प्रशासन की ओर से सभी 63 परिवार के बीच 3 हजार नगद सहित प्लास्टिक का वितरण किया गया।वहीं सहजा पंचायत के मुखिया मोहम्मद मुस्तफा के द्वारा सुखा राशन में भुजा तथा खाना खिलाने की व्यवस्था किया गया। वहीं विधान पार्षद उम्मीदवार सुनील यादव के द्वारा 3 क्विंटल चावल तथा एक क्विंटल दाल का वितरण किया गया। इस मौके पर कुरेठा पंचायत के मुखिया अवधेश प्रसाद यादव जिला परिषद प्रतिनिधि खुर्शीद आजाद आदि मौजूद थे।

### एमएलसी प्रत्याशी कुन्दन कुमार पंचायत प्रतिनिधि से मिले



मदरलैंण्ड संवाददाता, कटिहार। बरारी प्रखंड के मोहनाचांदपुर पंचायत के जनप्रतिनिधि के साथ कुण्डीघाट में समाजसेवी गयाराम के आवास पर आयोजित बैठक में एमएलसी प्रत्याशी कुन्दन कुमार का पंचायत प्रतिनिधि ने जमकर स्वागत करते हुए कहा कि जो हमारा दर्द समझेगा उसे हम सभी चुनेंगे, एमएलसी प्रत्याशी कुन्दन कुमार ने पंचायत समिति सदस्य,वार्ड सदस्य,उपमुखिया के समक्ष अपनी बातो को निष्पक्ष रूप से रखते हुए कहा कि आप को एक सच्चा साथी की जरूरत है ,मैं आपके हमेशा खड़ा रहूंगा,कुन्दन कुमार ने सभी पंचायत प्रतिनिधि को अंगवस्त्र देकर मान बढ़ाया, पूर्व मुखिया मास्टर इलियास ने बताया कि पिछले अठारह वर्षों में किसी ने पंचायत प्रतिनिधि के मान सम्मान के लिए साथ नही दिया,उसके अधिकार के लिए कोई लड़ाई नही लड़ी,खोखले वादों से काम नही चलता,मौके पर पंचायत समिति सदस्या नीलम देवी, अमीर हौजा, वार्ड सदस्या रितु देवी,गंगा देवी,सीताराम चौधरी,मुकेश सहनी, रीता देवी,मोहम्मद अफजल, मोहम्मद फईम,गयाराम सहित पंचायत जनप्रतिनिधि एवं गणमाण्य ग्रामीण मौजूद रहे ।

### यूक्रेन में अध्ययनरत मेडिकल के छात्र-छात्रा सकुशल कटिहार पहुंचे



मदरलैंण्ड संवाददाता, कटिहार। मिरचाईबाड़ी का छात्र विशाल के यूक्रेन से लौटेने पर घर मे खुशियाँ मनायी जा रही है।माँ की बाहों में लिपटा यह छात्र की आरती उतारी गयी।छोटे छोटे भाई-बहनों का दुलारा यह छात्र को बच्चो ने अपने आगोश ? में ले लिया है। मौत की मुहं से वापस आया यह छात्र बताया है कि पौलेंड की सीमा की वह दो रात और दो दिन बहुत भयावह रही।जब ऑनलाइन पढ़ायी के दौरान यूक्रेन में युद्ध की शुरूवात पर लगातार सायरन से खलबली मच गई थी। दो देशों के बीच भीषण युद्ध पर यह बच्चा अब अपने आगे की पढ़ायी से चिंतित देखा जा रहा है। परिवार ने पुत्र की पढ़ायी की खातिर सरकार से मदद मांगी है। वापस लौटे छात्र विशाल पाण्डेय ने कहा कि 23 फरवरी को भारतीय दूतावास ने यूक्रेन से निकल जाने का दिया था संदेश।24 फरवरी को ऑन लाइन पढ़ाई के दौरान अचानक युद्ध हो गयी थी। शुरू माइनस डिग्री के तापमान पर पैदल चलकर पहुंचा। पौलेंड की सीमा पर..सीमा पर जो हुआ।उसे जीवन भर भूल नही पाऊँगा।महज तीन वर्ष बची थी मेडिकल की पढ़ायी।अब शायद हो पाएगी।जिंदा घर लौट गया। जिलापदधिकारी उदयन मिश्रा ने कहा कि यूक्रेन गए 19 चिन्हित मेडिकल छात्रों की कटिहार घर वापसी हो रही है।

### राजभवन मार्च में हिस्सा लेने हेतु 6 मार्च को जाप कार्यकर्ता पटना होंगे रवाना



मदरलैंण्ड संवाददाता, कटिहार। जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के नेतृत्व में पांच सूत्री मांगों को लेकर जाप कार्यकर्ता 7 मार्च को राजभवन मार्च करेंगे। इसी को लेकर गुरुवार को जाप के जिला अध्यक्ष अरुण सिंह के अध्यक्षता में मिर्चाईबारी में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 7 मार्च को होने वाले राज भवन मार्च को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। वहीं जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष अरुण सिंह ने बताया कि 5 सूत्री मांगों को लेकर जाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के नेतृत्व में राजभवन मार्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा,जमीन माफिया, शराब माफिया, भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ यह राजभवन मार्च किया जाएगा। वहीं छात्र जिला अध्यक्ष चंदन यादव ने कहा कि आज छात्र- युवा ग्रेजुएट कर भी बेरोजगार होकर घूम रहे हैं। सरकार ने जो युवाओं को रोजगार देने का वायदा किया था, सरकार भूल चुकी है,उन्होंने कहा कि बेरोजगारी सहित अन्य मुद्दों को लेकर 7 मार्च को बिहार के तमाम जाप कार्यकर्ता राजभवन मार्च करेंगे। वही बैठक में जाप के नैयर मसूद खान, चंदन यादव, नूर आलम, शमशुल हक,शैलेश दास, शुभम सिंह,आजाद यादव, रवि कर्ण, रवि यादव, अब्दुल शकीम, अनिल कुमार सहित कई जाप के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डॉग स्क्वायड टीम से कोई खास कामयाबी नहीं मिली

### ग्रामीणों ने डीएसपी के विरुद्ध जताया विरोध

» मदरलैंण्ड संवाददाता

कटिहार। सालमारी ओपी क्षेत्र अंतर्गत हुए जाहिदी हत्या कांड मामले में ग्रामीणों द्वारा लगातार विरोध किए जाने के बाद तथा 24 घंटे का अल्टीमेटम दिए जाने की सूचना मिलने के बाद गुरुवार की अल सुबह डीएसपी बारसोई प्रेमनाथ राम डॉग स्क्वायड टीम के साथ ओपी क्षेत्र सालमारी के खौरा बेलबाड़ी स्थित घटना स्थल पहुंच मामले का जायजा लिया इस मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और घटना के 5 दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।इस सवाल पर लोगों ने जमकर डीएसपी प्रेमनाथ राम का विरोध जताया इस दौरान डीएसपी बारसोई ने ग्रामीणों को समझाने का पूरा प्रयास किया डीएसपी बारसोई ने ग्रामीणों को बताया भले देर हुई है।परंतु इस घटना को अंजाम देने वाले कोई अपराधी पुलिस के हाथ से नहीं बचेगा मामले का बहुत जल्द खुलासा होगा तथा अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में डाल दिया जाएगा मामले की बारीकी से तहकीकात की जा रही इस बाबत देर लग रहा है।अवसर पर जिला परिषद मोहम्मद मुनव्वर



आलम पंचायत समिति सदस्य मोहम्मद असरार आलम पूर्व जिला परिषद अब्दुल सुभान पूर्व मुखिया अब्दुल सलाम आदि सहित दर्जनों ग्रामीण मौके पर उपस्थित रहे। 5दिन में अपराधियों की गिरफ्तारी नही होने की स्थिति में गुठेली रोड को जाम करेंगे।

## आधुनिक मशीन से किसान काट रहे सरसों

» मदरलैंण्ड संवाददाता

कटिहार। हसनगंज प्रखंड क्षेत्र में ग्रामीण किसानों को इस बार सरसों की फसल से आय में काफी बढ़ोतरी की आस था। परिणाम बीते दिनों में बिगड़े मौसम तेज हवा और बारिश से सरसों की फसलों को काफी नुकसान कर दिया था। किसानों के खेतों में सरसों की फसल पक्क कर तैयार है। सरसों की फसल में उपज सही नहीं होने के कारण किसानों में मायूसी है। खेत मे फसल सरसों को मजदूर तैयारी करने के लिए नहीं आ रहें हैं। ऐसे में विवश किसान आधुनिक मशीन कैम्पेन के द्वारा सरसों की फसल कटाई करना शुरू कर दी है। लघु किसान महमदिया गांव निवासी दिलीप कुमार विश्वास ने कहा कि बीते दिनों बेमौसम बारिश होने से सरसों की फसल को काफी नुकसान किया है। जिस वक्त सरसों की फसल में फल और फूल आने का टाइम था। उसी मौके पर बारिश होकर फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है। खेतों में सरसों की फसल पककर तैयार है ग्रामीण मजदूर नहीं पहुंच रहे हैं इस वजह से विवश होकर आधुनिक मशीन कैंपेन के द्वारा फसल को तैयार करना पड़ रहा है। उन्होंने विभाग व सरकार से मुआवजा की मांग किया है। कहां की महंगाई को लेकर किसान काफी विवश है। महंगा डीएपी खाद लेकर खेतों में छिड़काव करना पड़ा था। प्राकृतिक आपदा का शिकार खास करके किसान को होना पड़ता है। ऐसे में किसानों के हित में सरकार को खड़ा होकर सहयोग करने की जरूरत है।



## गोरखधाम मंदिर में भक्तों ने खोला जेब



» मदरलैंण्ड संवाददाता

कटिहार। सालमारी ओपी क्षेत्र के बाबा गोरखनाथ धाम में शिवरात्रि के मौके पर दान के तौर पर चढावा राशि की गिनती प्रशासन की देख-रेख में कमिटी सदस्यों द्वारा गुरुवार को किया गया।कमिटी के सचिव पिंटु यादव ने बताया दान पेटी एंव मेला से पांच लाख 33 हजार943रुपए प्राप्त हुआ है। साथ ही दानपेटी से कुछ चांदी के जेवर भी मिलने की बात कही गयी।उन्होंने कहा बाबा के मानने वाले लाखों श्रद्धालु यहां साल में दो बार जलाभिषेक एंव मेला का आयोजन होता है।जिसमें शामिल होते हैं।प्रत्येक वर्ष बाबा गोरखनाथ के नाम पर जो भी चढावा प्राप्त होता है।इसे मंदिर के विकास में लगाया जाता है।उक्त राशि से मुख्य रूप से मंदिर परिसर का विस्तार किया जा रहा है।मंदिर परिसर का विस्तार के लिए श्रद्धालुओं को बढ चढ कर सहयोग करने की अपील की है। इस अवसर पर अक्षय सिंह,अमीत अग्रवाल सहित अन्य कमिटी सदस्य उपस्थित रहे।

## सीएसपी संचालक लूट कांड मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार भेजा गया जेल

» मदरलैंण्ड संवाददाता



कटिहार। आजमनगर थाना कांड संख्या 233/21 के प्राथमिक अभियुक्त मोहम्मद साबिर को गिरफ्तार करने में आजमनगर पुलिस को सफलता मिली है जानकारी के मुताबिक वर्ष 2021 में सीएसपी संचालक गणेश मंडल के द्वारा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा कार्यालय बगछल्ला से राशि निकासी कर सीएसपी कार्यालय लेकर जाते समय जोकड़ बांध ढाला पर घात लगाए बैठे अपराधियों द्वारा दिनदहाड़े हथियार के बल पर ₹180000 की छिनतई कर ली गई थी इस बाबत आजमनगर थाने में नामजद करते हुए सीएसपी संचालक गणेश मंडल के द्वारा आजम नगर थाने में एक मामला दर्ज कराया गया था दर्ज मामले में पूर्व में तीन बदमाशों की गिरफ्तारी हो चुकी है और तीन अपराधियों की गिरफ्तारी होना है गुरुवार को प्राथमिक अभियुक्त साबिर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत कटिहार भेज दिया गया है थाना अध्यक्ष मानूतोष कुमार ने बताया कि उक्त मामले के नामजद अभियुक्त मोहम्मद साबिर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है शेष बचे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है बहुत जल्द सभी अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़ेंगे।

## एक हजार से अधिक विद्युत शुल्क बकाया वाले 150 उपभोक्ताओ का कटा कनेक्शन

### चोरी कर बिजली कनेक्शन लेने वाले 10 पर प्राथमिकी

» मदरलैंण्ड संवाददाता

कटिहार। कुसेर्ला में विद्युत बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा बिजली चोरी व बिजली बिल बकाया रखने वालों के खिलाफ गुरुवार को महाअभियान चलाया गया।

बिजली चोरी व बकाया बिल रखने वाले उपभोक्ताओ के खिलाफ चलाए जा रहे महाअभियान में अब तक 1 फरवरी से 3 मार्च तक में 150 बिजली उपभोक्ताओ का बिजली का कनेक्शन काटा गया। वहीं बिजली चोरी करने वाले 10 लोगों पर प्राथमिकी भी दर्ज करवाई गई है। जिससे चोरी कर बिजली जलाने वाले तथा बकाया बिल नहीं जमा करने वाले उपभोक्ताओं में दहशत का माहौल है।

इस अभियान में बिजली विभाग के जेई प्रकाश कुमार , मीटर रीडर ओम प्रकाश मंडल , लाइनमैन संजय कुमार मंडल, जयप्रकाश मंडल, लवलेश कुमार विभागीय कर्मी के साथ कुसेर्ला प्रखंड के गांव तथा नगर पंचायत के बाजार तथा गांव मे बिजली चोरी तथा बिल बकाया के खिलाफ अभियान चलाया गया। घर - घर जाकर वैसे उपभोक्ताओं का जो समय पर बिजली बिल जमा नहीं करते हैं । वैसे उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटा



गया। जिसमें मजदिया , बिन्द टोली , कुसेर्ला बाजार में बिजली उपभोक्ताओं का कनेक्शन काट दिया गया। बिजली विभाग के जेई

प्रकाश कुमार ने बताया कि बिजली चोरी को पकड़ने के लिए दो टीम का गठन किया गया है।आगामी 31 मार्च तक अधिक बिजली बिल बकाया वाले उपभोक्ताओं का कनेक्शन को काटने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 1 हजार से अधिक बिजली बिल होने के कारण ऐसे उपभोक्ताओं का कनेक्शन काट दिया जाएगा। इसके बावजूद भी अगर वे लोग चोरी कर बिजली उपयोग करते हैं । वैसे उपभोक्ताओं पर और अधिक सख्ती कर उन पर प्राथमिकी दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कनेक्शन काटने के बावजूद भी जो लोग चोरी से बिजली उपयोग कर रहे हैं । वैसे उपभोक्ताओं के घर पर छापामारी कर प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। 1000 से अधिक बकाया होने पर उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटने का प्रावधान है । उन्होंने बताया कि अधिकांश उपभोक्ता बिजली उपयोग करने के बावजूद भी समय पर बिजली बिल जमा नहीं करते हैं । वैसे उपभोक्ताओ के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## गिट्टी से लदा ट्रक अनियंत्रित होने से सड़क के किनारे पोखर में पलंटा



» मदरलैंण्ड संवाददाता

कटिहार। प्राणपुर प्रखंड क्षेत्र के केहुनियाँ गांव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क मार्ग पर मंगलवार की सुबह गिट्टी से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई।जिसमें ड्राइवर व खलासी बाल बाल बचे।मिली जानकारी के अनुसार घटना स्थल से ड्राइवर व खलासी फरार हैं।मालूम हो कि उक्त ट्रक मनिहारी की ओर से गिट्टी लेकर आ रहा था।कि अनियंत्रित होकर केहुनियाँ गांव के मुख्य सड़क मार्ग के समीप पलट गई और गढ्ढे में जा गिरी ,वही ग्रामीणों ने बताया कि मनिहारी व केहुनियाँ मुख्य मार्ग सड़क होकर रोजाना गिट्टी व बालू से लदा ओवरलोडिंग ट्रक का परिचालन प्रत्येक दिन होता हैं।ओवरलोडिंग ट्रक के परिचालन से मनिहारी केहुनियाँ मुख्य मार्ग सड़क गढ्ढे में तब्दील होती जा रही हैं।वहीं ग्रामीणों ने बताया कि गिट्टी व बालू से लदा ओवरलोडिंग ट्रक का परिचालन पर रोक लगाने को लेकर कई बार विभागीय अधिकारी को दूरभाष एवं चैनल के माध्यम से अवगत भी कराया गया हैं।लेकिन विभागीय अधिकारी के द्वारा ओवरलोडिंग ट्रक एवं हाईवा परिचालन के विरूद्ध किसी प्रकार की कारवाई नहीं करने पर प्रशन चिन्ह खड़ा करता हैं।उक्त पोषक क्षेत्र के लोगों ने मनिहारी व केहुनियाँ मुख्य मार्ग सड़क होकर ओवरलोडिंग ट्रक परिचालन पर जिला प्रशासन से शीध्र रोक लगाने की मांग की हैं।

## सेमापुर बरैटा पैक्स अध्यक्ष पद से कुमारी प्रतिमा व साधना सिंह ने भरा पर्चा



» मदरलैंण्ड संवाददाता

कटिहार। बरारी प्रखंड के ग्राम पंचायत राज बरैटा पैक्स अध्यक्ष के रिक्त पदों पर निर्वाचन को लेकर गुरूवार अंतिम दिन दो प्रत्याशी कुमारी प्रतिमा एवं साधना सिंह सेमापुर ने अपने नाम का पर्चा प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ पूरण साह के समक्ष पर्चा भरा, प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्रों की संवीक्षा चार एवं पाँच मार्च को होगी,नाम वापसी सात मार्च एवं मतदान चौदह मार्च को होना निर्धारित है, पहले दिन बुधवार को एक भी नामांकन नही हुआ था,बरैटा पैक्स अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के निधन से रिक्त अध्यक्ष पद का निर्वाचन को लेकर सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह बीएमडब्लूओ अरूण कुमार,बीसीओ कन्हैया कुमार चौधरी,प्रशांत कुमार निर्वाचन कार्य में लगे रहे,वहीं प्रत्याशी के नामांकन में पूवीबारीनगर पैक्स अध्यक्ष भोला सिंह,सिक्कट पैक्स अध्यक्ष अंशु,उपसरपंच बुल्लु चौधरी,मुखिया प्रतिनिधि जोहेर आलम,राहुल कुमार सिंह सहित समर्थक मौजूद रहे ।

## अनियंत्रित होकर बाईक सवार गिरे, दो जख्मी

» मदरलैंण्ड संवाददाता

कटिहार। पनसेरवा गांव की ओर से आ रही कालीगंज सड़क स्थित कालीगंज पुल के समीप अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिरने से दो जख्मी हो गया। वही घटना सूचना मिलने पर स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद लाया गया। जहां मौके पर मौजूद चिकित्सा द्वारा प्राथमिक उपचार की गई। जिसमें एक युवक सूरज कुमार ज्यादा जख्मी हो गया है। घायल व्यक्ति को शर व मुंह में शरीर में चोटें आई हैं। तो दूसरे अजय कुमार को मामूली चोटें आई है। वहीं घटना के संबंध में बताया जाता है कि मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक पनसेरवा से कालीगंज की ओर आ रहे थे। इसी बीच पुल के समीप टायर की बड़ी गिट्टी के संपर्क में आने से फिसलन होकर अनियंत्रित होकर गिर गए। जिससे जख्मी हो गया। वही चिकित्सकों ने बताया कि बेहतर इलाज को लेकर सदर अस्पताल भेजा गया। जिसमें एक युवक को ज्यादा चोटें आई जख्मी हो गया है।



## सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में दो बच्चों ने बाजी मारी




» मदरलैंण्ड संवाददाता

कटिहार। बरारी प्रखंड के एक छात्र एवं एक छात्रा ने सैनिक स्कूल में बाजी मारी, अखिल भारतीय सैनिक स्कूल के 6 वीं प्रवेश परीक्षा की घोषित परिणाम मे बरारी प्रखंड के दो विद्यार्थियो ने बाजी मारी है। जिसमे बरारी पंचायत के अवध नगर गुरुबाजार निवासी भूपेन्द्र नारायण सिंह की पुत्री सान्वी सिंह एवं बरारी हाट निवासी सियाराम शर्मा के पुत्र ऋषभ शर्मा ने उक्त परीक्षा मे बेहतर अंक लाकर क्वालीफाई किया है, जिसे आगे मेडिकल जांच की प्रकिया से भी गुजरना होगा, सान्वी स्थानीय मध्य विद्यालय बलुआ की छात्रा है, जबकि ऋषभ मध्य विद्यालय काढ़ागोला का छात्र है ,तथा स्थानीय आधुनिक शिक्षा निकेतन गुरुबाजार मे इसके सफल तैयारी मे जुटा था, दोनो विद्यार्थियो के अखिल भारतीय स्तर के इस परीक्षा मे क्वालीफाई होने पर बच्चो के माता पिता सहित शिक्षाविद गुरूजन सह आधुनिक शिक्षा निकेतन के निदेशक मिथिलेश कुमार झा सहित प्रधानाध्यापक रतन कुमार महतो व निरंजन कुमार महतो आदि को विद्यार्थियो के भविष्य संवारने पर साधुवाद दिया।



# वन कर्मियों के अथक प्रयास से पकड़ लिया गया बाघ

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। गौनाहा वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना के मंगुराहां वन क्षेत्र से भटक कर मुरली गांव के समीप सरेह में पहुंचे बाघ को वन विभाग द्वारा गुरुवार को दोपहर पकड़ लिया गया है। विदित हो कि उक्त बाघ पिछले एक पखवारे से वन क्षेत्र से निकलकर पंडई नदी के रास्ते मठ मझरिया गांव के समीप पहुंचकर एक बकरी व एक खस्सी को अपना शिकार बना लिया था। बुधवार को उक्त बाघ बेलवा पंचायत के पिपरा गांव के पश्चिम बगीचे के समीप स्थित गन्ने के खेत में डेरा डाल दिया था। वन विभाग व स्थानीय लोगों की पहल से उक्त बाघ को नहीं पकड़ा जा सका। बुधवार की रात्रि में ही बाग पंडई नदी के रास्ते उत्तर दिशा की ओर रुख कर मुरली गांव के समीप गेहूं के खेत में डेरा डाल दिया। सुबह शौच करने गए मुरली गांव के किशुन साह ने बाघ को गेहूं के खेत में देखा। इसकी सुचना वह गांव के लोगों को दी। प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीण चोकट साह, किशुन साह, मुन्ना सोनी, अमित मीणा व आलिम शेख ने बताया कि बाघ गेहूं के खेत में इधर-उधर भागते देखा गया। लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग के डीएफओ अमरीश मल्ल, रेंजर सुनील कुमार पाठक, डॉक्टर रंजन कुमार सहित दर्जनों वनकर्मी पी.टी, टी.टी. व एसएसबी के जवान वहां पहुंचकर बाघ को अपने कब्जे में लेने का प्रयास शुरू कर दिया। गौनाहा थाना अध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा भी वहां दल बल के साथ पहुंचकर लोगों को बाघ की तरफ जाने से रोका। पटना से पहुंचे वन विभाग के अधिकारी व कर्मी टेंगुलर गन की मदद से बाघ को बेहोश कर पिजड़े में कर लिया। बाघ को पकड़े जाने के बाद क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। वन कर्मियों ने बताया कि टेंगुलर गन से घायल बाघ को मेडिकल चेकअप हेतु पटना भेजा जाएगा। आलाअधिकारियों के निर्णय के आधार पर बाघ को पटना या मंगुराहां वन क्षेत्र में ले जाया जाएगा।

# उपायुक्त के निदेशानुसार दहेज प्रथा उन्मूलन से जुड़े विषयों पर कार्यक्रम का आयोजन

» मदरलैण्ड संवाददाता



देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार हिंदी विद्यापीठ बीएड कॉलेज के सेमिनार हॉल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर दहेज प्रथा उन्मूलन से जुड़े विभिन्न विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दहेज कुप्रथा के वजह से होने वाले अत्याचार व नुकसान को लेकर सभी को लोगों को जागरूक करते हुए दहेज न लेने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान डीसी सेल से सुश्री अमृता सिंह, सुश्री आस्था जोशी एवं श्री मृत्युंजय राठौर ने दहेज कुप्रथा से जुड़ी विभिन्न कुरीतियों के साथ समाज में जागरूकता पैदा करने से जुड़ी जानकारियों से अवगत कराया।

इसके अलावे कार्यक्रम के दौरान दहेज कुप्रथा से जुड़े भाषण प्रतियोगिता, एक्सटेम्पोर एवं गीत का आयोजन प्रतिभागियों द्वारा किया गया, जिसमे प्रतिभागी के रूप में दामिनी, शिवानी ,प्रीति ,सोनू ,सुमित, विवेक, आरजू, अनुप्रिया आदि ने भाग लिया। ज्ञात हो कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आगामी 08 मार्च को होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में जिला, प्रखंड, पंचायत स्तर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को दहेज कुप्रथा के प्रति जागरूक किया जा सके। कार्यक्रम का मंच संचालन राजनीति विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती अपर्णा झा ने किया। कार्यक्रम के दौरान उपरोक्त के अलावे प्राचार्य महोदय श्री विकी चौधरी, शिक्षक गण दुर्गा भौमिक ,दिव्या कुमारी, सुनील नरौने,मणिकांत सिंह ,प्रमोद पांडे, रवि झा, कार्तिक नंद झा एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# फाइलेरिया उन्मूलन के तहत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम आयोजित

» मदरलैण्ड संवाददाता

देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार फाइलेरिया उन्मूलन के तहत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम ( MDA ) दिनांक 07 से 12 मार्च 2022 तक निर्धारित किया गया है। जिसके अंतर्गत सभी लक्षित जनसमुदाय को फाइलेरिया रोधी दवा (डी.ई.सी. एवं एल्बेंडाजोल) की एकल खुराक उम्र के अनुसार (दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति) को छोड़कर सभी को खिलाई जानी है। ऐसे में शतप्रतिशत सफलता हेतु जनजागरूकता के लिए आप सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की सहभागिता अतिमहत्वपूर्ण है। इस उद्देश्य से एक दिवसीय जिला स्तरीय संवाददाता सम्मेलन का आयोजन दिनांक 04 मार्च 2022 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से सिविल सर्जन कार्यालय प्रकोष्ठ, देवघर में आयोजन किया गया है। अतः आप सभी मीडिया बंधुओं से आग्रह है कि कृपया ससमय संवाददाता सम्मेलन में भाग लेने की कृपा करें।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडो नेपाल बॉर्डर पर बन रहे सड़क निर्माण में बाधा डालने वाले दो लोग गिरफ्तार

मदरलैंण्ड संवाददाता, बेतिया। मैनाटांड़ इनरवा थाना क्षेत्र के इनरवा बाजार में हो रहा पथ निर्माण में बाधा डालने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इनरवा थाना अध्यक्ष प्रकाश कुमार ने बताया कि सैनिक रोड बनाने के क्रम में इनरवा बाजार के सरकारी काम में बाधा डालने वाले कुछ कतिपय लोगों में से दो लोगों को पकड़ा गया। बाकी लोगों की तलाशी जारी है। उन्होंने बताया कि इनरवा निवासी आफताब मियां और अबूलैश मियां को गिरफ्तार किया गया।

### इनरवा थाना क्षेत्र से अवैध बालू खनन में 4 गिरफ्तार

मदरलैंण्ड संवाददाता, बेतिया। मैनाटॉड इनरवा थाना क्षेत्र के सेनवरिया में हो रहे अवैध बालू खनन में चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इनरवा थाना अध्यक्ष प्रकाश कुमार ने बताया कि विगत माह सेनवरीया नदी में अवैध तरीके से बालू खनन कर रहे जिनकी ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त कर ली गई थी। मौके पर सभी खनन कर रहे लोग फरार हो गए थे। गुरुवार को झुमका निवासी हरेंद्र यादव, आनंद यादव, योगेंद्र यादव, वहीं सेनवरीया निवासी रामबली यादव को गिरफ्तार किया गया।

### 17 महिलाओं का हुआ बंध्याकरण

मदरलैंण्ड संवाददाता, कटिहार। फलका अस्पताल में 17 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के अपरांत निशुल्क दवाई एवं अन्य सुविधा भी उपलब्ध की गई। जनसंख्या को नियंत्रण में रखने को लेकर प्रत्येक सप्ताह किया जाता है। महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन एवं पुरुष नसबंदी। उक्त बातें की जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि बढ़ते जनसंख्या की नियंत्रण हेतु ऑपरेशन एक बेहतर उपाय है। कम बच्चों के रहने पर आप सही ढंग से उसके परवरिश एवं सही शिक्षा दे पाएंगे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सिंह ने बताया कि परिवार नियोजन कल्याण कार्यक्रम के तहत फलका सामुदायिक केंद्र में 17 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया उन्होंने बताया कि बंध्याकरण ऑपरेशन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सभी आशा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लोगों को प्रेरित किया जाता है। लोग प्रेरित होकर बंध्याकरण ऑपरेशन के लिए लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि बंध्याकरण ऑपरेशन कराने वाली महिला को 2000 रुपये प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया जाता है और पुरुष नसबंदी को 3000 रुपये प्रोत्साहन राशि दिए जाते हैं। यह राशि बिहार सरकार द्वारा दी जाती है।

### भूमि विवाद पर गरजी बंदूकें, मां-बेटे को लगीं गोलियां



पटना, एजेंसी। जमीन पर हुए विवाद में मां-बेटे को गोली लगी है। गोलीबारी की ये घटना पटना के पालीगंज थाना के कोरड़ा गांव की है। गोलीबारी में घायल हुए दोनों लोगों को इलाज के लिए पटना स्थित पीएमसीएच भेजा गया है। जमीन के टुकड़े पर हुए विवाद में जिन दो लोगों को गोली लगी है उनमें करीमन यादव की पत्नी दुलारी यादव और 36 वर्षीय बेटे फलतून यादव शामिल हैं। परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से दोनों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल पालीगंज पहुंचाया जहां से प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने दोनों मां-बेटे को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया।

अस्पताल में घायल के चाचा रामपुकार ने बताया कि करीमन यादव का उसके पड़ोसी से जमीन के टुकड़े को लेकर पुराना विवाद चला आ रहा था। उसी जमीन को लेकर दोनों के बीच फिर से विवाद हो गया। बात तू-तू, मैं-मैं से बढ़ते हुए बात लाठी डंडे तक पहुंच गई। इसी बीच मामला बढ़ता देख किसी ने गोली चला दी। इस बाबत पूछे जाने पर इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष विजय गुप्ता ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि जमीन के विवाद में दो लोगों को गोली लगी है। किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस को आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। बतौर थानाध्यक्ष पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। चिकित्सक डॉक्टर मणिशंकर ने बताया कि मां बेटे इलाज के लिए यहां आए थे। इलाज करने के बाद उनके बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच भेज दिया गया है।

# मानव जगत के अस्तित्व के लिए भूम,जल व पर्यावरण संरक्षण को समय की मांग




» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। भूमिका बिहार एवं अभिलाषा परिवार के व्दारा सी ए सी टी के सौजन्य से पर्यावरण संरक्षण मे महिलाओं की भूमिका एवं छोटी नदियों के महत्व विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन इन्दिरा गांधी पुस्तकालय सभागार मे आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रखर पर्यावरणविद कुमार कलानंदमणि ने अपने संबोधन मे मानव जगत के अस्तित्व के लिए भूम,जल व पर्यावरण संरक्षण को समय की मांग बताया। बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण, गिरते भू-जलस्तर,विकास की अंधी दौड़ मे विलुप्त होती छोटी नदियों, कम होती हरियाली एवं इससे उत्पन्न संकट की ओर ध्यान दिलाते हुए ईनके संरक्षण संवर्धन पर बल दिया। भूमिका बिहार की निदेशक व मानव व्यापार के रोकथाम को लेकर संघर्ष करनेवाली शिल्पी ने अपने संबोधन मे पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन मे महिलाओं की महती भूमिका को रेखांकित किया। कहा कि सीमांचल क्षेत्रों मे नदियों के उचित जल प्रबंधन नही होने, नदियों की अविरलता से छेड़छाड़ के कारण प्रायः इस क्षेत्र मे बाढ़ की विनाश लीला दृष्टिगोचर होती है। ऐसे संकटकाल मे सीमांचल क्षेत्र मे रोजी रोजगार की तलाश मे विवश महिलाओं को शोषण दोहन अभिशाप बनकर सामने आती है। अभिलाषा परिवार के सचिव राजेश कुमार सिंह ने जानकारी दी। इस अवसर पर कल्पना मिश्रा, शिवशंकर रमाणी,काजल मित्रा,अशोक कुमार ने भी अपने विचार रखे। संगोष्ठी मे डा०मिथिलेश कुमार झा ,राज कुमार, राकेश कुमार आदि ने भाग लिया।

# चार कमरे में 246 बच्चे पढ़ने को मजबूर, वहीं दो कमरे कभी भी हो सकते है ध्वस्त

## कई बार लिखित आवेदन देने के बाद भी, अब तक नहीं हो पाई कोई कार्यवाही!

» मदरलैण्ड संवाददाता



बांका। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सूबे के मुखिया नीतीश कुमार भले ही जगह-जगह स्कूल खुलवा दें। लेकिन इसकी दशा को देखने वाला कोई नहीं है और कई स्कूलों के छत ऐसे हैं जो अपने गिरने का शुभ घड़ी का इंतजार कर रही है। दरअसल ऐसा ही एक मामला बांका जिला के रजौन प्रखंड के ओडहरा पंचायत के मालती गांव का प्रोन्नत मध्य विद्यालय मालती जहां 246 बच्चे का भविष्य महज चार कमरे में संवारा जा रहा है। दरअसल इस विद्यालय में कुल 246 बच्चे हैं और इस विद्यालय में कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक की पढ़ाई होती है। विद्यालय को आठ कमरे दिए गए हैं इस स्कूल में जहां दो कमरे का हाल खस्ता है छत टूट टूट कर गिर रहा है। ऐसे में प्रभारी प्रधानाध्यापक ने उन कमरों को ताला लगा दिया है। ताकि कोई अनहोनी घटना ना हो सके। वही इस संदर्भ में प्रभारी प्रधानाध्यापक से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि कई बार विभाग को लिखित देने के बाद भी अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है। लेकिन यहां के ग्रामीणों और किसानों ने बताया कि सबसे हैरत की बात यह है कि यहां हर एक चुनाव में इसे बूथ बनाया जाता है। और बूथ की सुविधाओं जानकारी भी ली जाती है। लेकिन इस जर्जर भवन पर किसी का आज तक नजर नहीं पड़ पाया इधर कई ग्रामीण आरोप लगाते हैं कि इस संदर्भ में कई बार उच्चाधिकारियों तक पहुंच कर भी शिकायत की गई। लेकिन आज तक लोग इसके बनने का इंतजार कर रहे हैं ताकि बच्चों के सुरक्षा के साथ खिलवाड़ ना हो

# हत्या कर बहू का शव को जला रहे थे ससुराली, पुलिस देख चिता छोड़ भागे

सीवान, एजेंसी। बिहार दहेजलोभी ससुराल वालों ने महिला की जान ले ली और शव को जला दिया। बताया जा रहा है कि महिला की ससुराल में संदिग्ध हालात में मौत हो गई जिसके बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने महिला के मायके वालों को बिना सूचना दिए शव को खेत में जला दिया। मौके पर पुलिस के पहुंचते ही महिला के शव को जलती चिता पर छोड़कर ससुराल के लोग फरार हो गए। महिला के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर हत्या कर शव को जलाने का आरोप लगाया है। घटना सीवान जिले के महादेवा ओपी थाना क्षेत्र के कोईरिया हकाम गांव की है।

बताया जा रहा है कि मृतका गोपालगंज जिले के सेमरावना गांव निवासी रामदर्शन सिंह की पुत्री सरिता कुमारी की शादी 5 साल पूर्व कोईरिया हकाम गांव निवासी सोनू सिंह से हुई थी। सरिता को एक तीन साल की मासूम बच्ची भी है।

मृतका के पिता ने बताया की मैंने शादी के वक्त ही दहेज में 3 लाख रुपया और मोटरसाइकिल सहित गहने दे दिये थे लेकिन शादी के बाद से ही ससुराल के लोग पैसे की डिमांड करते थे और हमारी बेटी को घर में प्रताड़ित करते थे। डिमांड पूरी नहीं होने पर साजिश के तहत उसकी हत्या कर दी और शव को जला दिया। घटना के बाद से ससुराल पक्ष के सभी लोग फरार हो गए हैं। इस मामले में पुलिस ने बताया की एक कॉल आया जिसमें बताया गया कि एक महिला को उसके ससुराल वालों ने फांसी लगाकर मार दिया है और अब उसका अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस गांव में पहुंची लेकिन सही पता नहीं मिलने पर पुलिस को गांव का चक्कर मारना पड़ा और काफी मशक्कत के बाद पुलिस उस खेत में पहुंची जहां पर ससुराल के लोग शव को जला रहे थे। पुलिस की भनक मिलते ही मौके से ससुराल के लोग शव को जलती चिता पर ही छोड़कर फरार हो गए। पुलिस जब पहुंची तो शव पूरी तरह से जल चुका था। फिलहाल पुलिस पीड़ित परिजनों के आवेदन के आधार पर इस मामले में कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत महादलित बस्ती में चिकित्सा शिविर आयोजित

» मदरलैण्ड संवाददाता



छपरा। तरैया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत गुरुवार को तरैया प्रखंड के डेवढ़ी पंचायत के महादलित बस्ती में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-105 सामुदायिक भवन डेवढ़ी पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान किशोरी, गर्भवती एवं धातृ माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही उन्हें पोषण की समुचित विकास के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान उपस्थित लाभार्थियों को संबोधित करते हुए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी तरैया अर्चना कुमारी ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से पूरे जीवन-काल में शिशु लिंग अनुपात में कमी को रोकने में मदद मिलती है और महिलाओं के सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों का समाधान होता है। यह योजना तीन मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित की जा रही है अर्थात महिला और बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय तथा मानव संसाधन मंत्रालय। इस योजना के मुख्य घटकों में शामिल हैं- प्रथम चरण में 100 और 100उल अउ3 को लागू करना, राष्ट्रव्यापी जागरूकता और प्रचार अभियान चलाना और विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित कार्य करना है। बुनियादी स्तर पर लोगों को प्रशिक्षण देकर संवेदनशील और जागरूक बनाकर तथा सामुदायिक एकजुटता के माध्यम से उनकी सोच को बदलने पर जोर दिया जा रहा है। मौके पर सीडीपीओ अर्चना कुमारी, चिकित्सक डॉ अमरजीत कुमार सिंह, महिला पर्यवेक्षिका लवली कुमारी, पूनम कुमारी, प्रखंड समन्वयक अजीत कुमार, डाटा ऑपरेटर उदित कुमार, आंगनबाड़ी सेविका श्रीमती देवी, सहायिका, एएनएम, आशा कार्यकर्ता समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# मोतिहारी में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा का डीएम ने किया शुभारंभ

» मदरलैण्ड संवाददाता



मोतिहारी। जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक के द्वारा गुरुवार को मोतिहारी में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा का शुभारंभ किया गया। बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश का सार्वजनिक क्षेत्र का एक अग्रणी बैंक है। बैंक ने बिहार के मोतिहारी में अपनी 2015वीं शाखा का शुभारंभ किया है इस बैंक की पटना अंचल के अंतर्गत 47वीं एवं बिहार में 31वीं शाखा है। उद्घाटन समारोह में बैंक ऑफ महाराष्ट्र पटना अंचल के अंचल प्रबंधक सी बी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बैंक पूरे देश में अपनी शाखाएं खोल रहा है और ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान कर रहा है। बिहार में भी बैंक द्वारा विभिन्न स्थानों पर अपनी शाखाएं खोली जा रही हैं। मोतिहारी में बैंक शाखा का शुभारंभ करना हमारे लिए सम्मान और गौरव की बात है।

हमारा प्रयास है कि शीघ्र ही बिहार के अधिकतर स्थानों पर हमारे बैंक की शाखा खोली जाए। बैंक ऑफ महाराष्ट्र पिछली चार तिमाहियों से व्यवसाय वृद्धि एवं विभिन्न मानदंडों पर बैंकिंग जगत में नंबर वन रहा है। हमारी ग्राहक सेवा भी उत्कृष्ट है। अपने विविधतापूर्ण ग्राहक आधार को नए दौर की सुविधाजनक बैंकिंग प्रदान करने का यह बेहतरीन अवसर है। श्री सिंह ने बताया कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र की आवास ऋण (6.40%) एवं कार ऋण (6.80%) की ब्याज दर बैंकिंग जगत में निम्नतम है तथा गोल्ड लोन (7%) की ब्याज दर भी बहुत कम व प्रतिस्पर्धी है। बैंक द्वारा अपने क्रेडिट कार्ड की भी शुरूआत की गई है। इसके अतिरिक्त बैंक द्वारा इंटरनेट बैंकिंग,मोबाइल बैंकिंग और वाट्सएप बैंकिंग जैसी तकनीकक्षम सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह ग्राहक संतुष्टि में संवर्धन करते हुए व्यापक ग्राहक आधार को सेवा प्रदान करने के हमारे संकल्प को भी पूरा करता है। मौके परमोतिहारीशाखाप्रबंधकपिंटू आनंद,राजीव चौबे, कुमारनागेन्द्र, डॉकुमार अमृतांशु,संजय कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# पत्नी की हत्या के बाद खुद भी ट्रेन के आगे कूदा पति, बिखरा परिवार

## गुस्साए पति ने पहले पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी थी



पटना, एजेंसी। घरेलू विवाद में पति ने पत्नी की हत्या करने के बाद खुद भी ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली और देखते ही देखते पूरा परिवार बिखर गया। ये घटना पटना से सटे मसौढ़ी की है। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के गोपालपुर मठिया गांव में घरेलू विवाद से शुरू हुए झगड़े का अंत पति-पत्नी की दर्दनाक मौत पर समाप्त हो गया। गोपालपुर मठिया गांव में गुस्साए पति ने पहले पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी इसके बाद खुद भी पटना-गया रेलखंड पर तिनेरी हॉल्ट के पास ट्रेन के आगे जाकर कूद गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई वहीं पति-पत्नी को देखने वालों का तांता लग गया।

मृतका जहानाबाद जिला के परसबिगहा थाना क्षेत्र के मुसती चक गांव निवासी दीन प्रसाद की पुत्री रेखा कुमारी थी, वहीं मृतक गोपलपुर मठिया गांव के रहने वाले स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद का पुत्र मिथलेश कुमार बताया जाता है। घटना के बाद परिजनों में मातम का माहौल है, साथ ही इलाके में भी चर्चा का विषय बना हुआ है। मृतका के पिता दीन प्रसाद ने बताया कि तीन साल पूर्व ही दोनों की शादी हुई थी। दोनों से एक पुत्री है। शादी के कुछ ही दिन बाद से ही पति उसके साथ मारपीट करता था जिसकी शिकायत मेरी पुत्री ने हमलोग से की थी। कुछ दिन पहले भी दोनों के बीच में मारपीट हुई थी उस दौरान उन दोनों को समझा बुझाकर हम आए थे। मृतका के पिता के मुताबिक दामाद मिथलेश कुमार ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और खुद भी उसने पटना-गया रेलखंड पर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर पहुंची मसौढ़ी पुलिस रेखा देवी का शव थाना ले आई और पति मिथलेश कुमार का शव तारेगना रेल पुलिस जीआरपी थाने ले आई उसके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org


# रिलायंस स्ट्रेटेजिक बिजनेस वेंचर्स लिमिटेड ने सनमीना कॉर्पोरेशन के साथ की डील




नई दिल्ली, एजेंसी। मुकेश अंबानी के मालिकाना हक वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने भारत में इलेक्ट्रानिक मैन्यूफैक्चरिंग हब बनाने की तैयारी कर ली है। इसके लिए कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रिलायंस स्ट्रेटेजिक बिजनेस वेंचर्स लिमिटेड (आरएसबीवीएल) ने सनमीना कॉर्पोरेशन से हाथ मिलाने का फैसला किया है। दोनों कंपनियां मिल कर एक संयुक्त उद्यम बनाएंगी। इसमें रिलायंस 1670 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इस संयुक्त उद्यम में रिलायंस की 50.1 फीसदी की हिस्सेदारी होगी। सनमीना की मौजूदा भारतीय यूनिट में रिलायंस 1670 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। हालांकि संयुक्त उद्यम में मैनेजमेंट सनमीना की मौजूदा टीम के हाथों में रहेगा।

संयुक्त उद्यम संचार नेटवर्किंग जैसे 5जी, क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर, हाइपरस्केल डेटासेंटर को प्राथमिकता देगा। साथ ही स्वास्थ्य प्रणालियों, औद्योगिक और रक्षा तथा एयरोस्पेस जैसे उद्योगों के लिए हाई टेक्नॉलोजी हार्डवेयर बनाएगा। कंपनी ने इसे प्रधानमंत्री मोदी के 'मेक इन इंडियाह्न विजन के अनुरूप बताया है। संयुक्त उद्यम सनमीना के मौजूदा ग्राहकों को यह पहले की तरह सेवाएं देता रहेगा इसके अलावा एक अत्याधुनिक ह्यमैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' बनाया जाएगा, जो भारत में प्रोडक्ट डेवलेपमेंट और हार्डवेयर स्टार्ट-अप के इको-सिस्टम को बढ़ावा देगा। सनमीना के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी जुरे सोला ने कहा, हम भारत में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग कंपनी बनाने और रिलायंस के साथ साझेदारी को लेकर बेहद उत्साहित हैं। यह संयुक्त उद्यम घरेलू और निर्यात दोनों बाजारों की जरूरतें पूरा करेगा और भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

रिलायंस जियो के निदेशक आकाश अंबानी ने कहा, भारत में हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग के महत्वपूर्ण बाजार तक पहुंच बनाने के लिए सनमीना के साथ काम करने में हमें खुशी होगी। भारत के विकास और सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। दूरसंचार, आईटी, डेटा सेंटर, क्लाउड, 5जी, न्यू एनर्जी और अन्य उद्योगों की इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भरता जरूरी है क्योंकि हम एक नई डिजिटल अर्थव्यवस्था में आगे बढ़ रहे हैं। इस साझेदारी के माध्यम से हम भारतीय और वैश्विक मांग को पूरा करते हुए भारत में इनोवेशन और प्रतिभा को बढ़ावा देने की योजना बना रहे हैं।

# पेट्रोल और डीजल की कीमत में हो सकता है 30 रुपए प्रति लीटर का इजाफा

- 7 मार्च को आखिरी चरण के मतदान के बाद पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार तेजी से इजाफा होता जा रहा है। रूस पर यूक्रेन के हमले की वजह से बुधवार को वैश्विक बाजार में ब्रेंट क्रूड 110 डॉलर प्रति बैरल के भी पार निकल गया। इसके चलते भारत में जल्दी ही डीजल और पेट्रोल की कीमतों का बढ़ना लगभग तय हो चुका है। आंकड़ों को देखने पर पता चलता है कि पेट्रोल की कीमतों में आने वाले दिनों में 30 रुपए प्रति लीटर से ज्यादा की बढ़ोतरी हो सकती है। क्रूड ऑयल 02 दिसंबर 2021 को 70 डॉलर के आसपास था, लेकिन अभी यह 110 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल चुका है। दिल्ली में डीजल-पेट्रोल के दाम में 02 दिसंबर के बाद कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली सरकार ने एक दिसंबर को डीजल और पेट्रोल पर वैट में कटौती की थी। उसके बाद से दिल्ली में इनके दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। तब से अब तक क्रूड 57 फीसदी से ज्यादा महंगा हो चुका है। मौजूदा नीति के हिसाब से सरकारी तेल कंपनियां क्रूड ऑयल की वैश्विक कीमतों के अनुसार डीजल-पेट्रोल की खुदरा दरों में बदलाव करती हैं। माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश और पंजाब समेत 5 राज्यों में जारी विधानसभा चुनाव के चलते पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं की जा रही है।

हालांकि, इस बारे में आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है। अब इस बात की आशंका है कि जैसे ही 7 मार्च को आखिरी चरण का मतदान होगा। सरकारी तेल कंपनियां तेजी से पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाने लगेगी। करीब 3 महीने पहले देश के कई राज्यों में पेट्रोल और डीजल के भाव 100 रुपए प्रति लीटर के स्तर को पार कर गए थे। केंद्र सरकार ने 03 नवंबर 2021 को पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम करने का ऐलान किया था। इस कदम के बाद कई राज्य सरकारों ने भी वैट में कटौती की थी। इससे आम लोगों को रिकॉर्ड महंगे डीजल-पेट्रोल से राहत मिली थी। लेकिन अब जिस हिसाब से क्रूड ऑयल के दाम दिसंबर के बाद से बढ़े हैं, अगर सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल के दाम उसी तरह बढ़ाए तो जल्दी ही इसमें 30 रुपए से ज्यादा की तेजी आ सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### देशभर में 1,000 दिनों में 1,000 चार्जर लगाएगी एमजी मोटर इंडिया

मुंबई, एजेंसी। ऑटोमोबइल कंपनी एमजी मोटर इंडिया ने ईवी वाहनों की चार्जिंग के लिए बुनियादी ढांचा विकसित करने की खातिर नए उपक्रम 'एमजी चार्ज' की घोषणा की है, इसका उद्देश्य देश भर के आवासीय इलाकों में 1,000 दिन के भीतर 1,000 चार्जर लगाना है। एमजी मोटर इंडिया ने कहा कि इस पहल के तहत कंपनी एक हजार एसी फास्ट, टाइप 2 चार्जर लगाएगी जो इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आमतौर पर उपयोग में लाया जाता है। एमजी मोटर इंडिया के प्रेसिडेंट और प्रबंध निदेशक राजीव छाबा ने कहा, भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए परिवेश बढ़ाने के अपने मिशन की दिशा में एमजी लगातार काम कर रहा है। 'एमजी चार्ज' सुविधा बढ़ाएगा और ग्राहकों की वाहनों की चार्जिंग संबंधी चिंता को दूर करेगा जिससे अधिक लोग ईवी जीवनशैली अपनाने को प्रेरित होंगे।'

### डॉलर के मुकाबले रुपया गिरा

मुंबई, एजेंसी। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपये में गिरावट आई है। यूक्रेन संकट के बीच ही कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने से आज अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले भारतीय रुपया 15 पैसे टूटकर 75.95 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 75.76 प्रति डॉलर पर खुला पर जल्द ही इसमें गिरावट शुरू हो गयी। इसका कारण निवेशकों का सुरक्षित निवेश को वरीयता देना रहा। कारोबार के दौरान रुपया 75.60 के उच्च स्तर और 75.98 के निम्न स्तर तक पहुंचा। अंत में रुपया अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले 15 पैसे की गिरावट के साथ ही 75.95 के स्तर पर बंद हुआ। इस बीच, छह मुद्राओं की तुलना में डॉलर का रुख दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.23 फीसदी की तेजी के साथ ही 97.63 पर पहुंच गया।

### फेडरल रिजर्व इसी महीने बढ़ाएगा ब्याज दरें: पॉवेल

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल ने इस महीने नीतिगत ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने की घोषणा की। पॉवेल ने अमेरिकी संसद में दिए अपने बयान में कहा कि इस महीने से फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में बढ़ोतरी करना शुरू कर देगा। अमेरिका में मुद्रास्फीति के बढ़ते स्तर से परेशान फेडरल रिजर्व के इस कदम की संभावना पहले से ही जताई जा रही थी। यह वर्ष 2018 के बाद फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में बढ़ोतरी का पहला मौका होगा। हालांकि पॉवेल ने इसका ज्यादा संकेत नहीं दिया कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में बढ़ोतरी कितनी तेजी से करेगा। फेडरल रिजर्व की 15-16 मार्च को होने वाली बैठक में मानक अल्पकालिक ब्याज दरों में बढ़ोतरी का फैसला लिए जाने की उम्मीद है।

### मैक्स लाइफ ने पीएफ अनुषंगी कंपनी का किया गठन

नई दिल्ली, एजेंसी। निजी बीमा कंपनी मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी मैक्स लाइफ पेंशन फंड मैनेजमेंट लिमिटेड का गठन किया है और उसमें 5.5 करोड़ शेयरों के माध्यम से 55 करोड़ रुपए लगाएगी। मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी के तौर पर मैक्स लाइफ पेंशन फंड मैनेजमेंट लिमिटेड का गठन कंपनी अधिनियम 2013 के तहत किया गया है। मैक्स लाइफ की मूल कंपनी मैक्स फाइनेंशियल सर्विसेज ने शेयर बाजार को इसकी सूचना दी। इस बयान के मुताबिक मैक्स लाइफ इस पीएफ कंपनी में 5.5 करोड़ शेयर खरीदकर 55 करोड़ रुपए लगाएगी। यह कदम मैक्स लाइफ के निदेशक मंडल की बैठक में नौ नवंबर, 2021 को पारित प्रस्ताव के अनुरूप है।

### ऑडी अप्रैल से बढ़ागी वाहनों की कीमत

नई दिल्ली, एजेंसी। जर्मनी की लग्जरी कार निमार्ता कंपनी ऑडी एक अप्रैल से भारत में अपने वाहनों की कीमतों में तीन फीसदी तक बढ़ोतरी करने जा रही है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि बढ़ती लागत के कारण कीमतों में वृद्धि की जा रही है और नई कीमतें एक अप्रैल 2022 से प्रभाव में आएंगी। ऑडी इंडिया ने कहा कि बढ़ती लागत और विदेशी मुद्रा की बदलती दरों के मद्देनजर हमें अपने वाहनों की कीमतों में तीन फीसदी तक की बढ़ोतरी करना पड़ रही है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे मजबूत

मुंबई, एजेंसी। घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रूख से गुरुवार को शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे चढ़कर 75.62 पर पहुंच गया। विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के कारण रुपए में बढ़त सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 75.76 पर खुला और बाद में बढ़त के साथ 75.62 के स्तर पर पंहुचा गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 18 पैसे की बढ़त को दशार्ता है। इससे पिछले कारोबारी दिवस पर रुपया डॉलर के मुकाबले 75.80 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 97.51 पर था।

# अमेरिकी संसद में एच1बी वीजा प्रणाली में सुधार के लिए विधेयक पेश




वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी संसद में एच1बी और एल1 वीजा प्रणाली में समग्र सुधार के लिए द्विदलीय सांसदों के समूह ने एक विधेयक पेश किया है। सांसदों का तर्क है कि इससे अमेरिकी कर्मचारियों के हितों की रक्षा होगी और उन विदेशी आउटसोर्सिंग कंपनियों पर लगाम लगेगी, जो इस वीजा कार्यक्रम का दुरुपयोग करते हुए योग्य अमेरिकियों को उच्च दक्षता वाली नौकरियों से वंचित रखते हैं। एच1बी वीजा एक गैर-आव्रजन वीजा है, जो अमेरिकी कंपनियों को विशेष दक्षता वाली नौकरियों में विदेशी कर्मचारियों की नियुक्ति करने का अधिकार देता है। अमेरिका की प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से हुनरमंद कर्मचारियों की नियुक्ति करने के लिए इस वीजा पर निर्भर हैं। एच1बी वीजा भारतीयों सहित अन्य विदेशी पेशेवरों के बीच सबसे अधिक मांग वाला कार्य वीजा है। वहीं एल1 वीजा भी एक गैर-आव्रजन वीजा है, जो एल1 स्तर पर कार्य के लिए दिया जाता है। यह अपेक्षाकृत कम समय के लिए वैध होता है। सांसदों ने दावा किया कि एच1बी और एल1 वीजा सुधार विधेयक से धोखाधड़ी और दुरुपयोग रुकेगा, अमेरिकी कर्मचारयों व वीजा धारकों के हितों की रक्षा होगी तथा विदेशी कर्मचारियों की नियुक्ति में ज्यादा पारदर्शिता आएगी। यह विधेयक अमेरिकी सीनेट की न्यायिक समिति के अध्यक्ष डिक डर्बिन और रैंकिंग सदस्य चक ग्रासली ने पेश किया। सांसद रिचर्ड ब्लूमेंथल, टॉमी ट्यूबरविले, शेरोड ब्राउन, बिल हैगर्टी और बर्नी ने विधेयक सह-प्रायोजित किया है।

# एग्री-टेक स्टार्टअप में निवेश बढ़कर 6,600 करोड़ हुआ: रिपोर्ट



नई दिल्ली, एजेंसी। एग्री-टेक स्टार्टअप कंपनियों में निवेश चार साल में काफी बढ़कर वर्ष 2020 तक लगभग 6,600 करोड़ रुपए हो गया। एक रिपोर्ट के अनुसार कृषि मूल्य श्रृंखला में अक्षमताओं को दूर करने वाली कंपनियों की तेज विकास क्षमता के कारण यह संभव हुआ है। भारतीय कृषि ने अतीत में कुछ चुनौतियों का सामना किया है। हालांकि, यह क्षेत्र एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है जहां प्रौद्योगिकी और सटीक जानकारी उन चुनौतियों का काफी हद तक व्यवस्थित रूप से समाधान कर सकती है। बैन एंड कंपनी और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नवाचार पर जारी एक रिपोर्ट में उन पहलों को इंगित किया गया है जो अगले कुछ वर्षों में भारतीय कृषि को मौलिक रूप से बदलने में मदद कर सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ये पहल ग्रामीण मूल्य श्रृंखला में किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की भागीदारी और भूमिका का विस्तार कर रही हैं और फसल के बाद के बुनियादी ढांचे का विस्तार कर रही हैं। ये पहल वास्तविक समय पर सही आंकड़ा के लिए जबर्दस्त आंकड़ा स्रोतों तक पहुंच और निर्णय लेने और किसानों के साथ विश्वास बनाने और इस परिवर्तन को एक महत्वपूर्ण बदलाव यानी बदलाव को सहकारी बना रही हैं।

रिपोर्ट कहती है कि पिछले एक दशक में भारत का ग्रामीण पारिस्थितिकी तंत्र महत्वपूर्ण रूप से विकसित हुआ है। इसमें कहा गया है कि कृषि-तकनीक क्षेत्र में निजी-इक्विटी निवेश पिछले चार वर्षों में आसमान छू गया है, जो प्रति वर्ष 50 प्रतिशत से अधिक बढ़कर वर्ष 2020 तक लगभग 6,600 करोड़ रुपए हो गया है।

# यूक्रेन पर रूस के हमले से खाने का तेल 20 रुपए प्रति लीटर महंगा



नई दिल्ली, एजेंसी। यूक्रेन पर रुस के हमले की वजह से महज एक सप्ताह में ही इसकी कीमतों में 20 रुपए प्रति लीटर का इजाफा हो गया है। यूक्रेन सूर्यमुखी के तेल का प्रमुख उत्पादक है। भारत में वहां से अच्छी खासी मात्रा में सूर्यमुखी का तेल मंगाया जाता है। वहां से इस हालात में इसका आयात संभव नहीं है। कारोबारियों का कहना है कि अभी बाजार में मांग काफी ज्यादा बनी हुई है। इसका कारण अगले महीने होली का त्योहार है। स्थानीय बाजारों में 140 से 150 रुपए लीटर में बिक रहा सोयाबीन के तेल दाम 160 से 170 रुपए लीटर तक पहुंच गए हैं। 180 रुपए लीटर में बिकने वाला सूर्यमुखी तेल इन दिनों 200 रुपए लीटर के पार हो गया है। बाजार सूत्रों ने बताया कि यूक्रेन और रूस के युद्ध के बीच विदेशों में कच्चा पामतेल का दाम 2,000 डॉलर प्रति टन से ऊंचा हो गया है, जो रेकॉर्ड है। आयात करने पर सीपीओ का भाव 167.5 रुपए किलो होता है। जबकि पामोलीन का भाव आयात करने पर 177 रुपए किलो होता है। ऐसे में सवाल यह है कि इन महंगे दाम वाले तेलों को कौन खरीदेगा। अर्जेन्टीना और ब्राजील से सोयाबीन डीगम तेल के मार्च की निर्यात खेप नहीं आ रही है। अप्रैल वाली निर्यात की खेप भेजी जा रही है, जो जून तक आने की संभावना है। सूत्रों ने कहा कि सीपीओ का भाव सोयाबीन से लगभग 200 डॉलर टन नीचे रहता था, वह सोयाबीन से लगभग 150 डॉलर अधिक कर दिया गया है। तभी तो देशी तेलों में सरसों, बिनौला ओर मूंगफली के तेल, आयातित तेलों से 10-12 रुपए किलो सस्ते हो गए हैं।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

## कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से सेंसेक्स, निफ्टी फिसले




मुंबई, एजेंसी। मुम्बई शेयर बाजार गुरुवार को शुरूआती तेज के बाद अंत में गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में यह गिरावट कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण बिकवाली हावी होने से आई है। तेल की कीमतें बढ़ने से निवेशकों की बाजार धारणा प्रभावित हुई है। इससे सेंसेक्स ओर निफ्टी ने मिली बढ़त गंवा दी और नुकसान पर बंद हुए। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सूचकांक सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 527.72 अंक बढ़कर 55,996.62 के स्तर पर पहुंचने के बाद अंत में 366.22 अंक करीब 0.66 फीसदी की गिरावट के साथ ही 55,102.68 पर बंद हुआ। वहीं इसी तरह 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 107.90 अंक तकरीबन 0.65 फीसदी की गिरावट के साथ ही 16,498.05 पर बंद हुआ।

बाजार जानकारों के अनुसार रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद से ही दुनिया भर में हालात बदले हैं। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को ही शुद्ध रूप से 4,338.94 करोड़ रुपये के शेयरे बेचे। इससे घरेलू शेयर बाजार भी प्रभावित हुआ है। रूस पर लगे प्रतिबंधों से आपूर्ति बाधित होने के कारण कच्चे तेल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी से हालात और खराब हुए हैं। ह्लह्लसेंसेक्स में सबसे अधिक छह फीसदी की गिरावट अल्ट्राटेक सीमेंट में आई है। इसके अलावा एशियन पेंट्स, डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज, मारुति सुजुकी इंडिया, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी गिरे हैं। वहीं दूसरी ओर पावरग्रिड, विप्रो, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड और आईटीसी के शेयरों में तेजी आई है। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.75 फीसदी बढ़कर 116.03 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है।

# रिलायंस के उपक्रम और सनमीना ने इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण संयुक्त उपक्रम गठित किया




नई दिल्ली, एजेंसी। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की अनुषंगी आरएसबीवीएल और सनमीना कॉर्पोरेशन ने कहा है कि वह भारत में इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण के लिए संयुक्त उपक्रम का गठन करेगा। यह उपक्रम कम्युनिकेशन नेटवर्किंग, रक्षा और एयरोस्पेस जैसे विविध क्षेत्रों में उच्च प्रौद्योगिकी वाले अवसंरचना हार्डवेयर के क्षेत्र में काम करेगा। रिलायंस स्ट्रेटेजिक बिजनेस वेंचर्स लिमिटेड (आरएसबीवीएल) की इस संयुक्त उपक्रम में 50.1 फीसदी हिस्सेदारी और सनमीना की 49.9 फीसदी हिस्सेदारी होगी। जानकारी के मुताबिक आरएसबीवीएल मुख्य रूप से सनमीना की मौजूदा भारतीय इकाई में नए शेयरों में 1,670 करोड़ रुपए तक के निवेश के माध्यम से यह स्वामित्व हासिल करेगी। यह लेनदेन नियामक मंजूरी के बाद सितंबर 2022 तक पूरा हो सकता है। एक बयान में कहा गया है कि एकीकृत विनिर्माण समाधान कंपनी सनमीना कॉर्पोरेशन और रिलायंस स्ट्रेटेजिक बिजनेस वेंचर्स लिमिटेड ने कहा है कि सनमीना की मौजूदा भारतीय इकाई (सनमीना एससीआई इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एसआईपीएल) में निवेश के जरिए संयुक्त उपक्रम बनाने के लिए दोनों कपंनियों के बीच करार हुआ है।

रिलायंस जियो के निदेशक आकाश अंबानी ने कहा कि भारत में उच्च प्रौद्योगिकी के विनिर्माण और महत्वपूर्ण बाजार अवसरों तक पहुंच के लिए हम सनमीना के साथ काम कर रहे हैं, जिसकी हमें प्रसन्नता है। उन्होंने कहा कि वृद्धि और सुरक्षा की खातिर भारत के लिए यह आवश्यक है कि दूरसंचार, आईटी, डेटा सेंटर, क्लाउड, 5जी, न्यू एनर्जी और अन्य उद्योगों में इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण के मामले में हम और आत्मनिर्भर हों, ऐसे समय जब हम नई डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर कदम बढ़ा रहे हैं।

# महिंद्रा ग्रुप ने डिजिटल रूपांतरण के लिए गूगल क्लाउड के साथ किया करार




नई दिल्ली, एजेंसी। देश के प्रतिष्ठित औद्योगिक घराने महिंद्रा समूह ने विस्तार के अगले चरण को गति देने के लिए अपनी डिजिटल रूपांतरण रणनीति के तहत प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल क्लाउड के साथ करार की का घोषणा की। दोनों साझेदारों की ओर से जारी संयुक्त बयान में बताया गया कि इस करार के तहत महिंद्रा समूह का डिजिटल, डेटा एंड क्लाउड सेंटर ऑफ एक्सिलेंस ह्यमहिंद्रा डिजिटल इंजन (एमडीई)ह्न गूगल क्लाउड के सुरक्षित और भरोसेमंद बुनियादी ढांचे तथा आधुनिक डेटा विश्लेषण प्रौद्योगिकी का उपयोग करेगा।

महिंद्रा के समूह मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी मोहित कपूर ने कहा कि निर्णय लेने की गति तेज करने और अपने कारोबार में अधिकतम तालमेल के लिए समूह क्लाउड आधारित आधुनिक प्रौद्योगिकियों और डेटा आधारित रणनीतियों पर भविष्य का निर्माण कर रहा है। गूगल क्लाउड इंडिया के प्रबंध निदेशक बिक्रम बेदी ने कहा, ह्यमहिंद्रा समूह के भरोसेमंद नवोन्मेषी साझेदार होने के नाते हम उस समूह के उपक्रमों और उपभोक्ता पारिस्थितिकी को साथ लाने के लिए अपनी विशेषज्ञता का उपयोग कर रहे हैं।'

# फरवरी में हिंदुस्तान यूनिलीवर के उत्पाद हुए महंगे



मुंबई, एजेंसी। देश की प्रमुख एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) ने फरवरी में अपने उत्पादों की कीमतों में 3 से 13 फीसदी तक की बढ़ोतरी की। सबसे अधिक 13 फीसदी की वृद्धि 100 ग्राम लक्स साबुन पैक में देखी गई जिसकी कीमत 31 रुपए से बढ़कर 35 रुपए हो गई। लाइफबॉय साबुन के 125 ग्राम पैक की कीमत 31 रुपए से 6.5 फीसदी बढ़कर 33 रुपए हो गई। जनवरी में कंपनी ने उसकी कीमत को 29 रुपए से बढ़ाकर 31 रुपए कर दिया था। कंपनी के एक वितरक ने अपनी पहचान जाहिर न करने की शर्त पर कहा कि पूरे फरवरी महीने के दौरान कंपनी ने अपने उत्पाद पोर्टफोलियो में मूल्य वृद्धि की। जनवरी में व्हील, सर्फ एक्सेल और लाइफबॉय ब्रांड के दाम 3 से 30 फीसदी के दायरे में बढ़ाए जाने के बावजूद फरवरी में कीमतें बढ़ाई गईं। कच्चे माल की लागत में हो रही लगातार वृद्धि के मद्देनजर कीमतों में इजाफा किया गया है। ताजा दौर के तहत जिन उत्पादों के दाम बढ़ाए गए हैं उनमें डव शैंपू (180 मिली) भी शामिल है जिसकी कीमत 3 फीसदी बढ़कर 165 रुपए हो गई है। इसके अलावा कंपनी ने किसान जैम (500 ग्राम) की कीमत 3.2 फीसदी बढ़ाकर 160 रुपए कर दिया। इसी प्रकार हॉर्लिक्स (1 किलोग्राम पैक) का मूल्य 4 फीसदी बढ़ाकर 375 रुपए से 390 रुपए कर दिया गया। पेप्सोडेंट टूथपेस्ट (80 ग्राम पैक) की कीमत 4 फीसदी बढ़कर 52 रुपए हो गई और सर्फ एक्सेलज (1 किलोग्राम पैक) की कीमत में भी 4 फीसदी का इजाफा किया गया। विम बार भी 4 फीसदी महंगा होकर 26 रुपए का हो गया।

# भारत-श्रीलंका पहला टेस्ट आज से , रोहित और विराट पर रहेंगी नजरें

## सुबह 9.30 बजे से शुरू होगा मैच



मोहाली, एजेंसी। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां मेहमान टीम श्रीलंका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में उतरेंगी। यह मैच इसलिए भी अहम हैं क्योंकि रोहित 35वें टेस्ट कप्तान के तौर पर इस मैच में उतरेंगे। ऐसे में रोहित भी जीत से शुरूआत करना चाहेंगे। वहीं टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली का यह 100 वां टेस्ट रहेगा। विराट इस मैच में शतक लगाकर यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाजी बनना चाहेंगे। अब तक एक भी भारतीय खिलाड़ी ने सौवें टेस्ट में शतक नहीं लगाया है।

विराट पिछले दो साल से अधिक रन नहीं बना पाये हैं और प्रशंसकों को उनके शतक का इंतजार है। अब यह पूर्व कप्तान अपने इस 100वें टेस्ट मैच में शतक का इंतजार खत्म करके प्रशंसकों को खुशी का अवसर देना चाहेंगे। वह पिछले दो साल से भी अधिक समय से कोई शतक नहीं लगा पाये हैं।

भारतीय टीम पिछले कुछ समय से लय में बनी हुई है। एकदिवसीय और टी20 सीरीज में सभी मैच जीतने से उसके हौंसले बुलंद हैं। वहीं श्रीलंकाई टीम पर दबाव बना रहेगा। इन हालातों में श्रीलंकाई गेंदबाजों सुरंगा लखमल, लाहिरू कुमारा या लेसिथ एम्बुलडेनिया को सामना करने में विराट को परेशानी नहीं होनी चाहिये। वह अपने कवर ड्राइव, ऑन ड्राइव, फ्लिक और पुल से अपने प्रशंसकों को उत्साहित करना चाहेंगे। इस टेस्ट मैच से रोहित की अगुवाई में भारतीय टीम की नई यात्रा भी शुरू होगी। रोहित को सीमित ओवरों की क्रिकेट विशेषकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कप्तानी करते हुए जबरदस्त सफलता मिली है अब देखना है वह इसे किस प्रकार टेस्ट क्रिकेट में बरकरार रख पाते हैं।

रोहित अभी 34 साल के हैं और यह तय है कि वह लंबे समय तक यह जिम्मा नहीं संभालेंगे। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि वह भारतीय क्रिकेट में बदलाव के इस दौर को कैसे संभालते हैं जिसकी शुरूआत चेतेश्वर पुजारा, अंजिक्य रहाणे और इशांत शर्मा जैसे दिग्गजों के टीम के बाहर होने से हुई है। रोहित के कप्तानी कौशल पर सभी की निगाहें बनी रहेंगी क्योंकि टेस्ट मैचों में एक सत्र में ही मैच का बदल जाता है। इस तरह के हालातों में ही उनकी नेतृत्व क्षमता की असली परीक्षा होगी। अब देखना है कि वह किस संयोजन से इस मैच में उतरते हैं।

पुजारा और रहाणे जैसे बल्लेबाजों के बाहर होने से यह तय है कि तीसरे नंबर पर शुभमन गिल को उतारा जाएगा। वहीं पांचवें नंबर पर हनुमा विहारी और श्रेयस अय्यर में से किसी एक को अवसर मिलेगा। हनुमा ने विदेशी धरती पर कठिन हालातों में रन बनाये हैं जबकि अय्यर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने पदार्पण मैच में ही शतक लगाकर अपनी क्षमता दिखायी थी।

वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को भी पांचवें नंबर पर उतारा जा सकता है क्योंकि वह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं जिससे दाएं और बाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन पैदा होगा। वहीं दूसरी ओर श्रीलंका की टीम सीमित ओवरों की करारी हार से उबरकर बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी। उसकी बल्लेबाजी कप्तान दिमुथ करुणारत्ने और अनुभवी दिनेश चांदीमल और एंजेलो मैथ्यूज पर आधारित है। अब देखना होगा कि सूखी पिच पर वह भारतीय स्पिन आक्रमण का सामना कैसे करते हैं।

दोनो टीम इस प्रकार हैं :

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), मयंक अग्रवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हनुमा विहारी, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, जयंत यादव, श्रेयस अय्यर, कोना भारत (विकेटकीपर), उमेश यादव, सौरभ कुमार, प्रियांक पांचाल ।

श्रीलंका : दिमुथ करुणारत्ने (कप्तान), धनंजय डिसिल्वा, चरित असलंका, दुशमंथा चमीरा, दिनेश चांदीमल, एंजेलो मैथ्यूज, निरोशन डिकवेला, लसिथ एम्बुलडेनिया, विश्व फर्नांडो, सुरंगा लखमल, लाहिरू थिरिमाने, लाहिरु कुमारा, कुसाल मेंडिस, पाथुम निसांका, जेफ्री वंडारसे, प्रवीण जयविक्रमा, चमिका करुणारत्ने।

# आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी में तीन भारतीय निशानेबाजों को स्वर्ण



काहिरा, एजेंसी। तीन भारतीय निशानेबाजों निश्री निवेता, ईशा सिंह और रुचिता विनेरकर ने आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी में स्वर्ण पदक जीते हैं। भारत की इन तीनों ही महिला खिलाड़ियों ने 10 मीटर एयर पिस्टल में ये स्वर्ण जीते हैं। इस के साथ ही भारतीय जोड़ी ने साल के पहले विश्व कप में स्वर्ण पदक के मुकाबले में 16 अंक बनाये और देश को दूसरा स्वर्ण और कुल तीसरा पदक दिलाया। अब भारत यहां दो स्वर्ण और एक रजत पदक लेकर नंबर एक पर बना हुआ है। तीनों भारतीय निशानेबाज क्वालीफिकेशन के दूसरे चरण में 574 अंक लेकर शीर्ष पर रहे थे। वहीं जर्मनी की एंड्रिया कैथरीना हेकनर, सैंड्रा रेइट्ज और कैरिना विमर ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में केवल छह अंक बनाये और उन्हें रजत पदक ही मिल पाया।

जर्मन निशानेबाज 571 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही थी। इससे पहले भारतीय पुरुष निशानेबाज सौरभ चौधरी, गौरव राणा और केदारलिंग बालकृष्ण 10 मीटर एयर पिस्टल टीम प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल करने से रहे गये। कांस्य पदक मैच में भारतीय पिस्टल टीम ने छह अंक हासिल किय और वह इटली के टोराची एलेसियो, मोना पाओलो और टेस्कोनी लुका के बाद चौथे स्थान पर रही। इटली की टीम को कुल 16 अंक मिले।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलियाई टीम के गेंदबाजी सलाहकार फवाद कोविड संक्रमित पाये गये




कराची, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पाकिस्तान दौरे के शुरू होने से पहले ही कोरोना संक्रमण का एक मामला सामने आया है। टीम के स्पिन गेंदबाजी सलाहकार फवाद अहमद मेजबान पाकिस्तान के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रही तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले कोविड-19 के लिए हुए परीक्षण में पॉजिटिव पाये गये हैं। इस कारण उन्हें अब अलग-थलग कर दिया गया है। वहीं इस बारे मेंक्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा, ह्वटीम के मेडिकल स्टाफ ने फवाद को होटल पहुंचने के बाद पृथकवास पर भेज दिया है। हल्के लक्षण दिखने के बाद उनका परीक्षण किया गया जो पॉजिटिव निकला ।ह्व इस बयान के अनुसार, ह्वसरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार वह कम से कम पांच दिन तक अलग-थलग रहेंगे तथा दो परीक्षण नेगेटिव आने के बाद ही फिर टीम से जुड़ सकेंगे ।ह्व वहीं परीक्षण में आस्ट्रेलिया के अन्य सभी खिलाड़ी निगेटिव पाये गये हैं।

### प्रो लीग मुकाबलों से प्रदर्शन बेहतर हुआ : सविता

भुवनेश्वर, एजेंसी। भारतीय महिला हॉकी टीम की कार्यवाहक कप्तान सविता पूनिया के अनुसार एफआईएच प्रो लीग मुकाबलों से टीम को आगामी टूनार्मेंटों विश्व कप और एशियाई खेलों के लिए अपने खेल को बेहतर करने का अच्छा अवसर मिला है। एशियाई खेल 2024 में होने वाले पेरिस ओलिम्पिक के लिए क्वालीफाइंग टूनार्मेंट भी हैं , इसलिए इन खेलों का महत्व और बढ़ जाता है। भारतीय महिलाओं ने अब तक हुए एफआईएच प्रो लीग मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम ने इस साल के शुरू में ओमान के मस्कट में शुरूआती दो चरण के मुकाबले में चीन को 7-1 और 2-1 से हराया था। सविता ने कहा कि एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने से टीम के कापफी फायदा हुआ है। इस दौरान खिलाड़ियों ने अपनी गलतियों का आंकलन किया है। इसका लाभ हमें बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भी होगा। उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान विशेष रुप से अपने प्रदर्शन पर रहा है। हम लंबे समय से प्रो लीग में खेलने का इंतजार कर रहे थे क्योंकि हमें इससे विश्व की शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने का अवसर मिला है। इन मुकाबलों से टीम को पता चला है कि किस क्षेत्र में उसे क्या करना है।

# पैरालंपिक खेलों में रुसी और बेलारूसी खिलाड़ी तटस्थ खिलाड़ियों के तौर पर उतर सकेंगे



बीजिंग, एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) ने रुस के यूक्रेन पर किये हमले को देखते हुए रुसी और बेलारूसी खिलाड़ियों को पहले शीतकालीन पैरालंपिक खेलों से प्रतिबंधित कर दिया गया है पर अब उसका कहना है कि ये खिलाड़ी तटस्थ खिलाड़ियों के तौर पर उतर सकते हैं। आईपीसी ने अपने पहले वाले फैसले में बदलाव करते हुए शुक्रवार से शुरू होने वाले खेलों में रूसी और बेलारूसी खिलाड़ियों को खेलने की अनुमति दी है पर वे अपने देश के नाम और झंडे का उपयोग नहीं कर पायेंगे। आईपीसी को अपने प्रतिबंध के फैसले के लिये आलोचना झेलनी पड़ी थी जिसके बाद उसे अपना निर्णय बदलना पड़ा। आईपीसी ने यह भी कहा है कि कई खिलाड़ी रूस या बेलारूस के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने से मना कर देंगे, जिससे पैरालिंपिक में परेशानी पैदा हो जाएगी और उससे उसकी प्रतिष्ठा को नुकसान होगा। आईपीसी के अध्यक्ष एंड्रयू पर्सन्स ने कहा, ह्वह्वपिछले 12 घंटों में कई सदस्यों ने हमसे संपर्क किया। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने फैसले पर पुनर्विचार नहीं करते हैं तो उसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं ।ह्वह्व इससे पहले अन्य सभी खेल संगठनों ने रुसी ओर बेलारुसी खिलाड़ियों को प्रतिबंधित कर दिया था।




बीजिंग में पैरालंपिक रिले में वांग मेमेई माशाल को झू पेनकेई को सौंपते हुए।

# विश्व कप शुरू होने से पहले ही ऑस्ट्रेलिया को झटका, एश्ले पॉजिटिव होने के कारण शुरूआती मैचों से बाहर

हैमिल्टन, एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) महिला विश्व कप मुकाबला शुक्रवार से न्यूजीलैंड में शुरू होने वाला है। वहीं इससे पहले ही ऑस्ट्रेलियाई टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम की स्टार ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर जांच में कोरोना संक्रमित पायी गयी हैं। महिला विश्व कप में इस बार बायो-बबल नहीं रखा गया है पर कोरोना का एक मामला मिलने से अब सख्ती बढ़ सकती है। संक्रमण के कारण गार्डनर टूनार्मेंट के शुरूआती मुकाबलों से बाहर रहेंगी। गार्डनर को 10 दिनों के लिए पृथकवास में भेज दिया गया है। गार्डनर अब रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद ही टीम से जुड़ पाएंगी। ऐसे में उनके तीसरे मुकाबले तक वापसी की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया की टीम विश्व कप में अपना तीसरा लीग मैच



मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी.

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के अनुसार अन्य सभी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ जांच में नेगेटिव पाये गये हैं। ऐसे में टीम शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ तय कार्यक्रम के अनुसार अपना मैच खेलेगी ।ह्व टूनार्मेंट के पहले मुकाबले में मेजबान न्यूजीलैंड का मुकाबा वेस्टइंडीज से होगा। इन मुकाबलों में स्टेडियम में 10 फीसदी प्रशंसकों को प्रवेश मिलेगा। महिला विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार है। मेग लेनिंग (कप्तान), राचेल हेंस (उप कप्तान), निकोला केरी, एश्ले गार्डनर, ग्रेस हैरिस, अलीसा हीली, जेस जोनासेन, अलाना किंग, बेथ मूनी, ताहलिया मैक्ग्रा, एलिस पेरी, मेगन शट, अनाबेल सदरलैंड, अमांडा जेड वेलिंगटन. रिजर्व खिलाड़ीः- हीथर ग्राहम, जॉर्जिया रेडमायने।

विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया का कार्यक्रम : ऑस्ट्रेलियाई टीम टूनार्मेंट में अपना पहला मैच 5 मार्च को इंग्लैंड से खेलेगी। इसके बाद 8 मार्च को पाकिस्तान, 13 मार्च को न्यूजीलैंड, 15 मार्च को वेस्टइंडीज, 22 मार्च को दक्षिण अफ्रीका और 25 मार्च को बांग्लादेश से खेलेगी।

# धोनी मेरे आदर्श हैं: ऋचा



नई दिल्ली, एजेंसी। न्यूजीलैंड दौरे पर शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने कहा है कि भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी उनके आदर्श हैं। ऋचा ने न्यूजीलैंड दौरे पर 26 गेंदों पर सबसे तेज अर्धशतक का रिकार्ड अपने नाम किया है। पूरी सीरीज में इस बल्लेबाज का प्रदर्शन शानदार रहा है। ऋचा का एक वीडियो बीसीसीआई के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर अपलोड किया गया है, जिसमें 18 वर्षीय इस प्रतिभावान क्रिकेटर का साक्षात्कार कप्तान मिताली राज ने लिया है। बंगाल की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाली ऋचा ने अभी तक भारत के लिए 7 वनडे और 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वनडे में उनके नाम 222 रन जबकि टी20 में 180 रन दर्ज हैं। ऋचा ने अपना वनडे डेब्यू ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सितंबर 2021 में किया था। उस मुकाबले में वह 29 गेंदों पर 32 रन बनाकर नाबाद लौटीं थीं। ऋचा ने ऑस्ट्रेलिया की महिला बिग बैश लीग में होबार्ट हरिकेंस की ओर से भी खेला है। मिताली ने जब ऋचा से पूछा कि वह किसे अपनी प्रेरणा मानती हैं, तो इस पर इस दाएं हाथ की बल्लेबाज ने कहा, ह्वपहले मैं अपने पापा को फॉलो करती थी। मैंने शुरूआत पापा के साथ ही खेलकर की थी। वह भी पहले खेलते थे। उसके बाद जब मैंने धीरे-धीरे इंडिया का मैच देखना शुरू किया, तो मैंने मैंने धोनी को फॉलो करना शुरू किया

# विराट के सौवें टेस्ट के लिए मोहाली में मौजूद रहेंगे गांगुली



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरव गांगुली शुक्रवार से श्रीलंका के खिलाफ मोहाली में शुरू हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में मौजूद रह सकते हैं। इस मैच में उतरते ही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। इसी वजह से बीसीसीआई ने इस मैच में 50 फीसदी दर्शकों के प्रवेश की भी अनुमति दी है। इससे पहले प्रशंसकों के मन में यह सवाल उठ रहा था कि बोर्ड अध्यक्ष गांगुली इस मैच में रहेंगे या नहीं क्योंकि पिछले दिनों विराट और गांगुली के बीच मतभेद सामने आये थे। कोहली ने कप्तानी को लेकर गांगुली के दावों को गलत बताया था। इस मामले में विराट को नोटिस दिये जाने तक की तैयारी हो गयी थी।

वहीं गत दिनों परिवार के साथ छुट्टियां मनाने लंदन गए गांगुली गुरुवार को चंडीगढ़ वापस लौटै। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर करके इसकी जानकारी दी। ऐसे में मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार गांगुली मोहाली में कोहली के 100वें टेस्ट मैच में शामिल होंगे। इन दोनो के बीच भारतीय टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले विवाद उठा था। गांगुली का कहना था कि उन्होंने कोहली से टी20 की कप्तानी नहीं छोड़ने के लिए कहा था, जबकि विराट ने इस दावे को गलत करार दिया था।

# महिला एकदिवसीय विश्वकप शुक्रवार से शुरू होगा

मुम्बई, एजेंसी। महिला विश्व कप एकदिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट शुक्रवार से न्यूजीलैंड में शुरू होगा। इस 12वें विश्कप कप का सभी टीमों को बेसब्री से इंतजार है। इस टूनार्मेंट की शुरूआत मेजबान टीम न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले मुकाबले से होगा। वहीं पिछले बार की उपविजेता भारतीय टीम का पहला मुकाबला 6 मार्च को परंपरा-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से होगा। इस विश्व कप में मेजबान कीवी टीम सहित आठ टीमें खिताब के लिए आमने-सामने होंगी। इसके लिए मेजबान टीम ने पहले ही क्वालिफाई कर लिया था जबकि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और भारत ने साल 2017 से लेकर 2021 तक खेली गई महिला चैंपियनशिप में शीर्ष 5 में रहते हुए प्रवेश हासिल किया है। वहीं बची हुई तीन टीमों का फैसला क्वालिफायर रद्द होने के कारण एकदिवसीय रैंकिंग से हुआ।

गौरतलब है कि कोविड-19 की वजह से यात्रा प्रतिबंधों को देखते हुए पिछले साल नवंबर-दिसंबर में जिम्बाब्वे में खेला जाने वाले विश्व कप क्वालिफायर नहीं हो पाया था। इसके बाद बाकी तीन टीमों का फैसला एकदिवसीय रैंकिंग के आधार पर किया गया। इस प्रकार पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश को अवसर। वहीं श्रीलंका, थाईलैंड और आयरलैंड की महिला टीमें विश्व कप में प्रवेश हासिल नहीं कर पायी हैं। बांग्लादेश की टीम पहली बार विश्व कप में खेलेगी।

विश्वकप के पहले मुकाबले में पांच मार्च को ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमों के बीच मुकाबला होगा। वहीं 13 मार्च को न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलियाई महिला टीमों के बीच टक्कर होगी। इस दौरान अंतिम राउंड रॉबिन मुकाबला 28 मार्च को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा. आईसीसी महिला विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल मैच 30 और 31 मार्च को खेले जाएंगे। जबकि 3 अप्रैल को खिताबी मुकाबला होगा। जाएगा। इसके साथ ही अगर बारिश के कारण रिजर्व-डे के दिन मैच नहीं हुआ तो फाइनल में पहुंचने वाली टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया जाएगा।

**शीर्ष-4 टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी**

महिला विश्व कप में हर टीम एक दूसरे के खिलाफ मैच खेलेगी। शीर्ष-4 में रहने वाली टीमें सेमीफाइनल में एंट्री करेंगी. सेमीफाइनल में पहले स्थान पर रहने वाली टीम चौथे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेगी, जबकि दूसरे नंबर पर रहने वाली टीम का मुकाबला तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा।

**विजेता टीम को मिलेंगे दो अंक**

मैच में विजेता टीम को 2 अंक दिए जाएंगे। वहीं अगर मैच टाई रहता है तो दोनों टीमों को 1-1 अंक मिलेंगे। राउंड रॉबिन स्टेज के दौरान टाई रहे मैच के लिए सुपर ओवर नहीं होगा। अगर राउंड रॉबिन मुकाबलों के दौरान 2 टीमों के अंक बराबर होते हैं तो उनमें से बेहतर नेट रन रेट वाली टीम को प्रवेश मिलेगा पर यदि दोनों टीमों का नेट रनरेट भी टाई रहता है तो फिर हेड टू हेड मुकाबलों के आधार पर टीम क्वालिफाई करेगी। वहीं सुपर ओवर केवल सेमीफाइनल और फाइनल मैच के टाई रहने पर ही खेला जाएगा।

**छह स्थलों पर खेले जाएंगे मैच**

महिला क्रिकेट विश्व कप के मैच 6 स्थलों पर खेले जाएंगे। यह स्थल हैं ऑकलैंड, क्राइस्टचर्च, डुनेडिन, हैमिल्टन, माउंट मॉनमानुगई और वेलिंगटन. वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल मैच वेलिंगगटन और क्राइस्टचर्च। फाइनल मैच वेलिंगटन में खेला जाएगा।

**डीआरए भी रहेगा**

महिला विश्व कप मैचों के दौरान डीआरएस (डीआरएस) प्रणाली का इस्तेमाल किया जाएगा। हर टीम को पारी के दौरान 2 रिव्यू मिलेंगे। इससे पहले साल 2017 में इंग्लैंड में खेले गए महिला क्रिकेट विश्व कप के दौरान भी डीआरएस का इस्तेमाल किया गया था।

# ऑस्ट्रेलियाई टीम ने रावलपिंडी स्टेडियम का मजाक उड़ाया

## यूएई जैसे हैं विकेट : लियोन




रावलपिंडी, एजेंसी। 24 साल बाद पाकिस्तान दौरे पर पहुंची ऑस्ट्रेलियाई टीम को यहां 22 दिन के अंदर तीन टेस्ट मैच खेलने हैं और ये सभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा हैं। कप्तान पैट कमिंस की टीम कोविड-19 महामारी के बाद से ही ऑस्ट्रेलिया के बाहर पहली बार कोई सीरीज खेलेगी। टेस्ट सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने रावलपिंडी स्टेडियम का मजाक भी उड़ाया है।

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों के अनुसार रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम पिच पर कम घास थी और प्रसारकों ने पिच की तस्वीर को एडिट करके उस पर रास्तों के नाम और फुटपाथ बनाया हैं। ये तस्वीर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने कहा कि विकेट संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के जैसे दिखते हैं जबकि उन्हें एक अच्छे बल्लेबाजी ट्रैक की उम्मीद है। लियोन ने कहा, ह्वह्वहमारे पास सभी विभागों में अच्छे खिलाड़ी हैं। हम जो भी टीम उतारेंगे मुझे पूरा विश्वास है कि वह अच्छी और सकारात्मक क्रिकेट खेलेगी ।ह्वह्व 24 वर्षों में ऑस्ट्रेलिया का पाक का यह पहला दौरा है और दोनों टीम बेनौड-कादिर ट्रॉफी के लिए खेलेंगे, जिसका नाम ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर रिची बेनौद और पाकिस्तान के अब्दुल कादिर के सम्मान में रखा गया है। साल 1998 के बाद से ऑस्ट्रेलिया टीम पहली बार पाकिस्तान दौरे पर पहुंची है।

# कोहली ने भारतीय महिला टीम का उत्साह बढ़ाने अपील की

## पाक से होगा पहला मुकाबला



मोहाली, एजेंसी। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने प्रशंसकों से आईसीसी महिला विश्वकप के लिए भारतीय महिला टीम का मनोबल बढ़ाने की अपील की है। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले सोशल मीडिया पर प्रशंसकों से भारतीय महिला टीम का उत्साह बढ़ाने को कहा है। विराट ने ट्वीट किया, ह्व वीमेन इन ब्लू का उत्साह बढ़ाने और हमारे ब्लू बंधन की ताकत दिखाने का इससे बेहतर और कोई समय नहीं हो सकता, क्योंकि यह आईसीसी महिला विश्व कप 2022 का समय है ।ह्व भारतीय टीम विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत पाक से मुकाबले के साथ करेगी।

भारतीय महिला टीम पिछले विश्वकप की उपविजेता रही थी। इसलिए मौजूदा विश्व कप में भारतीय टीम भी पदक की प्रबल दावेदारों में शामिल है। वहीं न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश सहित कुल 8 टीमें इस विश्वकप में भाग ले रही हैं। टूनार्मेंट राउंड राबिन के तहत खेला जाएगा। इसमें भाग ले रहीं सभी टीमें कम से एक बार एक-दूसरे से खेलेगी। इसमें शीर्ष की 4 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। इसका खिताबी मुकाबला 3 अप्रैल को खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी विश्व कप सबसे ज्यादा 6 बार जीता है। इसके बाद इंग्लैंड की टीम 4 बार जीत के साथ दूसरे नंबर पर है।



# नई नवेली दुल्हन के लिए किचन टिप्स

**ससुराल की किचन क्वीन बनना चाहती हैं, तो खाना बनाने की ये टिप्स आप के बेहद काम आएंगे... शादी के बाद हर लड़की की एक ही चिंता होती है कि कहीं खाना बनाने में कोई ऐसी गड़बड़ न हो जाए, जिस से ससुराल वाले नाराज हो जाएं. आप की इस टेंशन को दूर करने में ये टिप्स मददगार साबित होंगे:**

- दही पतला करना हो तो उस में पानी की जगह दूध मिलाएं।
- कसूरीमेथी को तवे पर हलका भून कर डालें।
- घर पर पनीर बनाएं तो बचे पानी का इस्तेमाल मठरी, भठूरे, नान का मैदा गूंधने में करें।
- कोफ्ते बनाते समय सूखा आलूबुखारा या इमली डाल कर रोल करें।
- डोसा बनाने वाले तवे पर रात को ही तेल लगा कर रखें। डोसा चिपकेगा नहीं।
- परांठे की हर परत पर घी लगा कर सूखा आटा बुरकें।
- खीर ज्यादा पतली हो गई हो तो थोड़ा कस्टर्ड पाउडर मिलाएं।
- तंदूरी रोटियां बच गइ हों तो सुबह तवे पर घी लगा कर गरम करें। परांठों का स्वाद देंगी।
- पिसे अनारदाने में नमक मिला कर रखें। कीड़ा नहीं लगेगा।
- राजमा, लोबिया, काले चने, छोले अगर एक कटोरी बना रही हैं, तो उस में 1 कटोरी टोमैटो प्यूरी डालें। ग्रेवी अच्छी बनेगी।
- सब्जी में कच्चा पनीर डाल रही हैं तो उसे हलदी मिले पानी में 15 मिनट भिगो कर डालें।
- पुलाव के लिए नमक डाल कर चावल उबालें। सब्जियां फ्राई करें। मिक्स कर लें। पुलाव खिलाखिला बनेगा।
- आटा गूंधने का समय न हो तो आटे को भिगो कर रख दें। 15 मिनट बाद घी का हाथ लगा कर मसलें। 2 मिनट में आटा तैयार हो जाएगा।
- आलू का बोंडा, गोभी, पनीर के पकौड़े बनाते समय बेसन के घोल में चुटकी भर मीठा सोडा डालें। पकौड़े क्रिस्पी बनेंगे।
- आलू उबाल कर फ्रिज में रखें। मनपसंद आकार में काट कर सुनहरा तल लें। मीठीखट्टी चटनी के साथ परोसें।
- पोहा पानी में भिगो दें। दूध उबालें उस में पोहा, चीनी और ड्राईफ्रूट्स डालें। झटपट खीर तैयार है।
- मीठी चटनी में कृत्रिम रंग न डालें। थोड़ी देगीमिर्च डाल दें।
- कुल्फी बनाते समय चुटकी भर मीठा सोडा दूध में डालें। मलाई नहीं आएगी।
- गैस स्टोव पर घी की परत जम जाए तो उस पर सोडा बुरकें और रगड़ कर साफ कर लें।
- रसोई का काम निबटाने के बाद गीले हाथों पर आटा या बेसन मलें। सारा मैल उतर जाएगा।
- मीठी चटनी बनाएं तो उस में चुटकी भर नमक डालें। चटपटी चटनी बनाएं तो 1/2 चम्मच चीनी डालें।

# ऐसे करें नए बेबी का स्वागत



**आजकल प्रति माह बच्चे का जन्म दिन मनाया जाना तो आम बात है पर इसके अतिरिक्त आप कुछ अन्य उपायों से भी अपने बच्चे के आगमन को यादगार बना सकते हैं.**

### यादों की डायरी बनाएं

प्रग्नेंट होने के दिन से ही आप एक डायरी बनाएं जिसमें इस अवस्था के अनुभवों को शेयर कीजिये। प्रतिदिन के अपने अनुभवों के साथ साथ आप इसमें अपने शरीर में होने वाले बदलावों, खान पान की आदतों में परिवर्तन, और गर्भ में होने वाले अनुभवों के बारे में विस्तार से लिखें। इसी डायरी में बेबी के जन्म के बाद के घटनाक्रम को अंकित करें मसलन उसके करवट लेने, चलने, खड़े होने, पलटने, बैठने, खड़े होने,चलने और दांत निकलने जैसी तमाम यादों को फोटो और उनकी तिथि लिखने के साथ साथ फोटोज भी लगाएं।

### बेबी नर्सरी प्लान करें

आने वाले बच्चे के लिए घर में अपने पार्टनर के साथ मिलकर क्यूट सी एक नर्सरी बनाएं। इसमें आप रंग बिरंगे खिलौने फ्लोरल मोटिफ के साथ साथ छोटे छोटे टेडीबियर और आवाज वाले खिलौनों को स्थान दें।

### खुशी को शेयर करें

परिवार में नए सदस्य का आगमन सोचकर ही मन खुशी से भर उठता है यदि आप इस खुशनुमा अवसर पर अकेले हैं तो अपनी खुशी को दोस्तों और नाते रिश्तेदारों के साथ जमकर शेयर कीजिये। केवल फोन पर शेयर करने के स्थान पर आप इस खुशी को शेयर करने के लिए आप स्वयम अपना ऑनलाइन ई कार्ड डिजाइन करके व्हाट्सअप पर शेयर करें। आप चाहें तो इस अवसर पर अपने घनिष्ठ मित्रों के साथ एक छोटी सी पार्टी भी प्लान कर सकतीं हैं।

### बेबी बंप से करें बातें

अपने आने वाले बेबी से बातें करने के लिए बेबी बंप को सहलाएं, बेबी के मूवमेंट को महसूस करें, और हर स्टेज की फोटो लेकर इस अवस्था को अविस्मरणीय बनाएं।
पहले के जमाने मे जहां बेबी बंप को लेकर महिलाओं में झिझक होती थी वही आज बेबी बंप महिलाओं के लिए गर्व की बात है जिसे लेकर पति पत्नी दोनों ही बहुत उत्साहित होते हैं। आजकल तो प्री बेबी शावर शूट का चलन है जिससे इस अवधि को यादगार बनाया जा सकता है।

### ये तैयारी भी करें

बेबी के फुटप्रिंट लेने के लिए एक सफेद सूती कपड़ा और कोई हल्का सा रंग लाकर रखें ताकि आप अपने नन्हे पैरों का प्रिंट ले सकें। आजकल फुटप्रिंट लेने के लिए ऑनलाइन किट मिलती है जिससे आप बड़ी आसानी से बेबी के फुटप्रिंट ले सकतीं हैं। इसके अतिरिक्त आप आटे या प्लास्टर ऑफ पेरिस से भी फुटप्रिंट ले सकतीं हैं। इन्हें यादगार बनाने के लिए आप इसे आगे चलकर फ्रेम करवा लें।

### नाम सोचकर रखें

बच्चे के आगमन से पूर्व उसका नाम अवश्य सोच लें क्योंकि नाम के अभाव में बच्चे को देखने आने वाले आगन्तुक किसी भी नाम से उसे पुकारना प्रारम्भ कर देते हैं जिससे कई बार उसका नामकरण ही वह उल्टा सीधा नाम ही हो जाता है। यदि आप पहले ही कोई नाम सोचकर रखते हैं तो सभी उसे उसी नाम से पुकारते हैं।

# हाउसवाइफ हैं तो ध्यान दें

**इन पांच तरीकों से हाउसवाइव्स भी कर सकती हैं अपना फाइनैंशियल फ्यूचर सिक्योर. भारत में ऐसी हाउसवाइव्स की तादाद बहुत ज्यादा है जो पूरी तरह अपने पति पर निर्भर हैं और किसी भी तरह के वित्तीय फैसलों में उनकी भागीदारी न के बराबर हैं. इसके बावजूद वह घर की मैनेजर होती हैं और उनकी जिम्मेदारी अपने घर के बजट को मैनेज करने की होती है.**



### मनी फ्लो मैनेजमेंट

ज्यादातर घरों में हाउसवाइव्स केवल ग्रॉसरी की खरीदारी तक ही सीमित हो जाती हैं। लेकिन हाउसवाइव्स को इसके आगे बढ़ते हुए फाइनेंस को मैनेज करने का तरीका पता होना चाहिए। इससे पता चलेगा कि कहां आपको ज्यादा खर्च करना है और कहां बचाना है। और यह कोई रॉकेट साइंस नहीं और न ही इसके लिए किसी एक्सपर्ट की सलाह की जरूरत है। आप इसे खुद से या अपने पति के सलाह से भी कर सकती हैं।

### खर्च कंट्रोल करना

अब जब आप मनी फ्लो मैनेजमेंट करना जान गईं हैं तो अब बारी है खर्चों पर कंट्रोल करने की, जैसे- अगर आपके घर का बिजली का बिल 2 हजार हर महीने आता है तो आपको सोचने की जरूरत है कि कैसे आप इसे कम कर सकती हैं। अगर आप हर रोज वॉशिंग मशीन का इस्तेमाल करती हैं तो हफ्ते में 3-4 दिन ही इस्तेमाल करें। ऐसी ही कई चीजों का ध्यान रखकर आप खर्चों में कटौती कर सकती हैं।

### बचत, बचत और सिर्फ बचत

हमेशा पैसों की बचत के बारे में सोचें। इसके लिए सबसे पहला कदम है एक अकाउंट खोलना। इसके अलावा आप सरकार की ओर से चलाई जा रही जीवन ज्योति जैसी तमाम तरह की योजनाओं में भी अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर फायदा उठा सकती हैं। आप चाहें तो महंगी ब्रांडेड दवाओं की जगह सस्ती जेनेरिक दवाओं का इस्तेमाल करके भी पैसे बचा सकती हैं।

### घर बैठे कमाएं पैसे

अगर आप पढ़ी लिखी हैं इसके बावजूद घर की जिम्मेदारियों के चलते आप अपने पति की कोई मदद नहीं कर पा रही हैं तो घर बैठे पैसे कमाने की तरकीब ढूंढना शुरू कर दें। आप फ्रीलांसर की तरह काम कर सकती हैं। इसके अलावा अगर आपकी पेंटिंग, डांसिंग, टीचिंग जैसी कोई हॉबी है तो आप इसके लिए अलग से क्लास चला सकती हैं और घर में क्लास लेकर पैसे कमा सकती हैं।

### निवेश करें

निवेश की पहली सीढ़ी है बचत। अगर आप हर महीने पैसे बचाती हैं तो आपको सोचना चाहिए कि महंगाई को काटते हुए कैसे आप अपने पैसे को बढ़ा सकती हैं। कभी भी पैसे को अकाउंट में या घर पर भी खाली पड़े नहीं देना चाहिए। उसे फिक्स या फिर रिकरिंग डिपॉसिट में निवेश करना चाहिए। अगर आपका पैसा 10 हजार से बढ़कर 11 हजार भी हो जाता है तो यह एक फायदे का सौदा है।

# मुलेठी पाउडर का फेस पैक

## स्किन को करें टाइट

**चेहरे पर काली झाइयां, झुर्रियां, डार्क सर्कल्स आपकी खूबसूरती में बदसूरती के दाग पड़ने लगते हैं। इसके बाद आप कितने भी क्रीम पाउडर लगा लें आपको किसी तरह से आराम नहीं मिलेगा। या थोड़ी देर में ही क्रीम पाउडर भी खत्म हो जाता है। लेकिन नानी मां का एक नुस्खा है जो आपकी त्वचा का ग्लो भी बढ़ाएगा और स्किन को टाइट भी करेगा। तो आइए जानते हैं मुलेठी पाउडर के फेस पैक के बारे में कैसे बनता है और कैसे लगाएं और फायदे –**



### मुलेठी पाउडर का फेस पैक कैसे बनाएं

सामग्री - 2 चम्मच मुलेठी पाउडर, शहद (अगर स्किन ड्राई है तो शहद नहीं मिलाएं) और गुलाबजल।
विधि - तीनों को अच्छे से मिक्स कर लें और चेहरे पर लगा लें। ध्यान रहे इसे लगाने के बाद कोई हलचल नहीं करें। इसे लगाकर सो जाए। जब तक वह पूरी तरह से सूख नहीं जाता है। सप्ताह में दो बार इस फेस पैक को लगाएं।
मुलेठी फेस पैक के फायदे
- डेड स्किन को निकालता है।
-स्किन पोर्स को साफ करता है।
-स्किन टाइट होती है।
-फुंसी, पिंपल और मुहांसों से छुटकारा मिलता है।
- स्किन की गहराई तक सफाई करता है।

# हाइड्रोजन पेरोक्साइड से साफ करें घर

**घर को साफ रखने के लिए आप कितनी मेहनत करती हैं। पर कुछ जिद्दी दाग ऐसे होते हैं, जो साफ ही नहीं होते। घर को साफ रखने के लिए आप कितनी मेहनत करती हैं। पर कुछ जिद्दी दाग ऐसे होते हैं, जो साफ ही नहीं होते। पर हाईड्रोजन पेरोक्साइड से घर के कई चीजें साफ हो सकती हैं। आपने हाईड्रोजन पेरोक्साइड से पेडीक्योर करते सुना होगा, पर इससे घर की बहुत सी चीजें भी साफ की जाती हैं।**



### इन चीजों को साफ करें हाईड्रोजन पेरोक्साइड से

**चौपिंग बोर्ड**

चौपिंग बोर्ड पर रॉ मीट काटने के बाद उसे हाईड्रोजन पेरोक्साइड से साफ करें। चौपिंग बोर्ड से बैक्टीरिया भी क्लीन हो जाएंगे। हल्का सा नमक लगाकर धो लें और धूप में सुखायें।

**आपका टूथब्रश**

आप टूथब्रश से अपने दांतों की सफाई करते हैं। जाहिर सी बात है कि आपका टूथब्रश भी कीटाणु से भरा होगा। आप हर दिन उसी टूथब्रश से अपने दांतों की सफाई करते हैं। अपने टूथब्रश को कुछ दिनों के अंतराल पर जरा से हाईड्रोजन पेरोक्साइड में डूबा कर रखें। इससे आपके टूथब्रश से कीटाणु की मात्रा कम हो जाएगी।

**पौधों को फंगस से बचाये**

आप हाईड्रोजन पेरोक्साइड से पौधों की सफाई नहीं कर सकतीं। पर पौधों को फंगस से जरूर बचा सकती हैं। 30ml हाईड्रोजन पेरोक्साइड को 1 कप पानी में मिलायें और इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालें। पौधों पर रोजाना स्प्रे करें। पौधे फंगस फ्री रहेंगे।

**बच्चों के कमरे की सफाई**

4:1 के रेशियो में हाईड्रोजन पेरोक्साइड और पानी को स्प्रे बोटल में भर लें। अब इससे बच्चों के कमरे में रखे खिलौनों, डोरनोब, कार्पेट आदि को डिसइन्फेक्ट करें। कार्पेट पर स्प्रे करने से पहले इसे कार्पेट के एक कोने पर ट्राई जरूर कर लें।


**वाशिंग मशीन**

टूथब्रश की तरह ही हाईड्रोजन पेरोक्साइड का इस्तेमाल आप किसी भी ऐसी चीज को साफ करने के लिए कर सकते हैं, जिससे दूसरों को चीजों को साफ किया जाता है। 1 कप हाईड्रोजन पेरोक्साइड डिटरजेंट कंपार्टमेंट में डालें। और मशीन को एक लंबे साइकल के लिए चला दें।

**टी-शर्ट**

हमारे कपड़ों पर पसीने के दाग लग जाते हैं। आप टी-शर्ट से पसीने के दाग को भी हाईड्रोजन पेरोक्साइड की मदद से हटा सकती हैं।

# कार्पेट खरीदने से पहले जरूर पढ़ लें ये टिप्स



**कार्पेट खरीदने से पहले कार्पेट खरीदने के कुछ टिप्स जानना बेहद जरूरी है। तो चलिए हम आपको कार्पेट खरीदने के टिप्स बता रहे हैं। घर के लिए अच्छा कार्पेट खरीदना मुश्किल कामों में से एक होता है। कारण बाजार में अनेक रंगों, सामग्री और अनेकों डिजाइन में उपलब्ध कार्पेट हैं। कालीन या कार्पेट से बच्चों को खेलने के लिए आरामदायक और सुरक्षित फर्श मिलता है। कार्पेट खरीदने से पहले कार्पेट खरीदने के कुछ टिप्स जानना बेहद जरूरी है। कुछ कार्पेट्स को नियमित रूप से साफ करना आवश्यक होता है जो कि व्यस्त दिनचर्या में बहुत मुश्किल है। बेकार कार्पेट्स का रंग छूटता है, ये खराब जल्दी होती हैं और इनमें लगे दागों को हटाना भी मुश्किल होता है। आप पैसा खर्च कर रही हैं इसलिए जरूरी है कि अच्छी चीज खरीदें। तो चलिए हम आपको कार्पेट खरीदने के टिप्स बता रहे हैं।**

**कार्पेट की गद्दी अच्छी हो**

कार्पेट के नीचे भराव या गद्दीदार परत रखें। कार्पेट के लिए अच्छी भराव सामग्री चुनें। इससे फर्श के साथ कुछ परेशानी होने पर भी यह जल्दी नहीं उधड़ती है। रबर या फोम की भराव सामग्री लें। अनेक प्रकार के कार्पेट स्टाइल देखें ऐसी कार्पेट चुनें जो कि आपकी स्टाइल के अनुसार हो। कुछ कार्पेट्स पर पैरों के निशान, वैक्यूम के निशान आदि रह जाते हैं, जैसे मखमल की कार्पेट्स। सेक्शन कार्पेट्स काफी सामान्य कार्पेट्स हैं जिन्हें ऐसी जगह बिछाया जा सकता है जहां लोग कम आते-जाते हैं जैसे कि लिविंग रूम, मास्टर बेड रूम आदि।

**कैसी कार्पेट चुनें**

ऐसी कार्पेट चुनें जिसमें कोई वाष्पशील पदार्थ ना हो जैसे कि फोरमलडेहाइड या अन्य कोई केमिकल जो कि इन्स्टालेशन के बाद एक विशेष बदबू दे। ऊन या जैविक सामग्री जैसे प्राकृतिक उत्पादों से बने कार्पेट्स चुनें।

**मेंटेनेंस की जरूरत को भी समझें**

ऐसी कार्पेट चुनें जिसमें कम मेंटेनेंस खर्च कम हो और सावधानी भी कम रखनी पड़े। दाग प्रतिरोधक कार्पेट चुनें और ज्यादा भारी मेंटेनेंस खर्च वाली कार्पेट्स को छोड़ दें। वारंटी पर भी ध्यान दें किसी कार्पेट को सिर्फ इसलिए नहीं खरीदें कि उसकी लंबी वारंटी है। कार्पेट्स की सबसे बड़ी समस्या उसका मैनुफैक्चरिंग डिफेक्ट नहीं बल्कि गलत इन्स्टालेशन होता है।

**पैसा खराब ना करें**

ऐसा नहीं है कि महंगी कार्पेट्स आरामदायक होते हैं। उस पर खर्च करने लायक कीमत और इन्स्टालेशन चार्ज ध्यान से देख लें, ये तुलना आप विभिन्न डीलर्स के पास कर सकती हैं। यह कार्पेट खरीदने का सबसे अच्छा तरीका है। कार्पेट प्रोवाइडर का चुनाव ध्यान से करें। आप कहां-कहां से कार्पेट खरीद सकती हैं इसके सभी विकल्पों पर ध्यान दें। ऐसे स्टोर से खरीदें जहां बहुत वैराइटी हो और आपके बजट में सूट करे।

**आज की रेसिपी**

## राजमा चावल

**सामग्री :**

- 175 ग्राम चावल उबलाकर पानी निकला हुआ
- 4 टेबल स्पून तेल
- 1 हरी शिमला मिर्च, टुकड़ों में कटा हुआ
- 1 लाल शिमला मिर्च, टुकड़ों में कटा हुआ
- 2 प्याज, टुकड़ों में कटा हुआ
- 2 हरी मिर्च, डी-सीड और कटी हुई
- 3 टमाटर, मोटेतौर पर कटा हुआ
- 100 ग्राम राजमा पका हुआ
- 1 टेबल स्पून ताजा तुलसी के पत्ते
- 1 टी स्पून ड्राई थाइम (या आप अजवाइन का भी उपयोग कर सकते हैं)
- 1 टी स्पून पेपरिका (लाल मिर्च या चिली फलेक्स)
- 1/2 टी स्पून लहसुन पाउडर
- 1/2 टी स्पून कालीमिर्च क्रश
- 1/2 टी स्पून ड्राई प्याज का पाउडर

**विधि :**

- एक पैन में तेल गरम करें.
- प्याज, लाल मिर्च और शिमला मिर्च को नरम होने तक फ्राई करें.
- मिर्च और टमाटर डालें और 2 मिनट तक पकाएं.
- राजमा और चावल के साथ मिक्स.
- हर्ब और मसाले डालें
- अच्छी तरह से मिलाएं
- बैजल के पत्ते डालकर से गार्निश करें.



# दिसंबर की छुट्टियां मनाएं...

**दिसंबर का महीना और सर्दियों का मौसम। साल भर से बचाई हुई छुट्टियों को इनवेस्ट करने का वक्त आ गया है। दिसंबर का महीना और सर्दियों का मौसम। साल भर से बचाई हुई छुट्टियों को इनवेस्ट करने का वक्त आ गया है। ऑफिस में डालिए एप्लिकेशन और साल के आखिरी वक्त को जी भर के ऐंजॉय कीजिए। हमारे देश के ऐसे कई हिस्सें हैं जो सर्दियों में और भी खूबसूरत हो जाते हैं। तो बस, बैग पैक करिए और सोलो या फिर फैमिली ट्रिप पर निकल पड़िए।**



### जम्मू कश्मीर

वादि की खूबसूरती किससे छुपी है? दिसंबर की बर्फबारी का मजा लेने के लिए और ग्लेसियर के अद्भुत नजारों के लिए सोनमर्ग का रुख कीजिए। स्लेज राइड हो या फिर स्कींग। अगर आपको एडवेंचर पसंद है तो आप यहां जरूर जायें।

### शिलांग

दिसंबर में यह जगह जन्नत सरीखी हो जाती है। यहां के उन्मगोत नदी का पानी इतना साफ है की पानी पर चल रही नाव हवा पर चलती हुई लगती है। यहां पर आप नदी के अलावा ताइसीम फेस्टीबल, बाघमारा, पिंजेरा फेस्टीबल, तुरा विंटर फेस्तीबल के भी मजे ले सकती है।

### हिमाचल प्रदेश

डलहाउजी की खूबसूरती सर्दियों में और बढ़ जाती है। सर्द हवायें, बर्फ से ढके पहाड़। ये नजारे आपकी चिंताओं को कुछ देर के लिए तो जरूर दूर कर देंगे। इसके अलावा आप यहां नेशनल हिमालयन विंटर ट्रेकिंग एक्सपीडिशन का हिस्सा भी बन सकती हैं।

### शिमला

दिसंबर में आप पहाड़ों की रानी को मिस नहीं कर सकती। हनीमून के लिए आईडल शिमला में थोड़ी भीड़-भाड़ है। पर आप चैल टाउन जाकर सुकून के कुछ पल जरूर बिता सकती हैं।

### उत्तराखंड

बर्फ से ढके नीलकंठ, माना पर्वत और नंदा देवी की पहाड़ियां एक अलग एहसास दिलाती है। आप यहां आकर खुद को आजाद महसूस करेंगी। यहां आप स्कींग सीख भी सकती हैं और अगर आपको स्कींग आती है तो आप नेशनल चैंपियनशीप ऑफ स्कींग में हिस्सा जरूर लें।



### लेह-लदाख

हर बाइकर का सपना होता है कि वह जिन्दगी में एक बार लेह लद्दाख जरूर जाए। यहां पर देश का इकलौता फ्रोजन आइस ट्रेक है। ट्रेकिंग के शौकिनों के लिए दिसंबर में लेह-लद्दाख जाना बेस्ट रहेगा। क्या आप बर्फ पर बैठकर चाय की चुस्की लेने का जज्बा रखती हैं। तो यहां का रुख करें।